RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 30
फरीदाबाद, सोमवार, 04 मार्च, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत
पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 23.00°C
न्यूनतम 10.00°C

## क्विक न्यूज

### पीएम अगले 10 दिनों में 12 राज्यों का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों के हवाले से बताया कि पीएम मोदी अगले 10 दिनों में तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। पीएम मोदी सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन करेंगे। इसके बाद वो तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

### स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी रिमांड पर



**दुमका।** स्पेन की पर्यटक से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को झारखंड के दुमका जिले की स्थानीय अदालत के समक्ष रविवार को पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि स्पेन की महिला से कथित दुष्कर्म राज्य की राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुमरुमाहाट में शुक्रवार को तब हुआ, जब वह रात अपने पति के साथ एक तंबू में बिता रही थी। दुमका के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा, दूतावास और मुख्य सचिव को सूचित कर दिया गया है। दंपति यहां सुरक्षा में है। उन्होंने बताया कि 28 वर्षीय महिला और उसका 64 वर्षीय पति दो मोटरसाइकिल के जरिए बांग्लादेश से दुमका पहुंचे थे और बिहार के रास्ते नेपाल जा रहे थे।

# आप-कांग्रेस गठबंधन हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा : सुशील गुप्ता

### हर कोई जानता है कि पिछले महीने चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में क्या हुआ : गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**आम** आदमी पार्टी (आप) की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने रविवार को विश्वास जताया कि आप-कांग्रेस गठबंधन राज्य की सभी 10 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा। गुप्ता ने दावा किया कि लोग केंद्र और हरियाणा, दोनों जगह बदलाव चाहते हैं। आप और कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल हैं जिसका गठन आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने के लिए किया गया है। दोनों दलों ने एक सप्ताह पहले दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा के लिए सीट बंटवारे की घोषणा की थी। समझौते के तहत आप ने गुप्ता को कुरुक्षेत्र से मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस हरियाणा की शेष नौ सीट पर चुनाव लड़ रही है।

दोनों दलों के बीच समझौते के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, हम सभी 10 सीट जीतेंगे।

उन्होंने कहा, दोनों दलों का प्रत्येक कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहा है। इसके अलावा हमें (भूपिंदर सिंह) हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, किरण चौधरी, कुमारी सेलजा और कुरुक्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय नेताओं का पूरा समर्थन मिल रहा है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने हरियाणा की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। पिछले वर्ष सांसद रतन लाल कटारिया के निधन से अंबाला सीट रिक्त है। गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र में धर्म युद्ध होगा। उन्होंने कहा, यह भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा, उन्होंने (भाजपा) किसानों के साथ जो किया, उसके खिलाफ और मादक पदार्थ के खतरों के खिलाफ होगा। गुप्ता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, वे लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं। हर कोई जानता है कि पिछले महीने चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में क्या हुआ। बेरोजगारी राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा है। लोग यह भी देख रहे हैं कि भाजपा कैसे विपक्षी नेताओं पर निशाना साध रही है।

## ओडिशा : पांच बार के विधायक अरबिंद धाली भाजपा में शामिल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा के पांच बार के सदस्य अरविंद धाली रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। एक दिन पहले ही उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दिया था। धाली अपने समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में भुवनेश्वर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और सांसद अपराजिता सारंगी एवं अन्य की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। पूर्व विधायक मुकुंद सोदी ने भी बीजद से इस्तीफा दे दिया था।

### पंधेर ने की घोषणा, देशभर से किसान आएंगे, शंभू-खनौरी बॉर्डर पर बैठेंगे

# किसान छह मार्च को दिल्ली जाएंगे, 10 को ट्रेन रोकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब**-हरियाणा के शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान छह मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। 10 मार्च को दोपहर 12 से 4 बजे तक देशभर में ट्रेनें भी रोकी जाएंगी। ये ऐलान किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने रविवार (3 मार्च) को बठिंडा में शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास के दौरान मंच से किया। पंधेर ने कहा कि हरियाणा-पंजाब के किसान खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ही आंदोलन चलाएंगे, जबकि देश के बाकी हिस्सों से किसान उस दिन दिल्ली पहुंचेंगे। पंजाब में किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा गैर-राजनीतिक के नेता पंधेर ने कहा- 6 मार्च को हरियाणा-पंजाब को छोड़कर दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से दिल्ली पहुंचे। चाहे वे ट्रेन से आएं या फिर पैदल।

सरकार कहती है कि किसान ट्रेन-बस से दिल्ली पहुंच सकते हैं, जबकि दिल्ली जा रहे बिहार-कर्नाटक के किसानों को पुलिस ने ट्रेन से गिरफ्तार कर लिया। 6 मार्च के कूच से साफ हो जाएगा कि सरकार किसानों को बिना ट्रैक्टर ट्रॉली के भी दिल्ली आने देना चाहती है या नहीं। पंधेर ने आगे कहा कि आज तक इतिहास में कभी आंदोलन में ड्रोन का इस्तेमाल नहीं किया गया। सरकार ने बाहर से ड्रोन के जरिए आंसू गैस के गोले दागे। हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर सरकार ने पाकिस्तान और चीन बॉर्डर बना दिए। उन बॉर्डरों पर तार होती हैं, लेकिन सरकार ने पंजाब-हरियाणा के बॉर्डर पर दीवारें ही खड़ी कर दीं। भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन बॉर्डर पर भी कानून होते हैं, लेकिन हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर पर कोई कानून नहीं है। केंद्र सरकार ने 70 हजार फोर्स का इस्तेमाल किया।

वहीं किसान शुभकरण की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसके सिर में धातु के कुछ टुकड़े मिले हैं, जिन्हें असली गोलियों से जोड़ा जा रहा है। पंजाब पुलिस ने यह रिपोर्ट हरियाणा पुलिस को भेजी है। पंजाब पुलिस ने शुभकरण के सिर से मिले धातु को जांच के लिए एक्सपर्ट को भेज दिया है, जिसके जरिए पुष्टि की जाएगी कि यह गोली के हैं या किसी दूसरी वस्तु के। कुछ पुलिस अधिकारियों का यह भी कहना है कि रबर की गोलियों के पीछे भी धातु लगा होता है। ऐसा भी हो सकता है कि हरियाणा पुलिस ने खनौरी बॉर्डर पर रबर की गोलियां चलाई हों और वही शुभकरण के सिर में लगी हों।



### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री टेनी को दोबारा टिकट का विरोध

उधर, किसानों ने उत्तर प्रदेश की लखीमपुरी खीरी लोकसभा सीट से अजय मिश्रा टेनी को दोबारा भाजपा से टिकट मिलने का विरोध जताया। सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि टेनी को टिकट देकर देश के किसान-मजदूर का अपमान किया गया है। किसान मजदूर मोर्चा इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता है। देश के 140 करोड़ लोग इसके लिए भाजपा को जरूर सबक सिखाएंगे। बता दें कि किसान लगातार अजय टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग करते रहे, लेकिन केंद्र ने इसे नहीं माना।

# आसनसोल से भाजपा कैंडिडेट पवन सिंह पीछे हटे, हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास

### खेला होने से पहले खेला हो गया, ये भाजपा का पहला सेल्फ गोल : अभिषेक

**एजेंसी।** नई दिल्ली



भोजपुरी सिंगर पवन सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार, लेकिन किसी कारण वश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा। इस बीच पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें दिल्ली बुलाया है। भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 195 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की। इसमें पवन सिंह को हिन्दी भाषी आसनसोल सीट से प्रत्याशी बनाया गया था। कभी भाजपा में रहे शत्रुघ्न सिन्हा फिलहाल यहां से टीएमसी के सांसद हैं। सिन्हा से पहले सिंगर बाबुल सुप्रियो यहां से भाजपा के दो बार सांसद रह चुके हैं। पवन सिंह के चुनाव लड़ने से इनकार के बाद ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा- खेला होने से पहले खेला हो गया। ये भाजपा का पहला सेल्फ गोल है।


उधर, दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने रविवार को सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया। हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- कृष्णानगर का ईएनटी क्लिनिक मेरा इंतजार कर रहा है। हर्षवर्धन चांदनी चौक से सांसद हैं। पार्टी ने उनकी जगह प्रवीण खंडेलवाल को इस बार टिकट दिया है। भाजपा ने 195 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए। 34 केंद्रीय मंत्रियों को टिकट मिला है। सूची में 28 महिलाएं, 27 एससी, 18 एसटी, 57 ओबीसी नाम हैं। 50 साल से कम उम्र के 47 कैंडिडेट हैं, जिन्हें पार्टी ने युवा कहा है।

## बदरपुर फ्लाईओवर पर तीन व्यक्तियों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। जांच से पता चला कि कार चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और कार फ्लाईओवर पर एक डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर के प्रभाव से कार सड़क के दूसरी ओर गिर गई और ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान राज (21), संजू (38) और दिनेश (22) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायलों में अंशुल (18) की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि नीरज (18), अजित (28) और विशाल (28) की हालत स्थिर है।

## शाहबाज शरीफ दूसरी बार बने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** कराची



**पाकिस्तान** में शाहबाज शरीफ देश के 24वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्हें नेशनल असेंबली में 201 सांसदों का साथ मिला। पीटीआइ समर्थक उम्मीदवार उमर अयूब के लिए 92 सांसदों ने वोट किया। नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा की। प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद शाहबाज शरीफ ने नवाज और सभी सहयोगियों को उन पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद कहा। हालांकि 1 घंटे के 24 मिनट के भाषण की शुरुआत में ही शाहबाज की जुबान फिसल गई। उन्होंने खुद को पीएम की जगह विपक्ष का नेता बता दिया।

भाषण के दौरान शाहबाज ने कहा- इजराइल लगातार गाजा में बमबारी कर रहा है। वहीं कश्मीर में लोगों की हत्या हो रही है। फिलिस्तीनियों और कश्मीरियों पर जुल्म ढाए जा रहे हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय चुप्पी साधे हुए है। हम सबको साथ मिलकर कश्मीर और फिलिस्तीन की आजादी के लिए संसद में एक प्रस्ताव पास करना चाहिए। इससे पहले शाहबाज ने कहा- जब मेरे भाई तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए तो देश में जो विकास हुआ, वह अपने आप में एक मिसाल है। यह कहना गलत नहीं है कि नवाज शरीफ ही हैं, जिन्होंने पाकिस्तान को खड़ा किया है। दूसरी तरफ देश जुल्फिकार अली भुट्टो के बलिदानों को भी कभी भूला नहीं जा सकता। शाहबाज शरीफ ने देश में आतंकवाद और उसकी जड़ों को खत्म करने की कसम खाई।

## ग्रेटर नोएडा के गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल में हादसा

**एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर

**ग्रेटर** नोएडा के ब्लू सफायर मॉल में बड़ा हादसा हुआ है। मॉल के वॉकिंग कॉमन एरिया में अचानक छत से ग्रिल नीचे गिर गई, जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना से मॉल में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए। घटना ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि ग्रिल सीधा मॉल में घूम रहे दो युवकों के ऊपर गिरी, यह इतनी तेजी से गिरी की उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आनन फानन में दोनों युवकों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह दोनों युवक गाजियाबाद के विजयनगर के रहने वाले थे। युवकों की पहचान हरेंद्र भाटी (35) और शकील (35) के रूप में की गई है।

विस्तृत खबर पेज 10 पर...

## जम्मू में लैंडस्लाइड, महिला और तीन बच्चों की मौत

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**जम्मू**-कश्मीर में पिछले तीन तीनों से भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है। इसके कारण जगह-जगह लैंडस्लाइड और एवलांच की घटनाएं हो रही हैं। जम्मू के रियासी में एक कच्चा मकान लैंडस्लाइड के कारण ढह गया। इसमें एक महिला और उसके 3 बच्चों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे रविवार को लगातार दूसरे दिन बंद रहा। रामबन जिले के ढालवास इलाके में लैंडस्लाइड के कारण सड़क पर मलबा जमा है। मुगल रोड पर शनिवार को एवलांच हुआ। यहां फंसे सात ट्रैकरों का मैकेनिकल विभाग ने रेस्क्यू किया। इधर, मैदानी इलाकों में आंधी-बारिश और वज्रपात का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश में शनिवार को बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। झांसी में देर शाम ओले गिरे। राज्य के 50 जिलों में और गरज के साथ आंधी-बारिश का अलर्ट है। पंजाब और हरियाणा में भी कल पूरे दिन बारिश और ओलावृष्टि हुई। हरियाणा के 46 शहरों में रविवार को भी बारिश और ओले का अलर्ट है। मौसम विभाग ने बारिश के साथ 70-60 किलोमीटर की स्पीड से हवाएं चलने की संभावना जताई है।

# पहले आरएसएस, फिर सीईसी करेगी हरियाणा में लोस उम्मीदवारों की लिस्ट पर चर्चा

### सीएम द्वारा भेजे गए नामों पर अभी पेंच फंसा

### जजपा से गठबंधन को भी लेकर होनी है चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में भाजपा के सभी 10 सीटों पर जीत के दावे के बावजूद पहली लिस्ट में नाम नहीं आ सका। बताया जा रहा है कि दो बड़ी वजहों से लिस्ट पर पेंच फंसा है। पहली भाजपा की कोर कमेटी की मीटिंग में लोकसभा प्रत्याशी के नामों पर चर्चा के बाद अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की कोर कमेटी नामों पर मंथन करेगी। इसके लिए छह मार्च को एक अहम बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में भाजपा कोर कमेटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। दूसरी बड़ी वजह बताई जा रही है कि प्रदेश में सत्ता की सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जजपा) के साथ चुनाव लड़ने को लेकर अभी तक केंद्रीय नेतृत्व ने कोई फैसला नहीं किया है।

हालांकि, रेवाड़ी में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने शनिवार को इतना जरूर कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि पार्टी गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ेगी। हाल में नई दिल्ली में हरियाणा चुनाव समिति की बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों के संभावित नामों पर चर्चा हुई थी। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रत्याशियों के नाम जनरल सेक्रेटरी बीएल संतोष को सौंप दिए थे। लेकिन, अभी भी कुछ सीटें ऐसी हैं, जिन पर पेंच फंसा हुआ है। अब आरएसएस इस मामले को सुलझाने का काम करेगी।

बता दें, जिन सीटों पर पेंच फंसा हुआ है, उनमें एक सीट फरीदाबाद की भी है। यहां मौजूदा सांसद कृष्णपाल गुर्जर के अलावा पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल भी टिकट मांग रहे हैं। विगत विस चुनाव में विपुल गोयल की टिकट काटी गई थी। नतीजतन पूरे पांच साल तक विपुल गोयल घर बैठे रहे थे। हालांकि इस सीट से कृष्णपाल गुर्जर का टिकट तय है, क्योंकि गुर्जर केंद्र, राज्य व आरएसएस में अपना काफी ऊंचा कद रखते हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट वैसे तो जाट और गुर्जर बाहुल्य सीट बताई जाती है लेकिन एससी और ओबीसी मतदाताओं की संख्या जाट-गुर्जर के कुल जोड़ से कमतर नहीं है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि छह मार्च को प्रत्याशियों के पैनल पर फाइनल मंथन किया जाएगा। कुछ नामों पर फाइनल मंथन के बाद पैनल को भाजपा सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद वहां चर्चा होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के भी मौजूद रहने की चर्चा है। इस मीटिंग में ही प्रधानमंत्री के सामने फाइनल मुहर लगने के बाद हरियाणा भाजपा प्रत्याशियों की लिस्ट तैयारी की जाएगी। इसके बाद 8 या 9 मार्च को केंद्र की ओर से हरियाणा भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि जजपा के साथ चुनाव लड़ने को लेकर अभी केंद्रीय नेतृत्व की ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है। संभावना यह है कि 6 मार्च से पहले ही इस पर केंद्र में चर्चा होगी। इसमें जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को भी दिल्ली बुलाया जा सकता है। हालांकि, हरियाणा में भाजपा की ओर से केंद्र को जजपा के साथ चुनाव न लड़ने का इनपुट दिया गया है।

## फरीदाबाद में जाट-एससी, ओबीसी और मुस्लिम मिलकर बदलते हैं समीकरण

**फरीदाबाद।** दो जिलों से संबंधित 9 विधानसभा क्षेत्रों वाले फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में जातीय समीकरण हर बार हावी रहता है। करीब छह लाख एससी, ओबीसी और दो लाख मुस्लिम वोट इस जाट-गुर्जर बहुल सीट के चुनाव में अहम भूमिका निभाती हैं। इसका एक कारण यह भी है कि दिल्ली से सटी इस फरीदाबाद लोकसभा सीट पर अब तक मुख्य रूप से कांग्रेस और भाजपा का दबदबा रहा है। यहां क्षेत्रीय पार्टियों की दाल कभी नहीं गली। अब तक यहां छह बार कांग्रेस और पांच बार भाजपा का प्रत्याशी चुनाव जीत चुका है। जबकि एक बार भारतीय लोक पार्टी के उम्मीदवार धर्मवीर वशिष्ठ (ब्राह्मण) चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में जाट, गुर्जर, एससी, मुसलमान, ब्राह्मण, पंजाबी, राजपूत और वैश्य वोटर अधिक हैं। चुनाव का बिगुल बजने से पहले ही विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से जातीय आंकड़े भी तैयार कर चुके हैं। जातीय समीकरण के हिसाब से जाट-गुर्जर वाली इस सीट पर जाट वोटर गुर्जर वोटर से करीब 15 से 30 हजार ज्यादा हैं। ऐसे में विभिन्न पार्टियों के संभावित उम्मीदवारों ने वोटरों के बीच जाना शुरू कर दिया है।

### लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 का जातिगत आंकड़ा

| बिरादरी | | वोटर (लगभग) |
|---|---|---|
| जाट | -- | 3.10 लाख करीब |
| गुर्जर | -- | 2.95 लाख करीब |
| एससी | -- | 3.10 लाख करीब |
| ब्राह्मण | -- | 2.00 लाख करीब |
| मुस्लिम | -- | 2.00 लाख करीब |
| पंजाबी | -- | 1.10 लाख करीब |
| वैश्य | -- | 1.10 लाख करीब |
| राजपूत | -- | 1.00 लाख करीब |
| ओबीसी | -- | 3.00 लाख करीब |

**कुल योग** -- **19.35 लाख करीब**

**नोट :- इस बार नए मतदाताओं के कारण संख्या कुछ बढ़ी है।**



पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 04 मार्च, 2024



## महाशिवरात्रि पर कलश यात्रा से प्रारंभ हुई श्री राम कथा



**फरीदाबाद।** प्राचीन शिव मंदिर राजीव कॉलोनी हार्डवेयर चौक पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राम कथा का भव्य संगीतमय आयोजन किया गया। कलश यात्रा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सैकड़ों माताओं ने कलश लेकर ढोल नगाड़े के साथ गली मोहल्ले से सेक्टर-22 शिव मंदिर तक होकर कथा स्थल पर पहुंचीं, कलश का विधिवत पूजन हुआ। कथावाचक आचार्य सर्वेश पांडे जी महाराज ने मंगलाचरण करके सभी भक्तजनों को कथा का महत्व सुनाया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया। मुख्य यजमान दयाराम उपाध्याय ने सपत्नीक कलश का पूजन किया। गुड़गांव की धरती से पधारे हुए राजेश गुप्ता जी ने महाराज जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सीएम त्रिपाठी, घनश्याम सिंह, बिजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, हरि, गोविंद पाठक, राम प्रसाद आदि उपस्थित हुए।

## आरएस क्रिकेट अकादमी ने हरियाणा अकादमी को 37 रन से हराया

### रविंदर फागना अंडर-17 क्रिकेट अनीश बने मैन ऑफ दा मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सातवीं** ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट रविंदर फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच आरएस क्रिकेट अकादमी और हरियाणा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में आरएस क्रिकेट अकादमी ने हरियाणा क्रिकेट अकादमी को 37 रन से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और आरएस क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया।

आरएस अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 39.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 250 रन का लक्ष्य दिया। आर एस क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अनीश ने 62 गेंदों पर 8 चौकों और छह छक्कों की मदद से 100 रन, रमन बैसोया ने 58 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 27 रन बनाए। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए लव ने 5.5 ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट, सम्मी और इशु धनकर ने 2/2 विकेट, लक्की मेहरा, आयुष लेखरा और भिवानशु ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने 36.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 213 रन बनाकर हार गई। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से सम्मी ने 71 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 48 रन बनाए। आरएस क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आर्यन त्रिपाठी ने आठ ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट, विराट त्यागी आठ ओवर में 37 रन देकर दो विकेट, वैष्णव शर्मा, देव यादव और रिहान ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच अनीश को घोषित किया गया। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि क्रिकेट देखने में जितना मजा आता है, उतना ही फायदा इस खेल को खेलने होता है।

इस खेल से आपको भरपूर एनर्जी, फ्रेश एयर और फ्रेंडली कंपटीशन मिलता है। क्रिकेट के मैदान पर आपको शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से काम करना पड़ता है। जिस वजह से आपकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और आपका संतुलन, गति और फुर्ती बढ़ती है। ये एक ऐसा खेल है, जिसे खेलते रहने पर आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई चिंता करने की जरूरत नहीं होती है। वास्तव में इस खेल से आपकी बॉडी को नेचुरल टोन मिलता है, जिस वजह से आपको जिम जाकर पसीना बहाने की जरूरत नहीं होती है।

## स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत थीम को समर्पित रही हाफ मैराथन

### मुख्यमंत्री खट्टर ने की हर साल अक्टूबर के पहले रविवार को हैप्पी संडे बनाने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नए संकल्प के साथ सभी को स्वच्छता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सुखद वातावरण की परिकल्पना को साकार करना है। फरीदाबाद में आयोजित हाफ मैराथन स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत थीम को समर्पित है। वे स्वयं स्वच्छता सैनिक की भूमिका निभाते हुए प्रदेशवासियों के साथ स्वच्छ हरियाणा बनाने के लिए आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री रविवार की सुबह फरीदाबाद के सूरजकुंड परिसर में हरियाणा की अब तक की सबसे बड़ी हाफ मैराथन की विभिन्न श्रेणियों को फ्लैग ऑफ करने के दौरान हजारों प्रतिभागियों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने हाफ मैराथन सहित 10 व पांच किलोमीटर व दिव्यांगजनों की मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

पुरुष वर्ग के हाफ मैराथन में रवि गुलिया ने पहला स्थान प्राप्त हसिल करते हुए एक लाख रुपये का इनाम अपने नाम किया। वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाले प्रशांत चौधरी को 75 हजार का इनाम मिला। इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर अजय कुमार रहे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने 50 हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं महिला वर्ग में भी धावकों ने अपना जोर दिखाया। हाफ मैराथन में यूथोपिया मूल की निवासी फुलासा चलतु ने प्रथम स्थान हासिल कर एक लाख रुपये का इनाम अपने नाम किया। इसी श्रेणी में सोनिका और मुन्नी देवी को मुख्यमंत्री ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने पर 75 हजार व 50 हजार पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं 10 किलोमीटर की श्रेणी में मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाने वालों में पुरुष वर्ग में अभिषेक पहले, प्रदीप दूसरे व अश्विन तीसरे स्थान पर रहे। इसी कैटेगरी में महिला वर्ग में रिमा पटेल, रूबि व पूजा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्पेशल कैटेगरी के तहत विजेता रहे दिव्यांग अनिल को 10 हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हम अगर अपने आसपास साफ सफाई रखेंगे तो इससे हमारी सेहत भी ठीक रहेगी। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को स्वभाव बनाने पर जोर देते हुए कहा कि गंदगी किसी भी सभ्य समाज का पैमाना नहीं है। ऐसे में हम सभी को यह सामूहिक प्रयास करना है कि हम अपने आसपास स्वच्छता को बरकरार रखते हुए स्वच्छ व स्वस्थ हरियाणा के साथ-साथ स्वच्छ भारत के मार्ग पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान उपस्थित जनसमूह से आस-पास कचरा मुक्त वातावरण रखने के लिए स्वच्छता सैनिक बनने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

### शहर का वार्षिक इवेंट बना हाफ मैराथन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद हाफ मैराथन में हजारों की संख्या में शामिल प्रतिभागियों से सीधा संवाद करते हुए घोषणा की कि गुरुग्राम में प्रत्येक वर्ष फरवरी के आखिरी रविवार को आयोजित की जाने वाली फुल मैराथन की तर्ज पर अब भविष्य में फरीदाबाद में भी अक्टूबर माह के पहले रविवार को फरीदाबाद हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों शहरों में छह महीने के अंतराल पर इन दोनों वार्षिक इवेंट का आयोजन सकारात्मक उद्देश्य के साथ होगा, जिससे हर वर्ग को सार्थक संदेश दिया जाएगा। वहीं प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में भी इस प्रकार के आयोजन करवाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या से तनाव कम करने के लिए अपने व परिवार के लिए समय अवश्य निकालना है और इस प्रकार के आयोजन हर वर्ग को नई ऊर्जा का संचार करने में सहभागी होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट व योग से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि देश का युवा अगर फिट रहेगा तो देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। मैराथन की 10 किलोमीटर श्रेणी व पांच किलोमीटर फन रन की श्रेणी में शामिल हजारों प्रतिभागियों को फ्लैग ऑफ करने उपरान्त मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल स्वयं खुली में जीप में सवार होकर मैराथन ट्रैक पर पहुंचे व दौड़ रहे धावकों का उत्साहवर्धन किया।




### 90 साल की शंकरी देवी बनीं प्रेरणा

**पांच** किलोमीटर की रन फॉर फन मैराथन में 90 साल की शंकरी देवी ने अपनी स्वस्थ जीवन शैली का प्रमाण दिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रतिभागी बुजुर्ग महिला शंकरी देवी को मंच पर बुलाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि युवा जोश का जज्बा उम्र के सामने आड़े नहीं आता और बुजुर्ग शंकरी देवी ने पांच किलोमीटर की दूरी तय कर यह प्रमाणित भी किया है।



### बॉक्सर मेरी कॉम और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर ने बढ़ाया उत्साह



**हाफ** मैराथन में बॉक्सर पदम भूषण अवार्डी मेरी कॉम और अंतरराष्ट्रीय शूटर मनु भाकर ने भी मंच से प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। खिलाड़ी मैरीकॉम ने कहा कि युवाओं को लक्ष्य लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार खेलों और इस तरह की मैराथन का आयोजन कर युवाओं पीढ़ी को खेलों की ओर अग्रसर कर रही है। अर्जुन अवार्ड विजेता मनु भाकर ने युवाओं को इस तरह के आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंच से प्रतिभागियों ने गतका सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव के विधायक राजेश नागर, पृथला के विधायक नयनपाल रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार बोहरा, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, भाजपा प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, आउटरीच कार्यक्रम के विशेष कार्यकारी अधिकारी पंकज नैन, पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, डीसी विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे।

### हरियाणा के गौरव कार्यक्रम आयोजन की हुई घोषणा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद जिला में आयोजित हाफ मैराथन में उमड़े जनसमूह को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक नए कार्यक्रम का शुभारंभ करने जा रही है। उन्होंने मुख्य मंच से हरियाणा के गौरव कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का विमोचन करते हुए बताया कि यह आयोजन हरियाणा प्रदेश का सबसे बड़ा टेलेंट हट कार्यक्रम होगा, जोकि आगामी मई माह से शुरू होगा। यह कार्यक्रम हरियाणा प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उनका कौशल दिखाने का एक मजबूत मंच होगा।



## आकाश ने मुकेश के मुकाबले 38 वोटों से चुनाव जीता

### फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव हुए संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से किसान भवन सेक्टर 16 में संपन्न हुए। दोनों ही पैनल ने एडहॉक कमेटी डीआरओ ऑफिस के पर्यवेक्षकों और रिटर्निंग ऑफिसर का बड़े अच्छे तरीके से चुनाव कराने के लिए धन्यवाद किया। चुनाव में 468 वोटों में से 432 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया।

सर्वप्रथम निर्विरोध निर्वाचित कोषाध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल को एडहॉक कमेटी ने बधाई देकर रिजल्ट डिक्लेरेशन की शुरुआत की। निवर्तमान प्रधान आकाश गुप्ता ने मुकेश चौधरी के मुकाबले 38 वोटों से चुनाव जीता। महासचिव पद के उम्मीदवार गुरमीत देओल ने अपने प्रतिद्वंदी राजीव अग्रवाल के मुकाबले सबसे अधिक 60 वोटों से बिन मांगे मोती मिले कहावत को चरितार्थ करते हुए इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की। अवनीश भसीन जो सचिव पद पर प्रत्याशी थे, ने विनोद पांचाल के मुकाबले 33 वोटों से चुनाव में अपनी जीत हासिल की।

उप प्रधान पद के उम्मीदवार उमेश ग्रोवर ने अंकित मलिक के खिलाफ चार वोटों से विजय प्राप्त की। वह मुकेश चौधरी के पैनल से उम्मीदवार थे। सुनील जटवानी ने भारत बत्रा को 23 वोटों से हराया। ऋतुराज भारद्वाज जोकि मुकेश चौधरी के पैनल से शहर कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे, उन्हें एकांत जटवानी के मुकाबले चार वोट से जीत हासिल हुई। गुरमीत सिंह देओल ने सभी मतदाताओं का चुनाव में भाग लेने के लिए और सभी साथियों को चुनाव में दिल से मेहनत करने के लिए धन्यवाद व हार्दिक आभार किया।

## हवलदार विकास ने दो घंटे में पूरी की हाफ मैराथन

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड ग्राउंड से हाफ मैराथन को मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। नशे के खिलाफ युवाओं में जागरूकता के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सूरजकुंड के मैदान पर फरीदाबाद हाफ मैराथन का सफल आयोजन हरियाणा टूरिज्म, जिला प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग संपन्न हुआ। मैराथन को सफल बनाने के लिए पुलिस द्वारा उचित सुरक्षा प्रबंध किए गए। जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार पुलिस ड्यूटी लगाई गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जीवन को तनाव मुक्त रखने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो युवाओं को नशे से दूर रहकर एक अच्छे और स्वस्थ शरीर के निर्माण के लिए प्रेरित करेगा।



## डिवाइडर से टकराने से कार का अगला हिस्सा अलग हुआ

**फरीदाबाद।** अनखीर चौक पर डिवाइडर से कार टकराने से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से अलग हो गया। लोगों ने भागकर जान बचाई। रविवार की सुबह एक कार अनखीर चौक से एशियन अस्पताल की तरफ आ रही थी कि अचानक यह डिवाइडर से टकरा गई। तेज गति होने की वजह से कार के टकराते ही उसका अगला कुछ हिस्सा टूट कर अलग हो गया। कार में सवार चालक व दूसरे लोगों को मामूली चोटें आई हैं। अचानक कार के डिवाइडर से टकराने से आस-पास खड़े लोगों ने भाग कर जान बचाई।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




मेरे आंसू ही देंगे जुल्म की अब तो गवाही फिर
हुआ बर्बाद राहों का अभागा एक राही फिर
फसल पक कर खड़ी थी खेत में लेकिन अचानक क्यूं
मेरे मालिक लिखी तकदीर में तूने तबाही फिर

## चुनाव की तैयारियों में पूरी निष्ठा से जुट जाएं कार्यकर्ता

### अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने राजकुमार वोहरा का किया स्वागत अभिनंदन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भाजपा** जिला फरीदाबाद के अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने मोर्चे के कार्यकर्ताओं के साथ फरीदाबाद के गांव झाड़सेंतली में भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का स्वागत और अभिनंदन किया।

इससे पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने मोर्चे के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव चौहान और मोर्चे के कार्यकर्ताओं के साथ बाल्मीकि मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, मीडिया सह प्रमुख अजय डुडेजा, कार्यक्रम संयोजक मुकेश बाल्मीकि एवं सोनू बाल्मीकि, अमरपाल गहलोत, महिपाल सजलाना, मामचंद, सुखबीर, संजय डागर, अमित कुमार, प्रवीण मोर्या, बलराज माहर, गौरव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मोर्चे के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने अपनी नियुक्ति के लिए अनुसूचित जाति समाज के मौजूदा लोगों और मोर्चे के कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और गांव की बुजुर्ग सरदारी ने जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा को पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने गौरव चौहान को नव दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोर्चे के सभी कार्यकर्ता देश एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को आमजन पहुंचाकर जनता को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलवाएं। वोहरा ने समाज के बुजुर्गों से समाज की बच्चियों को पढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बच्ची को शिक्षित करना एक पूरे परिवार को शिक्षित करना है। राजकुमार वोहरा ने कहा कि मोदी-मनोहर की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश व प्रदेश का जन जन सशक्त हुआ है और गरीब, युवा, महिला व किसान सभी वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। प्रदेश की जनता सरकार के काम से बेहद खुश है। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां जोरो पर हैं, इसलिए मोर्चे के सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी निष्ठा के साथ जुट जाएं, ताकि फरीदाबाद की सीट को पहले से ज्यादा मतों से जीतकर मोदी की झोली में डालकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं।

## हमें दूसरों की भलाई के बारे में भी सोचना चाहिए : मान



**फरीदाबाद।** हथीन के प्राचीन शिवकुटी मंदिर के प्रांगण में शिवकुटी मंदिर समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मनधीर सिंह मान ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर समिति द्वारा मान का फूलमाला व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मंदिर सिंह मान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है और होली का पावन पर्व भी प्यार व भाईचारे का प्रतीक है। इस दिन लोग आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक दूसरे को गले लगा रंग-गुलाल लगाकर इस त्योहार को बड़े धूमधाम से मनाते हैं। मान ने कहा कि मनुष्य को अपने हित के साथ-साथ दूसरों की भलाई करने के बारे में भी सोचना चाहिए, क्योंकि संसार में अकेला एक व्यक्ति कोई काम पूरा नहीं कर सकता है। इसके लिए लोगों की सहायता जरूर लेनी होती है। उन्होंने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है और लोगों को धार्मिक कार्यो में बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। साथ ही अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने का काम भी करें। इस अवसर पर मनधीर सिंह मान ने मंदिर के भव्य निर्माण के लिए समिति को 11 हजार रुपये की राशि भी भेंट की। समिति द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों पर पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली गई।

# खेलों से होता है बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास : लाल

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**दिल्ली** पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन एसपी लाल, चेयरपर्सन रानी लाल, प्रिंसिपल हरीश सचदेवा, उपप्रधानाचार्या नीलम सांधा, मुख्य अध्यापिका ममता गांधी व विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिका उपस्थित रहे। एसपी लाल की इच्छानुसार गत वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। उसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए दूसरी बार क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इस टूर्नामेंट में पलवल की जानी मानी हस्तियों, डॉक्टरों, वकीलों व 250 से भी अधिक अभिभावकों ने भाग लिया। क्रिकेट टूर्नामेंट का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके व सरस्वती वंदना से किया गया गया। प्रतियोगिता का आरंभ एसपी लाल ने विद्यालय के प्रिंसिपल हरीश सचदेवा के साथ व विद्यालय की चेयरपर्सन रानी लाल, उप प्रधानाचार्या नीलम सांधा, व मुख्य अध्यापिका ममता गांधी ने खेलकर किया।

सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों सहित इसमें भाग लिया व क्रिकेट के खेल का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन एसपी लाल ने बच्चों में क्रिकेट के प्रति उत्साह को देखकर उनकी प्रतिभा की सराहना की व पढ़ाई के साथ खेलों में भी अपनी रूचि बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चे को व्यस्त बनाए रखने का स्वस्थ और आनंददायक तरीका है। अपने बच्चे को शुरुआती उम्र में खेलों से जोड़ने से उनके समग्र विकास में बड़ी मदद मिलती है।

खेल लंबे समय से इंसान को स्वस्थ्य, प्रसन्न रखने में मददगार रहे हैं और बच्चों, युवाओं, वयस्कों और बुजुर्गों को कई तरह के फायदे भी प्रदान करते हैं। हालांकि बच्चों की शारीरिक और मानसिक वृद्धि में खेलों के योगदान को उसके खास परिणाम के तौर पर देखा जा सकता है। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका ममता गांधी ने भी बच्चों को खेलों के प्रति उत्साहित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों का शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी होता हैं। अत: अच्छी शिक्षा व बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए खेलों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है।

### डीजे बजाने को लेकर शादी में हुआ बवाल

# दूल्हा-दुल्हन के रिश्तेदारों में मारपीट, लड़की के भाई का सिर फटा, विदाई से इंकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**शनिवार** रात डीजे बजाने को लेकर बाराती और लड़की पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ से जमकर लात-घूंसे चले। विवाद के बाद लड़की पक्ष ने दुल्हन को विदा करने से ही इंकार कर दिया। मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं।

शादी में विवाद के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और चार बारातियों को हिरासत में ले लिया। अन्य बारातियों को रविवार को थाने में पेश होने को कहा गया। बारात उत्तर प्रदेश में जेवर के दयानतपुर गांव से बल्लभगढ़ के आदर्श नगर में आई थी। दूल्हा घोड़ी पर बैठकर शादी समारोह शहीद गुलाब सिंह सैनी धर्मशाला तक पहुंचा। शादी में बाराती डीजे पर डांस करते रहे। शादी की अन्य रस्मों को पूरा करने के लिए लड़की पक्ष ने करीब 12 बजे डीजे बंद करा दिया।

### नशे में धुत थे दूल्हे के जीजा और दोस्त

लड़की पक्ष का आरोप है कि उसी दौरान दूल्हे पंकज के जीजा और उसके दोस्त नशे में आए और डीजे बजाने की जिद करने लगे। दुल्हन के भाई विनोद ने फेरों के बाद डीजे चलाने की बात कही। यह सुनकर बाराती भड़क गए। एक युवक ने विनोद की छाती पर लात मारी।

उसी दौरान एक युवक ने विनोद के सिर पर किसी नुकीली चीज से वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। मौके पर कई देर तक हंगामा चलता रहा। झगड़े में लड़की पक्ष की तरफ से दुल्हन के चाचा अतर सिंह, कई महिलाओं सहित कई अन्य लोगों को चोटें आईं। बारात लेकर आए दूल्हे पंकज ने घटना पर माफी मांगते हुए कहा है कि वह लड़की को ले जाना चाहते हैं, लेकिन लड़की पक्ष ने कहा है कि वह अपने गांव से मौजिज व्यक्तियों को लेकर आए। उनके आश्वासन के बाद ही वह दुल्हन को विदा करेंगे।

# तेलंगाना से चोरी किए 30 लाख के डिजिटल कैमरे बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**एसपी** डॉ. अंशु सिंगला के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा चलाई जा रही अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश मुहिम के अंतर्गत क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत नागर की टीम ने तेलंगाना से चोरी किया हुआ करीब 30 लाख रुपये के माल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत नागर के अनुसार हेड कांस्टेबल मनोज कुमार अपनी टीम के साथ अपराध रोकथाम अभियान अंतर्गत बराए गस्त पड़ताल क्राइम थाना उटावड़ क्षेत्र अंतर्गत गांव मलाई मौजूद थे। जहां उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि घाघोट निवासी एक युवक स्विफ्ट गाड़ी में चोरी का माल लेकर गांव रूपड़ाका से नोसेरा जायेगा। सूचना के आधार पर टीम ने मलाई स्कूल के पास नाकाबंदी शुरू की। कुछ देर बाद एक गाडी स्विफ्ट गांव उटावड की तरफ आती हुई दिखाई दी। जिसको रुकने का इशारा किया तो गाडी चालक ने नाकाबंदी को देखकर अपनी गाड़ी को वापस मोड़कर भागने की कोशशि की, लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा।

गाड़ी को चैक किया तो गाड़ी के अंदर प्लास्टिक के कट्टों में विभिन्न महंगे ब्रांड के 30 डिजिटल कैमरा एवं 72 इयरबड्स मिले। बरामद सामान का बिल मांगा तो कोई बिल पेश नहीं कर सका। इसके बाद सामान वा गाड़ी को कब्जे में लेकर लिया गया। जांच में पता चला कि बरामद सामान जिला महबूब नगर थाना जादचेरला तेलंगाना से चोरी होना पाया गया। जिस संबंध में धारा 407 एवं 420 के तहत मुकदमा नंबर 135 दिनांक 02.03.24 थाना जादचेरला तेलंगाना मे दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। मामले में अन्य की संलिप्तता के बारे में पूछताछ जारी है।

# पलवल में बाजार गई विवाहिता का अपहरण कर किया दुष्कर्म

### कोल्ड ड्रिंक में पिलाया नशीला पदार्थ, विरोध करने पर पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**महिला** के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। विवाहिता अपने गांव से किसी कार्य के लिए होडल गई थी। होडल के सति तालाब के पास से दो व्यक्ति अपहरण कर ले गए और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। होडल थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी उमर मोहम्मद के अनुसार, हसनपुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि वह किसी निजी कार्य से होडल बाजार आई थी। लेकिन जब वह बाजार से सत्ती तालाब के पास पहुंची तो सतीश व जयबीर नामक दो व्यक्ति उसका वहां से अपहरण कर ले गए। उसका आरोप है कि दोनों ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिसमें कोई नशीला पदार्थ मिला दिया। इससे वह बेसुध हो गई। इसके बाद दोनों आरोपी उसे अन्य स्थान पर ले गए और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसको जब होश आया तो उसने इसका विरोध किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी आरोपी फरार हैं।

# टीटीई ने महिला को चलती ट्रेन से दिया धक्का

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### महिला का पैर और कूल्हा टूटा, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**तीन** दिन पहले झेलम एक्सप्रेस के एसी कोच में सवार होने पर टीटीई ने कथित तौर पर एक महिला को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया था। इससे महिला का पैर और कूल्हा टूट गया। जीआरपी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

पुलिस के मुताबिक, एसजीएम नगर निवासी 40 वर्षीय भावना झाड़ू-पोंछा लगाने का काम करती हैं। 29 फरवरी को वह झांसी जाने के लिए फरीदाबाद रेलवे स्टेशन आई थीं। दोपहर करीब 12.15 बजे ट्रेन के रुकने पर वह एसी कोच में चढ़ गईं। इसी बीच वहां टीटीई आ पहुंचा। टीटीई ने महिला से कोच से उतरने के लिए कहा। इस बीच ट्रेन चलने लगी। महिला ने कहा कि वह जल्दबाजी में एसी कोच में सवार हो गई है।

आरोप है कि टीटीई महिला पर चलती ट्रेन से ही उतरने का दबाव बनाने लगा। पहले टीटीई ने महिला का बैग प्लेटफॉर्म पर फेंका। फिर उसे धक्का दे दिया। इससे महिला का पैर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच आ गया। महिला का दाहिना पैर और कूल्हा टूट गया। महिला की बेटी शिल्पा अपनी मां को लोगों की मदद से बीके अस्पताल ले गई। इसके बाद एनआईटी-तीन स्थित ईएसआई मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। शनिवार को घायल महिला को आईसीयू से निकालकर सामान्य वार्ड में भर्ती कर दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि टीटीई ने हैवानियत की हदें पार कर दी थीं। उसके पास सामान्य कोच का टिकट था। उसने टीटीई से जुर्माना लगाने का भी आग्रह किया था। न तो उसने जुर्माना लगाया न ही उसे अगले स्टेशन पर उतरने का मौका दिया।

### क्रिकेट खेलने गए किशोर को पीटा

**पलवल।** सरकारी स्कूल खेलने गए किशोर के साथ मारपीट की गई। किशोर का भाई शिकायत करने पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर अख्तर के अनुसार गांव लाडियाका निवासी रमेश चंद ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका बेटा कपिल आठवीं कक्षा में पढ़ता है। कपिल सरकारी स्कूल में क्रिकेट खेलने के लिए गया था, जहां उसके साथ मारपीट की गई।



### अवैध शराब जब्त, आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने अवैध शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सचिन गांव मांगर धौज का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गश्त के दौरान बड़खल-अनखीर रोड से होंडा सिटी गाडी सहित काबू किया है। आरोपी की गाडी की तलाशी लेने पर आरोपी से 216 बोतल देशी शराब, 216 बोतल अंग्रेजी शराब और 48 बोतल बियर की बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना सूरजकुंड में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शराब की बोतलों को किसी अनजान ट्रक ड्राइवर से 30 हजार रुपये में खरीद कर लाया था।

# लाभार्थी आठ मार्च तक ले सकते हैं फरवरी माह का राशन



**पलवल।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सीमा शर्मा ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा के निदेशालय द्वारा माह फरवरी के लिए आबंटित राशन की अवधि को आठ मार्च तक बढ़ा दिया है।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार जो लाभार्थी माह फरवरी के लिए आबंटित राशन प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, वह अपने नजदीकी डिपो होल्डर से आठ मार्च तक फरवरी महीने का राशन प्राप्त कर सकते हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग निदेशालय के निर्देशानुसार वर्तमान में एनएफएसए रेगुलर के तहत बीपीएल राशन कार्ड पर 1.5 किलोग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति व 3.5 किलोग्राम बाजरा प्रति व्यक्ति निशुल्क और एएवाई राशन कार्ड पर 15 किलोग्राम गेहूं प्रति कार्ड व 20 किलोग्राम बाजरा प्रति कार्ड फ्री में तथा बीपीएल एवं एएवाई राशन कार्डों पर चीनी एक किलोग्राम प्रति कार्ड के साथ दो लीटर सरसों का तेल प्रति कार्ड वितरित किए जा रहे हैं, जिसका लाभ उठा सकते हैं।

## क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर सवा लाख ठगे

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड को अपग्रेड कराने के नाम पर ठग ने एक व्यक्ति से एक लाख 13 हजार 220 रुपये ठग लिए। साइबर थाना सेंट्रल में सूर्या विहार पार्ट तीन सेहतपुर के रहने वाले सिकंदर सिंह ने दी शिकायत में बताया कि उनके पास एक अनजान शख्स ने फोन किया।

उसने कहा कि सर आप सिकंदर सिंह बोल रहे हो। उसने बताया कि वह क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से बोल रहा है। इसके बाद वह क्रेडिट कार्ड को लेकर बातें करने लगा। उसने बोला आपके कार्ड का वार्षिक शुल्क लगेगा। अनजान शख्स ने कहा कि आपको अपना क्रेडिट कार्ड पंजीकृत कराना होगा।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

### आरोपी चालक हुआ फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-56** में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया की मृतक की पहचान 46 वर्षीय विनोद पुत्र रामफल निवासी सेक्टर-56 के रूप में हुई है। मृतक की अपनी गलब्श बनाने की वर्कशॉप है। शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे विनोद अपनी स्कूटी पर सवार होकर अपने घर सेक्टर-24 स्थित अपने वर्कशॉप में जा रहा था। सेक्टर-56 पुल को पार किया, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते उनकी मौके मौके पर ही मौत हो गई। जांच अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

## कबड्डी में रोहतक की टीम बनी चैंपियन

**फरीदाबाद।** खेड़ी गुजरान स्थित राजकीय महाविद्यालय में राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट के दूसरे दिन एनके जेके रोहतक की टीम विजयी हुई। मुकाबले के बाद रोहतक की टीम को पुरस्कृत किया गया। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान के प्राचार्य डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट में 20 महाविद्यालयों की 33 टीमों ने हिस्सा लिया। अंतिम दिन सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल की टीम और एमके जेके रोहतक की टीम के बीच सेमीफाइनल का मैच हुआ। इसमें रोहतक की टीम विजय रही।

# गलत खानपान की वजह से तेजी से बढ़ रहा है मोटापा : डॉ. गुप्ता

### चार अप्रैल- विश्व मोटापा दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विश्व** मोटापा दिवस हर साल चार मार्च को मनाया जाता है। जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पताल में मिनिमली इनवेसिव, बैरिएट्रिक जी आई एवं एचपीबी सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. बालकिशन गुप्ता ने बताया कि सुस्त जीवनशैली और खराब खानपान की वजह से आज मोटापा एक बड़ी समस्या बन गई है। यह ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, कैंसर और हृदय रोग से जुडी गंभीर बिमारियों को भी जन्म देती है। इसलिए शरीर के बढ़ते अनावश्यक वजन और पेट की चर्बी को नियंत्रित करना बहुत जरूरी है। मोटापे की समस्या महिला-पुरुष दोनों में देखी जाती है। आज बच्चे खराब खानपान यानि फास्ट फूड-तले भुने एवं भारी मसालेदार खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा करते हैं। दूसरी तरफ उनकी आउटडोर एक्टिविटीज काफी कम हो गई हैं। बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल पर गेम्स आदि खेलकर बिताते हैं, जिसके कारण आजकल बच्चों में भी ओबेसिटी की समस्या ज्यादा सामने आ रही है।

रोजाना ओपीडी में हर तीसरे-चौथे मरीज में ओवरवेट की समस्या देखने को मिलती है। गर्भावस्था के बाद हार्मोनल बदलाव के चलते महिलाओं में मोटापे की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। मोटापे की समस्या अनुवांशिक भी होती है। अगर आपका पर्याप्त थायरॉयड हार्मोन नहीं बना पा रहा है तो मेटाबॉलिज्म कमजोर हो जाता है और इस कारण वजन तेजी से बढ़ता है। इसलिए थायरॉयड की जांच भी जरूरी बन जाती है।

सक्रिय जीवनशैली एवं संतुलित आहार की मदद से शरीर के बढ़ते वजन और पेट की अनावश्यक चर्बी को कम किया जा सकता है। नियमित व्यायाम, तले-भुने खाद्य पदार्थों से रहें दूरी, प्रोटीनयुक्त आहार, रात्रि के भोजन में कम कैलोरी का खाना और रोजाना कम से कम आठ घंटे की नींद जरूर लें। इससे मोटापे पर काबू पाया जा सकता है।

अगर इसके बावजूद पेट के चारों तरफ जमा चर्बी कम नहीं होती है तो इसे दूर करने के लिए सर्जरी की जाती है, मेडिकल टर्म में इन्हें बैरिएट्रिक सर्जरी कहा जाता है। सर्जरी होगी या नहीं, यह आपके बीएमआई यानी बॉडी मेटाबॉलिज्म इंडेक्स पर निर्भर करता है। अगर आपके वजन को आपकी लंबाई (मीटर में) से भाग किया जाए, तो आपका बीएमआई रिजल्ट निकल आता है।

अगर आपका बीएमआई इंडेक्स 33 से ऊपर आता है, तो ही मोटापे की सर्जरी कराने की सलाह दी जाती है। बीएमआई के 33 पार मतलब मोटापा के खतरनाक स्थिति में होने का संकेत है। अगर डायबिटीज, नींद न आना, बहुत तेज खर्राटे लेना, जॉइंट्स का दर्द, जरा-सा चलने पर सांस उखड़ना, हार्ट प्रॉब्लम जैसी समस्याएं भी होती हैं तो बीएमआई इंडेक्स 30 से नीचे होने पर भी डॉक्टर की सलाह पर सर्जरी के विकल्प को चुना जा सकता है। वजन कम करने के लिए आहार विशेषज्ञ की सलाह भी ले सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेहरू कॉलेज में मतदान जागरूक प्रदर्शनी का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में निर्वाचन आयोग-2024 और स्वीप में पहला वोट सरकार के नाम महिम के अंतर्गत सात दिवसीय मतदान जागरूक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। जिसमें फरीदाबाद से सीटीएम अंकित कुमार, चुनाव कार्यालय से तहसीलदार दिनेश कुमार और प्रोफेसर एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य ने बताया कि वोट डालने वाला दिन छुट्टी का नहीं है, बल्कि आपकी जिम्मेदारी का दिन है। यह आपका नैतिक धर्म है। सीटीएम अंकित कुमार ने भी विद्यार्थियों को कहा कि अगर आप जागरूक होंगे, तो आप अपने घर परिवार को भी जागरूक करेंगे। उनको बताएंगे कि उनका वोट लोकतंत्र में कितना महत्व रखता है। प्रोफेसर एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि सिफ्र चेहरा देखकर नहीं, बल्कि शिक्षित और समझदार व्यक्ति को ही अपना वोट दें। इस कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर राजविंदर कौर रही। डॉक्टर अंशु नायर, डॉक्टर सबीना सिंह, डॉक्टर प्रमिला काजल, डॉक्टर कमल चौधरी, डॉक्टर मोनिशा चौधरी, डॉक्टर उपासना शर्मा और महाविद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज की।

### केंद्र में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : यशवीर डागर

**फरीदाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एनआईटी विधानसभा-86 के डबुआ कॉलोनी 60 फुट रोड स्थित श्याम प्लेस में कार्यालय का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा तथा एनआईटी-86 विधानसभा के वरिष्ठ नेता यशवीर डागर ने कार्यालय का रिबन काटकर शुभांरभ किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता यशबीर डागर ने मुख्य अतिथि राजकुमार वोहरा व आए हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी मेहनत से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को अनाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के पन्ना प्रमुख, शक्ति केंद्र व बूथ प्रमुख लोकसभा चुनावों के लिए तैयार हो जाएं। जिन युवा मतदाताओं के वोट नहीं बने हैं, उनका वोट बनवाएं, साथ ही केंद्र की मोदी व राज्य की मनोहर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर की सरकार में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने विकास कार्य किसी भी सरकार में नहीं हुए। देश में अमृत काल के दौरान एयरपोर्ट की संख्या, रेलवे लाइन व ट्रेनों का विस्तार हुआ है। साथ ही देश के प्रत्येक जिले में आधुनिक रेलवे स्टेशन बनाने का कार्य चल रहा है। साथ ही अंत्योदय के तहत अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को उसका लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, सुरेश पाठक, संतोष धनखड़, निर्वतमान पार्षद बीर सिंह नैन, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, सतीश फागना, मदन लाल जांगड़ा, सुदर्शन, कविंद्र चौधरी, लक्ष्यवर्धन, संदीप भड़ाना, रमेश बिष्ट, अमित कुमार और गीता शर्मा, सोनिया अरोड़ा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने किया सिलाई केंद्र का उद्घाटन



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ने नारी स्वावलंबन की तरफ एक और कदम बढ़ाते हुए एक नये सिलाई केंद्र की सेक्टर 11, सर छोटू राम लाइब्रेरी में शुरुआत की। केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि रोटरी गवर्नर जितेंद्र गुप्ता, फर्स्ट लेडी ऑफ डिस्ट्रिक्ट डॉ. दीप्ति और सिंगर मशीन जनरल मैनेजर अल्पना सरना ने किया। सिलाई केंद्र में विशेष सहयोग रहा आरडब्लूएस सेक्टर 11 का, जिसके प्रधान विकास सिंह और एमएल आहूजा ने लाइब्रेरी में केंद्र खोलने में पूरा सहयोग दिया। रोटरी प्रधान रोटेरियन धीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि क्लब का ये तीसरा केंद्र है। जहां छह महीने का कोर्स करवाकर सिंगर और रोटरी द्वारा सर्टिफ़िकेट दिये जाते हैं। जो महिलाओं को स्वावलंबन की ओर ले जाता है। रोटरी की ओर से नरेश मलिक, अंजु श्रीवास्तव, रजनीश मलिक, दलीप वर्मा, दीपक, अंशु शर्मा, पूनम श्रीवास्तव, पंकज भाटिया मुख्य तौर से उपस्थित रहे।

### 503 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सद्दाम उर्फ कासु अजय नगर कॉलोनी पुस्ता रोड पल्ला का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी के घर के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 503 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में समान आया कि आरोपी गांजा को दिल्ली सदर बजार किसी अनजान व्यक्ति से 5000 रुपये में खरीद कर लाया है। आरोपी गांजा को बेचकर मुनाफा कमाना चाहता था। आरोपी पहले सुनार की दुकान पर काम करता था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद सहिता आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गुरमीत ऊंचा गांव का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से शाहुपुरा रोड डीलर चौक के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी पिस्तौल व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी पिस्तौल को मथुरा बस स्टैंड किसी अंजान व्यक्ति से 5500 रुपये में हवाबाजी के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व में वाहन चोरी का एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# शहर के चौक-चौराहों के सौंदर्यकरण के साथ ज्ञान भी देने का है प्रयास: रितु कटारिया

## परिवर्तन एक प्रयास संस्था ने फिर से चमकाया सेक्टर-4/7 चौक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**शहर** के कई चौक-चौराहों, पुराने पेड़ों का रखरखाव करते हुए सुधारीकरण करने का काम करने वाली संस्था परिवर्तन एक प्रयास ने फिर से सेक्टर-4/7 चौक को चमकाया। तिरंगे में रंग करके वहां पर स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों की तस्वीरें लगाकर देशभक्ति का संदेश दिया है। तस्वीरों के साथ उनके नाम, उनकी जन्म तिथि व पुण्यतिथि भी लिखवाई गई है, ताकि यहां से आने-जाने वालों, रेड लाइन पर रुकने वालों को भी इन क्रांतिकारियों के बारे में जानकारी मिल सके। चौक के सौंदर्यकरण के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता जीएल शर्मा ने कहा कि परिवर्तन एक प्रयास संस्था का प्रयास अच्छे हैं। ऐसे ही संस्थाओं को समाज में कुछ नया करने के लिए अग्रणी रहना चाहिए। समाजसेवा के क्षेत्र में लंबे अरसे से जुड़ीं मिसेज हरियाणा-2018, शिक्षिका एवं परिवर्तन एक प्रयास संस्था की चेयरपर्सन रितु कटारिया का कहना है कि समाजसेवा के लिए हमें सिर्फ एक कदम बढ़ाना होता है। काम कोई मुश्किल नहीं होता। सेक्टर-4/7 चौक काफी बड़ा चौक है। यहां पर सड़क के बीच में लगी हाई मास्क लाइट के चारों ओर टूटे-फूटे रहने वाले चबूतरे को परिवर्तन एक प्रयास संस्था ने निजी स्तर पर ठीक करवायाकर रंग-रोगन करवाया है। सुबह, दोपहर को यहां से काफी स्कूली बसें भी गुजरती हैं। जिनमें बैठे बच्चे भी यहां आसानी से क्रांतिकारियों की जन्मतिथि और पुण्यतिथि को स्मरण कर सकते हैं। सेक्टर-5 चौक को भी इसी तरह से सुधारा गया था। कुछ पुराने पेड़ों के चारों तरफ चबूतरे बनाकर उनको सहेजने का काम भी संस्था ने किया है। परिवर्तन एक प्रयास संस्था के संस्थापक धर्मवीर हिन्दुस्तानी ने कहा कि हम सब मिलकर शहर में सौंदर्यकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर नमन अग्रवाल, राजेश बोहरा, जगभूषण गुप्ता, प्रियव्रत कटारिया, महेश वशिष्ठ, अजीत भारद्वाज, सपना, पार्थ, भाविका आदि मौजूद रहे।


गुरुग्राम के सेक्टर-4/7 चौक के सौंदर्यकरण के बाद उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व परिवर्तन एक प्रयास संस्था के सदस्य।


सेक्टर-31 के पोली क्लीनिक में एनआईडी पल्स पोलियो राउंड की शुरुआत में बच्चे को दवा पिलाते विधायक सुधीर सिंगला।

# विधायक ने बच्चों को दवा पिला किया पोलियो रोधी अभियान शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को सेक्टर-31 के पोली क्लीनिक में एनआईडी पल्स पोलियो राऊंड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएमओ डा. विरेन्द्र यादव सहित गणमान्य चिकित्सक मौजूद रहे।

पॉलीक्लिनिक सेक्टर-31 में विधायक सुधीर सिंगला ने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर तीन दिवसीय अभियान की शुरुआत की। विधायक ने कहा कि कोई भी पांच साल से कम आयु का बच्चा पोलियो ड्रॉप पीने से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान को हर तरह से कामयाब बनाना होता है। वर्षों की कड़ी मेहनत से हमने पोलियो पर नियंत्रण किया है। ऐहतियात के तौर पर अभी जारी

## पांच मार्च तक जारी रहेगा पल्स पोलियो अभियान

इस अभियान की कामयाबी मुख्य रूप से स्वास्थ्यकर्मियों पर ही निर्भर है। इस दौरान सीएमओ डा. विरेन्द्र यादव ने कहा कि पांच मार्च तक जारी रहने वाले इस अभियान में तीन लाख 78 हजार बच्चों को दवाई दी जाएगी।

इसके लिए जिला में 1640 बूथ बनाए गए हैं व 158 टीम बनाई गई है। इस अवसर पर डॉ. तिगरान अवज्ञान, डॉ. पुनीत, डॉ. विशेष एनपीओ, डॉ. श्रीनिवास, डॉ. मनु खन्ना आदि मौजूद थे। सीएमओ ने टीकाकरण अधिकारी डा. जेपी राजलीवाल के साथ पोलियो बूथ का निरीक्षण भी किया।

# अध्यात्म के साथ समाजसेवा में अग्रणी है ब्रह्मकुमारीज संस्थानः सुधीर सिंगला

### सेक्टर-15 में ब्रह्मकुमारीज संस्थान की ओर से कार्यक्रम में कही यह बात

## फील-फुल-फ्लाई सेशन में आध्यात्मिक मोटिवेशनल बीके शिवानी का भी हुआ वक्तव्य

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला रविवार को यहां सेक्टर-15 में ब्रह्मकुमारीज संस्थान द्वारा आयोजित फील-फुल-फ्लाई सेशन में पहुंचे। उन्होंने यहां दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आध्यात्मिक मोटिवेशनल बीके शिवानी का भी वक्तव्य हुआ। कार्यक्रम में आरएसएस प्रांत संघचालक पवन जिंदल, पूर्व मेयर मधु आजाद, नगर नगर गुरुग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ समेत काफी लोगों ने शिरकत की।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज विश्व में सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था है। इस संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने माताओं और बहनों को शुरू से ही आगे रखने का फैसला लिया। इसी के कारण विश्व की अन्य सभी आध्यात्मिक और धार्मिक संस्थानों के बीच में ब्रह्माकुमारीज अपना अलग अस्तित्व बनाये हुए हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के परिसर में दुनियाभर के लोगों को परमात्मा अध्यात्म को लेकर बारीकी से ज्ञान दिया जाता है। उन्हें जागरुक किया जाता है। बेहद ही अनुशासित इस संस्थान ने सदा शांति का संदेश देते हुए समाज में जागृति लाने का काम किया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ब्रह्मकुमारीज संस्थान सिर्फ अध्यात्म ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण समेत अनेक क्षेत्रों में काम करते हुए सुधार लाने का काम करता है। अपने बोहड़ाकलां परिसर में बड़े आयोजन करके जागृति फैलाता है। ब्रह्मकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक कार्यों की बदौलत ही इन संस्थान में देश के लगभग हर राष्ट्रपति का आगमन होता है। उनका मार्गदर्शन और संदेश संस्थान की ओर से दुनियाभर में पहुंचाकर अपने काम को गति दी जाती है। कार्यक्रम में संजय जून आईएएस, वैश्य फेडरेशन अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, डॉ. इन्दु खेत्रपाल, रश्मि मलिक, मदन जिंदल, मदन गोपाल व अन्य महत्वपूर्ण गणमान्य व सेंकड़ों अन्य लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम के सेक्टर-15 में ब्रह्मकुमारीज संस्थान द्वारा आयोजित फील-फुल-फ्लाई सेशन में धर्मपत्नी सुनीता सिंगला के साथ मौजूद विधायक सुधीर सिंगला।


सामूहिक विवाह समारोह को लेकर बैठक करते स्वास्तिक फाउंडेशन के सदस्य।

# स्वास्तिक फाउंडेशन 17 मार्च को करेगा 15 बेटियों का सामूहिक विवाह

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**स्वास्तिक** फाउंडेशन आगामी 17 मार्च को सामूहिक विवाह समारोह में 16 बेटियों का धूमधाम से विवाह करके उन्हें विदाई देगा। पिछले करीब एक महीने से इस आयोजन की तैयारियों संस्था की ओर से की जा रही हैं। यह आयोजन ओल्ड दिल्ली रोड स्थित राजपूत वाटिका में होगा। गत वर्ष यानी 19 मार्च 2023 को संस्था ने 12 बेटियों का सामूहिक विवाह कराकर विदा किया था। संस्था की ओर से सभी बेटियों को नवजीवन प्रारम्भ करने हेतु घरेलू जरूरत का सामान भी दिया जाता है।

स्वास्तिक फाउंडेशन के संरक्षक सुमेर सिंह तंवर, चेयरमैन लखन अरोड़ा, संस्थापक अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल एवं महासचिव राजेश सैनी के मुताबिक इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर 30 आवेदन संस्था को प्राप्त हुए हैं। सभी के कागजात जांचे गए हैं, ताकि किसी की उम्र से संबंधित या नाम, पते से

## विवाह समारोह की जोरों पर चल रही हैं तैयारियां

संबंधित कागजी कार्यवाही अधूरी ना रह जाए। कागजों की जांच-पड़ताल के बाद 15 जोड़ों का चयन विवाह के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार आधार कार्ड के अलावा स्कूल सर्टिफिकेट आदि कागजात भी मांगे गए थे। कुछ जोड़े कागज पूरे नहीं कर पाए, इसका कारण उनका पंजीकरण नहीं किया जा सके।

राज सैनी बिसरवाल ने सभी लोगों से आह्वान किया है कि आजकल सारे काम ऑनलाइन, डिजिटल हो रहे हैं। हमें सरकार की योजनाओं का लाभ लेना हो या किसी संस्था में कोई काम करना हो। सब जगह पर सभी कागज जरूरी हैं। इसलिए लोग अपने कागज पूरे कराकर रखें, ताकि सरकारी एव सामाजिक सुविधाओं का लाभ उठाया जा सके।

# दुकानदार से मारपीट करने एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**पुलिस** ने दुकानदार के साथ दुकान में घुसकर मारपीट करने के मामले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दूसरा आरोपी घर से फरार होने के कारण पुलिस की पकड़ से बाहर है। जिसकी तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है। शुक्रवार की रात करीब आठ बजे शहर के बीच रेडीमेड दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों में से एक को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मुस्तकीन निवासी गांव धुनेला थाना भोंडसी के थुप में हुई है। दूसरे आरोपी की पहचान राजा निवासी गांव अभयपुर थाना सदर सोहना के रुप में हुई है। राजा पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस ने कपडा उमंग नारंग की दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत देते हुए मारपीट कलने और झगडें में सोने की चैन गायब हो जाने का मामला दर्ज कराया था।

पुलिस द्वारा की गई जांच में दुकानदार उमंग नारंग की दुकान से आरोपी मुस्तकिन वा उसकी पत्नी कपड़े ले कर गए थे। जो 4-5 दिन बाद आरोपी मुस्तकिन की पत्नी उनको बदलवाने / वापिस करने आई थी। जिस पर दुकान दार उमंग नारंग ने मना कर दिया। जो मना करने की बात मुस्तकिन की पत्नी द्वारा मुस्तकिन को बताई गयी। जिससे खफा हो कर मुस्तकिन ने अपने साथी राजा निवासी अभयपुर के साथ मिलकर शिकायतकर्ता की दुकान पर आकर मार पीट की।

# राष्ट्रीय टीकाकरण पोलियो अभियान में पहले पिलाई 4 हजार बच्चों को दवा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल में रविवार से राष्ट्रीय टीकाकरण पोलियो अभियान की जीरो से पांच वर्ष की उम्र वाले बच्चों को दवा पिलाकर शुरुआत की गई। पहले दिन 3600 से 3800 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का काम किया। जिसके लिए नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र में

रविवार राष्ट्रीय टीकाकरण पोलियो अभियान की शुरुआत की गई, जिसकी नागरिक अस्पताल में एसएमओ डॉक्टर इन्द्रजीत सिंह ने नौनिहाल नवजात शीशु को दो बूंद जिन्दगी की पिलाते हुए शुंरुआत की गई। रविवार को नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र में जीरो से पांच वर्ष की उम्र वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए कुल 26 टीम बनाई गई। जिसमें 4 ट्रांजैक्शन टीम भी शामिल थी। ट्रांजेक्शन टीमों को सामान्य बस स्टेंड, अंबेडकर बाईपास चैक, इंडरी मोड़ और नागरिक अस्पताल में स्थापित किया गया। इसके अलावा एक मोबाइल टीम भी शामिल थी। जिसके माध्यम ये वार्ड-20 व 21 में खेतों पर रहने वाले परिवारों के बच्चों को दवा पिलाने के लिए नागरिक अस्पताल से रवाना किया गया।

सोमवार व मंगलवार को जो बच्चे किसी कारण वंश बूथ पर नहीं पहुंच सके है। उन बच्चों को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर्स साथ में रहती है।



रविवार को सोहना नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर इन्द्रजीत सिंह नौनिहाल को पोलियो की दवा पिलाते हुए

रविवार को बूथ स्तर पर पोलिया की दवा पिलाने का काम किया गया।

*'पोलियो अभियान पहले दिन से ही पूर्णरुप से सफल रहा है। इसबार भी 7403 नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिसमें से रविवार को 52 से 54 फीसदी बच्चों को दवा पिलाई गई। शेष बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।'*

**( इंद्रजीत सिंह-एसएमओ नागरिक अस्पताल सोहना )**

# लड़कियों के लिए सैनिटरी पैड के प्रति जागरुकता बढ़ाने को दौड़े लोग


गुरुग्राम में कन्या-ए-थॉन में भाग लेते बच्चे, महिलाएं।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**लड़कियों** के लिए सैनिटरी पैड तक पहुंच के लिए जागरूकता और समर्थन बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को सेक्टर-66 में कन्या-ए-थॉन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों, महिलाओं, पुरुषों ने भाग लेकर इस विषय का समर्थन किया।

एम3एम फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस दौड़ का विषय रहा-ब्रेक लिमिट्स, ब्रेक साइलेंस। मैराथन की श्रेणी 21 किलोमीटर, 10.5 किलोमीटर, 5.25 किलोमीटर, तीन किलोमीटर और एक किलोमीटर रही। इस रन में तावडू से एम3एम फाउंडेशन के सर्वोदय कार्यक्रम और आईमपावर

## एम3एम फाउंडेशन लक्ष्य स्कॉलर्स ने किया इस दौड़ का आयोजन

एकेडमी फॉर स्किल्स के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी और चेयरपर्सन डॉ. पायल कनोडिया ने कहा कि हम कन्या-ए-थॉन को मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एकजुट होना इस आयोजन की सफलता है। यह हमें ऐसे भविष्य के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित करता है, जहां हर लड़की को बुनियादी स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच प्राप्त है।

# गरीब लोगों के लिए कल्याणकारी साबित हो रही है मोदी-मनोहर सरकार की नीतियां : जवाहर यादव

## जनजागरण अभियान के तहत जवाहर यादव की अगुवाई में निकाली पद यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

भाजपा हरियाणा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार की नीतियां गरीब लोगों के लिए कल्याणकारी साबित हो रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दिशा निर्देशों पर गांव-गांव जाकर उनकी टीम भी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के काम में जुटी हुई है, ताकि कोई पात्र व्यक्ति छूट ना सके। यह बात उन्होंने फर्रूखनगर के राजीव चौक पर जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांत के साथ काम करते हुए हर वर्ग के हितार्थ काम कर रही है। इससे पहले मोदी-मनोहर सरकार की जनहितैषी नीतियों के जनजागरण अभियान के तहत जवाहर यादव की अगुवाई में पदयात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान जवाहर यादव का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। पदयात्रा का फर्रूखनगर राजीव चौक पर समापन हुआ, जहां कच्ची कालोनियों के लोगों ने जवाहर यादव का जोरदार स्वागत किया।

भारत माता की जय, मोदी-मनोहर जिंदाबाद के नारे लगाकर लोगों ने जवाहर यादव का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नियमित हुई कालोनियों के लोगों ने जवाहर यादव का कालोनियों का नियमित करवाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और जवाहर यादव का आभार जताया। इस मौके पर लाभार्थी विभाग के प्रदेश सह प्रमुख महेश यादव, पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रमुख मनोज शर्मा, भाजपा जिला मीडिया सह प्रमुख राकेश राणा, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, जयवीर यादव, राम निवास यादव, किसान मोर्चा जिला सचिव अमरचंद पंवार, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोना यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, एसीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रणजीत नंबरदार समेत अनेक लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम के बादशाहपुर हल्के के अंतर्गत फर्रूखनगर में पद यात्रा निकालते भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव।

# नायब तहसीलदार को अपशब्द कहे जाने वाले मामले ने पकड़ा तूल

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** तहसील में तैनात नायब तहसीलदार द्वारा जाति सूचक शब्द कहे जाने पर दर्ज कराया पिता-पुत्र के खिलाफ मामला तूल पकड़ने लगा है। मामला दर्ज होने पर आरोपी पिता-पुत्र ने जहा नायब तहसीदार पर दो लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। वहीं नायब तहसीलदार ने उक्त आरोप को बेबुनियाद और आरोपियों द्वारा दबाव बनाएं जाने की आरोप लगाया है।

सोहना तहसील में कार्यरत नायब तहसीदार लछीराम ने 29 फरवरी को स्थानीय निवासी कशिश जैन व उसके पिता राकेश जैन के खिलाफ वसीयत नामा के कागजात पर फर्जी तरीके से पंजीकरण न करने पर जाति सूचक शब्द कहे जाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। नायब तहसीलदार लछीराम के द्वारा मामला दर्ज कराने के बाद से आरोपी पिता-पुत्र ने अधिकारी पर दो लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। सोहना निवासी राकेश जैन व उसके पुत्र कशिश जैन ने रजिस्ट्री करने के लिए दो गए दो लाख रुपये वापस मांगने पर उनके खिलाफ झूठा मामला थाना में दर्ज करा दिया। जबकि नायब तहसीदार लछीराम का कहना है कि राकेश जैन का अपने भाई उमेश जैन के साथ फर्जी वसीयत को लेकर विवाद चल रहा है। उक्त रजिस्ट्री के लिए दो वसीयत नामा है। जिसमें एक वसीयत नामा को तहसीलदार राकेश मलिक ने एसडीएम को जांच के लिए भेजा हुआ है। जिसकी एसडीएम कोर्ट में सुनवाई की तारीख 7 मार्च लगी हुई है। नायब तहसीदार ने बताया कि जिस समय राकेश जैन और उसका बेटा कशिश जैन फर्जी दस्तक कराने के लिए उसके कार्यालय में आए थे। उस उसके पास अधिवक्ता पुपेन्द्र, सिंचाई विभाग पलवल का अधिकारी और तहसील कार्यालय में तैनात पटवारी मौजूद था। जिनके समुख पिता राकेश जैन व कशिश जैन ने जाति सूचक शब्द कहे तथा जान से मारने की धमकी थी। नायब तहसीदार लछीराम द्वारा दी गई शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने पिता राकेश जैन व पुत्र कशिश जैन के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच की जा रही है।

# दमदमा चैक पर लगी ट्रैफिक बत्तियों ने 48 घंटा बाद ही तोड़ दम

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**दमदमा** चैक पर लगी ट्रैफिक बत्ती ने 48 घंटा में ही दमतोड़ दिया। शनिवार की देर रात से चैक पर लगी बत्तियों ने काम करना छोड़ दिया। जिससे चैक से वाहन यातायात नियमों के पालना किए बना ही दौड़ रहे है। शहर के दमदमा चैक पर लगी ट्रैफिक बत्तियां मात्र 48 घंटा तक चलने के बाद से ही बंद हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैफिक बत्तियां शनिवार की देर रात से बंद हो गई थी। जिससे रविवार को पूरा दिन बत्तिया न जलने से वाहन चारों दिशाओं में बिना यातायात नियमों की पालना किए बिना ही दौड़ते रहे।

रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण सड़कों पर 40 से 50 फीसदी वाहन कम ही दौड़े है। रविवार को पूरा दिन बत्तियां लगाने वाली एजेंसी का न कोई कर्मचारी पहुंचा और न ही ठेकेदार पहुंचा। जबकि चैक पर लगाई गई बत्तियों की देखरेख एजेंसी को 3 साल तक करनी होगी। यह नगर परिषद द्वारा ठेका देने के दौरान लिखित में तय कर दिया था। इस संबंध में नगर परिषद के एसडीओ राजपाल खटाना ने जानकारी देते हुए कहा कि बत्तियां बंद होने की जानकारी उनकी संज्ञान में नहीं है। शुरुआत में कोई तकनिकी खराबी आ जाने पर ही बत्तियां गुल हुई है। जिन्हे सोमवार को ठेकेदार को सूचना देकर ठीक करा दिया जाएगा।


सोहना के दमदमा चैक पर लगी ट्रैफिक बत्ती रविवार को पूरा दिन बंद रहने से बेलगाम दौड़े रहे वाहन।

# भोंडसी से 23 वर्षीय युवक संदिग्ध हालत में लापता



**सोहना।** भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी से 23 वर्षीय युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। लापता हुआ युवक के पिता हेमदत्त ने भोंडसी थाना में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसका 23 वर्षीय बेटा हितेश शनिवार की सुबह साढ़े 9 बजे घर से निकला था। लेनिक वह शनिवार की देर शाम तक वापस नहीं लौटा। पुलिस ने पीडित पिता की शिकायत पर बेटा के संदिग्ध हालत मेंलापता होने का मामला दर्ज करने के बाद उसकी तलाश में जुट गई है।

# चिकित्सकीय बोर्ड सदस्यों के विरुद्ध की गई शिकायत को दबाने में जुटा विभाग

## सीएम विंडो स्टेटस रिपोर्ट में हुआ खुलासा, जांच के नाम पर किया जा रहा का गुमराह

### निजी क्लीनिक संचालिका से मिली भगत का फिर लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**जिला** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सकीय लापरवाही बोर्ड सदस्यों के विरुद्ध की एक सीएम विंडो शिकायत मामले में आरोपी पक्ष से मिली भगत कर गुमराह करने का मामला सामने आया है। सीएम विंडो शिकायत की स्टेटस रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। पीड़ित ने जांच में लापरवाही बरतने गुमराह करने और मिलीभगत करने वाले जांच टीम के सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि तावडू नगर के नूंह मार्ग पर एक निजी क्लीनिक संचालिका द्वारा उपचार में लापरवाही से जुडी एक शिकायत सीएम विंडो के मार्फत की गई तो जिला स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम के सदस्यों ने मिली भगत करते हुए आरोपी क्लिनिक संचालिका से मिले भगत करते हुए जांच को दबा दिया। पीड़ित की ओर से जिला चिकित्सा के लापरवाही बोर्ड सदस्यों के विरुद्ध भी शिकायत दे दी गई। इसके संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिकायतकर्ता को अब गुमराह किया जा रहा है। मामले से जुड़ी जब शिकायत की स्टेटस रिपोर्ट सामने आई तो खुलासा हुआ।

पीड़ित आकिब ने आरोप लगाते हुए बताया कि नगर में फर्जी डाक्टर तसीला द्वारा संचालित तसलीमा क्लीनिक बीते साल जुलाई महीनें में अपनी गर्भवती पत्नी का उपचार कराया था। उपचार के दौरान गलत दवाईयां के कारण उसकी तबयित खराब हो गई और ऑखों पर भी कुप्रभाव पड़ा। गलत उपचार को लेकर फर्जी महिला डाक्टर के खिलाफ सीएम विंडो में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसकी जांच बीते साल अक्टूबर महीने में जिला चिकित्सकीय लापरवाही बोर्ड नूंह द्वारा चार सदस्यों की टीम द्वारा की गई। लेकिन टीम द्वारा जांच रिपोर्ट में फर्जी डाक्टर को क्लीन चिट देकर बरी कर दिया।

पीड़ित शिकायतकर्ता द्वारा जांच में मिलीभगत का आरोप लगाते हुए सीएम को दोबारा शिकायत भेज निष्पक्ष जांच की फरियाद की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए गत दिसंबर महीनें में उसे कष्ट निवारण समिति में रखा गया और तावडू एसडीएम को एक टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। पीड़ित शिकायतकर्ता का आरोप है कि गत 4 जनवरी को एसडीएम तावडू के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम द्वारा अवैध तौर पर संचालित तस्लीमा क्लीनिक पर छापेमारी की गई। जिसमें फर्जी डाक्टर तसीला टीम के सम्मुख अस्पताल चलाने व अपने डाक्टर की कोई डिग्री पेश नहीं कर सकी। जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी फर्जी डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है। लेकिन आश्चर्यचकित करने वाली बात तो यह है कि जिला चिकित्सकीय लापरवाही बोर्ड नूंह के चार चिकित्सक सदस्यों द्वारा किस आधार पर आरोपी फर्जी महिला डाक्टर को कलीनचिट देकर बरी कर दिया।

जबकि वह जांच के दौरान टीम सदस्यों के सम्मुख निष्पक्ष जांच की बार-बार फरियाद लगाता रहा। लेकिन टीम के सदस्यों ने पीड़ित की बात का सुनने से साफ इंकार कर दिया। शिकायकर्ता की और से उक्त मामले को लेकर आरोपी टीम के सदस्यों के विरुद्ध जांच की मांग करते हुए करते हुए एक शिकायत और दर्ज करा दी। जिसकी स्टेटस रिपोर्ट में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा एसडीएम के नेतृत्व में की गई छापेमारी और केस दर्ज करने की बात दर्शाई है जबकि जिला लापरवाही बोर्ड सदस्यों के विरुद्ध जांच को दबाकर गुमराह किया गया है तो शिकायतकर्ता की बिना सहमति और हस्ताक्षर से शिकायत को खारिज करने की सिफारिश भी कर दी गई। इसके अलावा यह भी आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से ही छापेमारी के दौरान सील की गई क्लीनिक में धड़ल्ले से फर्जी महिला चिकित्सा द्वारा उपचार किया जा रहा है। इस बारे में जिला सीएमओ से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# डीआरडीए प्रांगण में लगा किसान मेला

## जिला बागवानी विभाग की प्रदर्शनी का उपायुक्त खड़गटा ने किया अवलोकन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### मेले में किसानों ने भी बड़ी संख्या में की शिरकत





**जिला** बागवानी विभाग नूंह की तरफ से रविवार को डीआरडीए नूंह प्रांगण में पहली बार किसान मेला 2023 - 24 का आयोजन किया गया। इस किसान मेले में उपयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। किसान मेले में किसानों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

बागवानी विभाग नूंह द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। जिसे लोगों ने काफी सराहा। मुख्य अतिथि उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में फूल, सब्जी फसलों तथा कृषि यंत्र खासतौर से किसानों के लिए रखे गए।

धीरेंद्र खड़गटा उपायुक्त नूंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नूंह जिले में फिरोजपुर झिरका, नगीना खंड में प्याज की खेती होती है। इसके साथ - साथ राजस्थान के पड़ोसी जिले अलवर में भी प्याज की खेती होती है। इसलिए नूंह जिले में एक बड़ी प्याज मंडी बनाने पर योजना पर काम चल रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र छपेड़ा में 10 एकड़ भूमि में बनकर जल्दी तैयार होने वाला है। इसमें एक एग्रीकल्चर का कॉलेज भी खोलने पर विचार किया जा रहा है। डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि इसके अलावा किसानों के लिए कई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। आगामी 7 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल मिकाड़ा योजना के अंतर्गत बहुत सारे बांधों में बरसाती पानी रोकने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रहे हैं ताकि बरसात के पानी को पहाड़ के साथ - साथ बनाए गए बांधों में इकट्ठा किया जा सके और उस पानी से सिंचाई की जा सके।

इसके अलावा उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि जिले के छोटे किसानों को 1000 कृषि यंत्र जिसमें छोटे कृषि यंत्र शामिल होंगे। उन्हें मुफ्त में देने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। केएमपी के साथ - साथ सिंचाई का पानी लाने की योजना भी पाइपलाइन में है। कुल मिलाकर उपायुक्त नूंह ने किसानों की भलाई के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। जिला बागवानी अधिकारी डॉक्टर दीन मोहम्मद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि दो दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के द्वारा किया गया है जबकि समापन पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया के द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और किसानों के बीच में भी तालमेल अच्छा हो तथा कानून के बारे में किसानों को जानकारी मिल सके, इसलिए एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया को समापन के अवसर पर अतिथि बुलाया है। कई किसानों ने कहा कि बागवानी विभाग का सराहनीय प्रयास है, किसानों के लिए पहली बार मेला लगाया गया है।

किसान खासकर युवा किसानों को प्रशिक्षण, शिक्षा के साथ - साथ अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए इस तरह के किसान मेलों में पूरी जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि निश्चित ही किसानों की आमद पर इस तरह की खेती अपनाने का असर दिखाई देगा। एक अन्य किसान ने कहा कि नूंह जिले में सिंचाई के पानी की पहले ही कमी है और जो नहरों में पानी आ रहा है, वह बेहद दूषित है। जिससे जमीन खराब हो रही है। लिहाजा सरकार को इस तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि यहां का किसान खुशहाल जीवन जी सके। खास बात यह रही कि किसानों को पर्याप्त जानकारी देने के लिए बागवानी विभाग के कृषि विशेषज्ञों के अलावा अवॉर्डी किसानों को भी इस किसान मेले में बुलाया गया था।

## अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास सरकार का मुख्य लक्ष्य : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का संपूर्ण विकास नहीं हो जाता, तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न अधूरा है। विधायक सुभाष सुधा रविवार को सेक्टर-7 में स्थित सामुदायिक केंद्र में निर्मित हाल का उद्घाटन करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने सेक्टर-7 के सामुदायिक केंद्र में 13 लाख रुपए की लागत से बने हॉल का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जन कल्याण के लिए विभिन्न नई योजनाएं शुरू की गई हैं। गांवों को लाल डोरा मुक्त किया गया है। अब शहरों में भी स्वामित्व योजना के तहत जिन लोगों के पास 20 साल से अधिक समय से नगर निगम या नगर पालिकाओं की दुकान या कोई प्रॉपर्टी है, उन्हें भी उन का मालिकाना हक प्रदान किया गया है।

# परमात्मा शिव बिन्दू रूप व ज्ञान के सागर है

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना



**प्रजापिता** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय पुन्हाना केन्द्र के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शहर के पंजाबी बारात घर प्रांगण में सांस्कृतिक व प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भरतपुर केंद्र से बीके कविता दीदी उपस्थित रहीं तो कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में नगरपालिका चैयरमैन बलराज सिंगला व सिटी चौकी प्रभारी संजीत कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन व ध्वजारोहण करने उपरांत की गई। इससे पूर्व शहर के मुख्य बाजारों में बैंड बाजे के साथ परमपिता परमात्मा शिव जी की शोभायात्रा व सैकड़ों महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका शहर पुन्हाना के बाजारों में पुष्प बरसात के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता व अतिथियों का शॉल, पटका, स्मृति चिन्ह् भेंटकर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ साथ परमपिता शिव जी के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परमात्मा शिव ज्योति बिंदु रूप और ज्ञान के सागर है। शिवरात्रि पर्व अज्ञान के अंधकार की रात्रि को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश लाने का यादगार पर्व है। हम सभी को पावन पर्व पर अपने मन के अंदर व समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए।

सिटी चौकी प्रभारी संजीत कुमार ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान समूचे विश्व में आध्यात्मिक चेतना की अलख जगा रहीं है। राजयोग कोर्स तथा मेडिटेशन से मानसिक शांति मिलती है। जो सफल व सुखद मानव जीवन के लिए आवश्यक है तथा मन की वृत्तिया शुद्ध होती है। ब्रहमाकुमारी संस्थान समाज के लिए नि:स्वार्थ सेवा कर रहीं है। यह संस्था एक ऐसी सुशिक्षित संस्था है जिसने मूल्यों के प्रकाश के माध्यम से दूनिया को अज्ञानता के अंधेरे से दूर करने में मदद की है।

# पंजीकृत कामगार योजना में मजदूर की बेटी को मिली नि:शुल्क स्कूटी



**फिरोजपुर झिरका।** पंजीकृत कामगार निर्माण योजना के तहत श्री शांति सागर कॉलेज की बीए सेकंड ईयर ईयर की छात्रा मोनिका पुत्री कृष्णा प्रजापत निवासी वार्ड 15 को लेबर डिपार्टमेंट से नि:शुल्क स्कूटी मिली।

स्कूटी मिलने से छात्रा सहित उनके परिजनों में खुशी की लहर है। आपको बताते चलें जिला नूंह में अब तक इस योजना के तहत कई मजदूर छात्राओं को नि:शुल्क स्कूटी प्रदान हो चुकी है। उक्त सभी जानकारी भवन निर्माण श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक जांगड़ा ने दी। उउन्होंने बताया कि नूंह जिला में आज हजारों की संख्या में पंजीकृत मजदूर है जिनको जागरूक होने की जरूरत है। पंजीकृत मजदूरों के बच्चों को इसके माध्यम से काफी मदद की जाती है। भवन निर्माण श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष दीपक जांगड़ा ने बताया कि इसके अलावा अब मुख्यमंत्री श्रमयोगी प्रतिभावान विद्यार्थी योजना के तहत नि:शुल्क लैपटॉप भी दिए जाएंगे।

# बच्चों को सेहतमंद रखने के लिए पिलाएं दो बूंद जिंदगी की

## चार लाख 17 हजार छह सौ दस नौनिहाल बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य

### एसएमओ ने क्षेत्र के कई गांवों का किया दौरा

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका



पोलियो की दवा कार्यक्रम की रिबन काटकर शुभारंभ करती सात वर्षीय खुशी ।

**फिरोजपुर झिरका** के एसएमओ डॉ कृष्ण कुमार की अगुवाई में शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय सघन पोलियो अभियान की शुरुआत सात वर्षीय बच्ची खुशी ने रिबन काटकर की ।

कार्यक्रम की शुरुआत होने के उपरांत स्थानीय एसएमओ डॉ कृष्ण कुमार ने दर्जनों गांवों के पोलियो बूथों का औचक निरीक्षण किया। दिशा निर्देश देते हुए टीम सदस्यों की सराहना की और अपने हाथों से कई बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। ग्रामीणों से अपील हुए उन्होंने कहा कि पोलियो की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है। इसमें छोटी सी लापरवाही बड़ा कारण बन सकती है इसलिए 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाना बेहद जरूरी है । इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं चाहिए। यह स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने कहा कि जब भी टीकाकरण अभियान सरकार की तरफ से चलाया जाए उसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से योजनाएं हमारे स्वास्थ्य सुधार के लिए चलाई जा रही हैं। यहां बीमारियां अधिक है लोगों में जानकारी का अभाव है इसलिए किसी बीमारी को छोटा न समझें। समय पर टीकाकरण कराएं और पोलियो की दवाई पिलवाएं।

डॉ कुमार ने बताया कि जीरो से 5 वर्ष तक के ब्लॉक के लगभग चार लाख 17 हजार छह सौ दस नौनिहाल बच्चों को पोलियो ड्रॉप लाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो की दवा पिलाने के लिए 273 बूथ और 318 टीम कार्य कर रही है। इसके अलावा 11 मोबाइल टीमें भी पहाड़ की ढानिया अन्य बस्तियों में पहुंचकर दवा पिलाने का कार्य कर रही है । उन्होंने बताया कि पहले दिन भूत पर दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा उसके बाद 2 दिन तक कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर पहुंचकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान फिरोजपुर झिरका के कई स्वास्थ्य केंद्रों और गांवों का दौरा किया।

## पहाड़ों पर बारिश, मारकंडा में आया 2.9 हजार क्यूसिक पानी

**शाहाबाद मारकंडा।** शनिवार रात हिमाचल में हुई लगातार बारिश के बाद रविवार दोपहर करीब 1 बजे मारकंडा नदी में 2.9 हजार क्यूसिक पानी ने दस्तक दी है। कालाअम्ब में मारकंडा नदी पर तैनात गेज रीडर कश्मीरा लाल ने बताया कि रविवार को पहाड़ों में फिलहाल बारिश नहीं है, लेकिन लगातार मौसम ने करवट ली हुई है और कभी भी बारिश हो सकती है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल काला अम्ब में मारकंडा नदी में मात्र 604 क्यूसिक पानी बह रहा है। शाहाबाद में मारकंडा नदी पर तैनात गेज रीडर रविंदर ने बताया कि स्थिति बिलकुल सामान्य है और पहाड़ों में हुई बारिश के बाद केवल 2.9 हजार क्यूसिक पानी ने ही शाहाबाद में दस्तक दी है। शाहाबाद में 25 हजार क्यूसिक पानी तक कोई खतरा नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्याम दीवाने मंडल के तत्वावधान में होगा दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव कार्यक्रम



**फिरोजपुर झिरका।** श्री श्याम दीवाने मंडल के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन देवेंद्र पुजारी निज मंदिर सेवक परिवार चुलकाना धाम के पावन सानिध्य में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के अनुसार आगामी 22 मार्च सुबह ग्यारह बजे बाबा खाटू श्याम का द्वितीय भव्य निशान रथ यात्रा का आयोजन सिविल लाइंस रोड पर स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर पर होगा। जोकि सुप्रसिद्ध बैंड एवं नपीरी, ढोल नगाड़े एवं डीजे के साथ शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए अपने गंतव्य स्थान गढ़ अंदर श्री सीता राम मंदिर पहुंचेगी। श्री श्याम दीवाने मंडल कार्यकारिणी सदस्य अंकित गोयल, नितिन गर्ग, नमन जैन, डॉ गुलशन चौहान, नितिन चावला, विकास गोयल, गौरव चौहान, सचिन गोयल, सम्यक जैन, सुभम जैन, मोहित गुप्ता, आशीष जैन ने दी। उन्होंने बताया कि भव्य निशान रथ यात्रा में मनमोहक एवं आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। निशान यात्रियों के ऊपर पुष्प वर्ष एवं इत्र वर्ष भी की जाएगी। यात्रा में अलौकिक श्रृंगार से परिपूर्ण बाबा श्यामा बग्गी में नजर आएंगे। मंडल की टीम ने बताया कि 23 मार्च शनिवार को बाबा श्याम का भव्य दरबार लगाया जाएगा और बाबा खाटू श्याम का अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। बाबा श्याम को रिझाने के लिए छप्पन प्रकार के भोग लगाएं जाएंगे। बाबा खाटू श्याम के दरबार में भजनों की हाजिरी लगाने के लिए राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक अजय शर्मा दौसा, नवीन अग्रवाल अलवर, गौरव दत्त तिजारा बाबा खाटू श्याम का गुणगान करेंगे। इसके अतिरिक्त श्री श्याम जगत की सुप्रसिद्ध गायिका अंजलि द्विवेदी बरेली उत्तरप्रदेश अपने कर्ण प्रिय भजनों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगी। मंडल की टीम ने शहर के समस्त धर्म प्रेमियों से अपील करते हुए कहा की सभी धर्म प्रेमी ज्यादा से ज्यादा संख्या में बाबा श्याम के दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में भाग लें और धर्म लाभ उठाएं।

### दोषियों पर हो कार्रवाई, अध्यापक पर दर्ज केस रद्द हो



**नूंह।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित (सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) खंड नूह के प्रधान शमशेर लौरा ने बताया कि एक मार्च को उर्दू विषय का पेपर था। जीएसएसएस खंड नूह के जीएसएसएस टपकन 2 के परीक्षा केंद्र से एक परीक्षार्थी के रिश्तेदार ने पेपर की फोटो खींच कर वायरल कर दिया था इस विषय में ऑब्जर्वर विक्रमजीत, केंद्र अधीक्षक व सुप्रवाइजर तथा परीक्षार्थी व उसके रिस्तेदार पर एफआईआर दर्ज करवा दी गई। बिना जांच पड़ताल किये ही ऑब्जर्वर विक्रमजीत, केंद्र अधीक्षक रविंद्र कुमार व सुप्रवाइजर पर एफ आई आर दर्ज करना गलत है जिसकी अध्यापक संघ खंड नूह कड़ी आलोचना करता है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ नकल रहित परीक्षा की पैरवी करता है लेकिन इस तरह से अध्यापकों को परेशान करने को सही नहीं मानता है। परीक्षार्थी व उसके रिश्तेदार पर कारवाई बनती है लेकिन अध्यापकों पर क्यों जबकि सुरक्षा इंतजाम करवाना तो प्रसाशन का काम है। संवेदनशील परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम की कमी के कारण ही कोई बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर आया होगा तो इसमें दोषी अध्यापक कैसे हुए। अत: दोषियों पर कारवाई हो न की निर्दोष पर। अध्यापक संघ खण्ड नूह के प्रधान शमशेर लौरा ने यह भी कहा कि प्रसाशन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा इंतजाम करे ताकि कोई बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर न जा सके। शमशेर लौरा ने बताया कि अध्यापक संघ हमेशा बच्चों व अध्यापकों के हित को सर्वोपरि रखता है इसलिए अध्यापकों पर दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए ताकि अध्यापकों में एक सकारात्मक विचार जाए।

### केयू चैम्पियन आफ एजुकेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा को उद्यमिता एवं कौशल विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए शनिवार देर सांय नई दिल्ली के भारत मण्डपम में भारत सरकार के साथ काम करने वाले समाधान ग्रुप की ओर आयोजित भव्य कार्यक्रम में चैम्पियन आफ एजुकेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यह अवार्ड जूना अखाड़ा कं मण्डलाधीश पूज्य स्वामी अवधेशानन्द, विश्व विख्यात मोटिवेशन स्पीकर एवं लेखक शिव खेड़ा, दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, प्रतीक त्रिवेदी, मनोज शुक्ला एवं स्वावलंबी भारत अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख कश्मीरी लाल तथा प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ व स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में ग्रहण किया। चैम्पियन आफ एजुकेशन अवार्ड 2024 ग्रहण करने के बाद कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शोध, नवाचार एवं उद्यमिता एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में केयू अग्रणी कार्य कर रहा है। इस सम्मान के लिए उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए उद्यमिता एवं कौशल विकास से जुड़ी केयू टीम के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि उद्यमिता को समर्पित इन अवार्डों के लिए फूड प्रोसेसिंग, स्टार्टअप, मेन्यूफेक्चरिंग, सोशल सेक्टर, एग्रीकल्चर, सर्विस सेक्टर, महिला उद्यमी, रियल एस्टेट एवं शिक्षा जैसे 10 क्षेत्रों से नॉमिनेशन मांगे गए थे। इनमें एक चयन समिति द्वारा एवं आनलाइन वोटिंग से हर क्षेत्र में 10-10 लोगों को चुनकर कर देश भर के 100 संस्थानों की सूची बनाई गई जिसमें से आईआईएम, लखनऊ की समिति द्वारा साक्षात्कार कर हर क्षेत्र के 3-3 लोगों की अन्तिम सूची बनाकर हर क्षेत्र के तीन प्रमुख संस्थानो के नाम घोषित किए गए।

### बस का शीशा तोड़ने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल ।** सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने व बस का शीशा तोड़ने के मामले की जांच थाना सदर पुलिस के एसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव पाडला निवासी अंकित को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सब डिपो टोहाना हरियाणा रोडवेज के बस चालक कबीरदास की शिकायत के अनुसार वह 1 मार्च को बस में सवारियां लेकर टोहाना से कैथल की तरफ आ रहा था। करीब सुबह 8.15 बजे पाडला बस अड्डा पर 5/7 साथ लड़के सड़क जाम किए हुए थे जिन्होंने उसके साथ गाली गलौच शुरु कर दी। अंकित ने लाठी से बस का फ्रंट का शीशा तोड़ दिया। उपरोक्त बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# मीडिया के आत्ममंथन का वक्त

**मंगलवार को राज्यसभा की 15 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम कर लिया। हालांकि यह वर्चस्व किस तरह भाजपा ने हासिल किया है, वह एक गंभीर सवाल बन चुका है।**

**सुप्रीम** कोर्ट के सबसे निष्पक्ष एवं बेदाग छवियों वाले न्यायाधीशों की जब भी बात चलती है तो उनमें पूर्व जस्टिस जोसेफ कूरियन का जिक्र हमेशा होता रहा है। उन्होंने भारत के मीडिया के बारे में जो टिप्पणी की है, उस पर स्वयं देश के मीडिया से जुड़े लोगों द्वारा विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने साफ कहा कि मीडिया देश के लोकतंत्र, संविधान एवं सच की रक्षा करने में पूर्णतः विफल रहा है। कैंपेन फॉर ज्युडिशियल एकाउंटिबिलिटी एंड रिफॉर्म्स (सीजेएआर) की ओर से आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए जस्टिस कूरियन ने कहा कि किसी को भी तथ्यों की सच्ची व निडर जानकारी नहीं मिलती। लोकतंत्र के लिये सबसे बड़ा झटका यह है कि मीडिया ने देश को हताश किया है। उनकी निराशा निर्मूल नहीं है। जो उनकी भावना है, लगभग वैसी ही देश के उन सभी लोगों की है जो संविधान में आस्था रखते हैं और लोकतंत्र को कायम रखना चाहते हैं। उन्होंने देश के लिये आशा की अंतिम किरण उन व्हिसलब्लोअरों को बताया जो अब भी लोगों को जाग्रत करने का काम कर रहे हैं और व्यवस्था की खामियों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के साथ खड़े होने की ज़रूरत बतलाई।

देश की सबसे बड़ी अदालत में न्यायदान करने वाले एक जस्टिस का अगर ऐसा सोचना है तो यह मीडिया संस्थानों और उससे जुड़े सभी लोगों के लिये यह भी सोचने का अवसर है कि आखिर उन्हें (कूरियन को) ऐसा बयान क्यों देना पड़ा है। दरअसल जस्टिस कूरियन की यह व्यथा पिछले करीब एक दशक के घटनाक्रमों का निचोड़ है जिसे हम मौजूदा शासकों की देन भी कह सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत में ऐसी परिस्थितियां पहले भी आई हैं। सबसे बड़ा उदाहरण है 1975 में लाया गया आपातकाल। देश के उस कालखंड में भी मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उसके खिलाफ खड़ा रहा। उसने इंदिरा गांधी जैसी ताकतवर, लोकप्रिय और उस दौरान तानाशाह बन गयी इंदिरा गांधी का भी मुकाबला किया था। हालांकि खुद इंदिरा जान गयी थीं कि यह मुल्क निरंकुशता को बर्दाश्त करने वाला नहीं है। उन्होंने अंततः स्वतः ही आपातकाल हटाया लेकिन मीडिया के, जो उस दौरान प्रिंट तक ही सीमित था, किसी भी हिस्से ने उसे सराहा नहीं था। उनके निधन के चार दशकों के बाद भी दिवंगत प्रधानमंत्री को उस कलंक से छुटकारा नहीं मिल सका है। गाहे-बगाहे अब भी उस प्रसंग की याद आलोचना के स्वरों में ही होती है। यह अलग बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली से तुलना करते हुए कुछ लोग दबी ज़ुबान में यह कहते सुनाई देते हैं कि वर्तमान अघोषित आपातकाल से तब का घोषित आपातकाल बेहतर था जब सामान्यजनों को तो कोई तकलीफ नहीं थी। हालांकि लोकतंत्र के मानकों के अनुरूप किसी भी आपातकाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। किया भी नहीं जाना चाहिये। बहरहाल, जस्टिस कूरियन जब ऐसा कहते हैं तो दरअसल वे भारतीय मीडिया के इस दौरान के कायराना अंदाज और बिकाऊपन की ओर इशारा कर रहे हैं। जिस प्रकार से मीडिया का बड़ा हिस्सा मोदी, केंद्र सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी का अंध समर्थन कर रहा है, वही सारा कुछ पूर्व न्यायाधीश के जेहन में है। दशक भर से लोग देख रहे हैं कि मीडिया ने किस प्रकार से नरेन्द्र मोदी की महामानव की छवि गढ़ने में स्वयं को झोंक दिया है। सरकार की असफलताओं का लेशमात्र भी उल्लेख न कर हर काम को उनका मास्टर स्ट्रोक बतलाने वाले मीडिया ने अपने आप को चारण परम्परा में ढाल दिया है। नोटबंदी से लेकर कोरोना काल और मणिपुर संबन्धी मसलों की पत्रकारिता को देखें तो हम पाते हैं कि अधिकांश मीडिया अपने बुनियादी उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने में असफल रहा है। इतना ही नहीं, उसे सरकार से जो सवाल करने थे, वे तो उसने किये ही नहीं, वह दिये जलाने और थाली-ताली पीटने में खुद ही शामिल हो गया। वह न प्रश्न करता है न किसी को करने देता है। यही मीडिया सवाल करने वालों को देशद्रोही बतलाता है। महिलाओं के अत्याचारों में वह पीड़िताओं के साथ नहीं वरन उत्पीड़कों के साथ था। शाहीन बाग हो या किसानों का आंदोलन, महिला पहलवानों का प्रदर्शन हो या ईवीएम हटाने के लिये चल रहा वकीलों-सिविल सोसायटियों का आंदोलन- उनमें मुख्य धारा का मीडिया सिरे से नदारद था। उसकी उपस्थिति होती भी है तो खामियां ढूंढने के मकसद से। ध्यान से देखें तो देश के नफरत व विभाजन के लिए भारतीय मीडिया भाजपा व केंद्र सरकार की बराबरी के दोषी हैं।

# एक नये युग का ऐतिहासिक शुभारंभ

**अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ है।**



**रामलाल**
(लेखक, आरएसएस के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख हैं)

22 जनवरी 2024 को, अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ।

भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद् स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिजोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।'

कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतयः धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय दालों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्य मंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ठ अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था।

आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय, नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमे सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, खासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएं सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाज के प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहाँ प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले जिला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन ड्यूटी कांस्टेबल अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुक़दमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था।

रामजन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले और इस आंदोलन में बलिदान हुए भक्तों के परिवार के सदस्य, रामजन्मभूमि की न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी अधिवक्ता-गण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। भारत की माननीया राष्ट्रपति और माननीय उप-राष्ट्रपति जी के साथ पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत की सुरक्षा में तत्पर तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष और परमवीर चक्र विजेता भी यहाँ थे और भारत को चंद्रमा तक ले जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों से लेकर भारतीय कोविड-वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक भी यहाँ थे। उच्चतम न्यायालय के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी, विभिन्न देशों में रहे भारत के राजदूतों से लेकर बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री और मैग्सेसे पुरस्कार के साथ साथ साहित्य अकैडमी पुरस्कार से सम्मानित महानुभाव भी सम्मिलित हुए। प्रख्यात अधिवक्ता, चिकित्सक, समाचार पत्रों और चैनल्स के संचालक/सम्पादक, प्रख्यात सोशल-मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स आदि के साथ साथ देश के बड़े औद्योगिक परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। भारत के प्रमुख राज परिवारों के सदस्यों से लेकर अनेक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी; चित्रकारी, शिल्पकारी, गायन, लेखन-साहित्य, वादन, नृत्यकला आदि ललित कलाओं के कलाकार; हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली, ओडिया, असमिया, भोजपुरी, पंजाबी एवं हरियाणवी फिल्म उद्योग की अनेक हस्तियां भी इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। 53 देशों से आये 150 प्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य पूजा में 15 यजमान बैठे थे, जिनमे



सभी जातियों-वर्गों (सिख, जैन, नवबौद्ध, निषाद समाज, वाल्मीकि समाज, जनजाति समाज, घुमंतू जातियाँ आदि) और भारत की सभी दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व) से आए व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था। देश का पोषण एवं विकास करने वाले किसान और मजदूर बंधुओं के साथ सहकारिता और ग्राहक संगठनों के प्रतिनिधि भी यहां उपस्थित थे। जिन श्रमिकों ने प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण को आकार दिया, प्रधानमंत्री जी ने स्वयं उन पर पुष्प-वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक प्रबंधक कार्यकर्ताओं से लेकर संघ के पूजनीय सरसंघचालक माननीय मोहन भागवत और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर जहां विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता दिन-रात लगे थे, वहीं ट्रस्ट के ही आग्रह पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अन्य कई स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के अनेक कार्यकर्ता इस आयोजन की व्यवस्था में थे। उनके प्रबंधन के अनुभव का लाभ सूक्ष्म दृष्टि से व्यवस्था के चिंतन में हुआ। सभी कुछ सूक्ष्म चिंतन करके तैयार किया गया था। अयोध्या के नागरिक और प्रशासन भी ट्रस्ट के साथ समन्वय करते हुए अयोध्या को संवारने में लग गए। अयोध्यावासी सामान्य-जन के लिए यह एक कौतूहल का विषय था कि कैसे 4 माह में अयोध्या नगरी का स्वरूप सहसा परिवर्तित हो गया। भक्त-जन, पूज्य साधु संत और अनेक महानुभावों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय था, जो कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षा दलों के बिना सम्भव नहीं था। उत्तर प्रदेश और अयोध्या पुलिस के सहयोग पूर्ण, मित्रवत् व्यवहार से सभी प्रभावित हुए। उसी का परिणाम था कि इतना बड़ा कार्य सरलता से निर्विघ्न व यशश्विता के साथ सम्पन्न हुआ। सभी के साथ प्रभु श्री राम का आशीर्वाद तो था ही।

तीन दिनों में अयोध्या में बिना किसी राजनैतिक या व्यावसायिक आयोजन के 71 निजी विमान गतिमान हुए। लखनऊ तथा अयोध्या के विमानतल एवं लखनऊ, अयोध्या, काशी, गोरखपुर, गोंडा, सुल्तानपुर, प्रयागराज आदि रेल-स्टेशनों पर केसरिया पटके के साथ स्वागत एवं यातायात की पूर्ण व्यवस्था की गयी। विभिन्न उपस्थित लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सभी के लिए आवास व्यवस्था सावधानीपूर्वक तैयार की गई थी। टेंट सिटी, होटेल, आश्रम, धर्मशाला सहित कुछ विद्यालयों तथा 200 स्थानीय परिवारों में रुकने की व्यवस्था की गयी थी। सम्पूर्ण अयोध्या 'राम आएंगे' गीत की ध्वनि से गुंजायमान थी। अयोध्या की गलियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद देर रात्रि तक सभी ने लिया।

भारत का इतिहास साक्षी है कि यह स्वयं में ऐसा एक ही कार्यक्रम था जहां इस स्तर के व्यक्ति 4-5 घंटों तक सामान्य कुर्सियों पर बैठे। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी वहां 4 घंटे व्हील-चेयर पर बैठे। ना तो वहां किसी के सहयोगी थे, ना ही सुरक्षाकर्मी। प्रसाद स्वरूप सभी को जल सेवा एवं जलपान अपनी कुर्सियों पर ही दिया गया। प्रभु श्री राम के घर में सभी जातियाँ, सभी वर्ग, सभी क्षेत्र, एक समान थे, एक साथ थे। सभी ने अपने औहदे, अपनी सामाजिक-आर्थिक महत्ता से ऊपर उठकर अयोध्या के सादगी-पूर्ण आतिथ्य को सहृदय स्वीकार किया।

भारत के हर नगर, हर गांव में सभी प्रभु श्री राम के शुभागमन हेतु आतुर थे। सम्पूर्ण भारत का हर गांव, हर मोहल्ला, हर मंदिर अयोध्या बन गया था। जो अयोध्या नहीं आ पाए, उन्होंने स्थानीय मंदिरों में पूजन किया, रात्रि में दीपोत्सव मनाया। सभी का मन एवं आत्मा उस दिन अयोध्या में ही थे। श्री रामलला के स्वागत हेतु अयोध्या नगरी एवं मंदिर परिसर को भी असंख्य क्विंटल पुष्पों से सुसज्जित किया गया, भारत के सभी प्रांतों के परम्परागत वाद्य-वादक, 30 से अधिक कलाकारों ने वातावरण को राम-गीतों से संगीतमय कर दिया और आरती के समय सहस्त्रों पीतल की घंटियों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। रामलला के अवतरण के साथ ही, हेलिकॉप्टर द्वारा मंदिर परिसर पर की गयी पुष्प वर्षा से लग रहा था मानों सम्पूर्ण देवलोक प्रसन्न होकर पुष्प-वर्षा कर रहा है। यह आयोजन एक समारोह मात्र के स्तर से ऊपर उठ गया था, यह एक दैवीय अनुभूति, एक आध्यात्मिक यात्रा में परिवर्तित हो चुका था। लोग भाव विभोर थे, वातावरण दिव्य लोक के समान एक अलौकिक आभा से आच्छादित हो गया। कुछ श्रद्धालुओं की आँखो में आँसू थे, कुछ नृत्य-लीन थे। कोई स्वर्ग की अनुभूति कर रहा था, कोई त्रेता युग की। सभी के लिए श्री राम पुनः लंका से अयोध्या लौट रहे थे। अगले दिन तो प्रातः 3 बजे से ही श्रद्धलुओं ने श्री रामलला के दर्शन हेतु पंक्ति-बद्ध होना प्रारम्भ कर दिया था। 23 जनवरी को लगभग 5 लाख लोगों ने उत्साह और पूर्ण अनुशासन के साथ श्री रामलला के दिव्य दर्शन किए।

अयोध्या के इस दैवी आयोजन ने जाति, वर्ग, भाषा, प्रांत, मत-पंथ की सीमाओं को पार करते हुए, परंपरा से ओत-प्रोत, फिर भी प्रगति को गले लगाते हुए, एक राष्ट्र की सामूहिक चेतना का जागरण किया। प्रभु श्री राम की चिर-विरासत का एक प्रमाण, जो विश्व भर में करोड़ों लोगों को प्रेरित और एकजुट करता है, यह आयोजन; एकता, अखंडता, समरसता और श्रद्धा के 'रामोत्सव' के रूप में युगों-युगों तक जीवित रहेगा। अब समय आ गया है कि हम प्रभु श्रीराम का स्मरण कर, भारत को सुखी, संपन्न, स्वस्थ, समर्थ और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लें। भारत को 'विश्व-गुरु' के रूप में स्थापित करें।

जय श्री राम!

# एमएसपी को कानूनी दर्जा देने से मजबूत होगी कृषि

**कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) घोषित करती है।**

**- के आर सुधामन**
( लेखक एकलव्य फॉउन्डेशन के पूर्व-निदेशक हैं)

**अक्सर** एमएसपी के संदर्भ में कहा जाता है कि वित्तीय बोझ होगा। यदि हम मानकर चलें कि फसलों के लिए हमें सरकारी उपार्जन और निजी बाजार दोनों की ज़रूरत है, तो उपार्जन का खर्चा अपने आप कम हो जाता है। दूसरा, इसे सब्सिडी की नज़र से न देखकर निवेश के रूप में देखें। क्या इस निवेश से विकास की पूर्ति हो रही है? किसानों को उचित भाव मिलना और खेती में सुरक्षा एवं गरिमा महसूस करना महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यत गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी एमएसपी पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाज़ार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 एमएसपी फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है।

अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं, जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं - वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए क्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। एमएसपी का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि




विशेष परिस्थितियों में मंडियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है।

मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार एमएसपी से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी एमएसपी से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना जरूरी हो तो अंश-कालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव एमएसपी के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की ज़रूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है।

दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव एमएसपी से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब एमएसपी का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी एमएसपी नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार एमएसपी के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल एमएसपी के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी।

उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव एमएसपी के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाज़ार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले। नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है।

हर वर्ष एमएसपी की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोड़कर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 एमएसपी फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे। इसे अनिवार्य करने के लिए एमएसपी की घोषणा से उपार्जन को जोड़ना होगा और केंद्र द्वारा संचालित एफसीआई को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा।

# भारत में गरीबी के 5 प्रतिशत से नीचे चले जाने का दावा गलत

**कल्याणकारी** योजनाओं के तहत आपूर्ति की गई मुफ्त राशि के आधार पर गरीबी के स्तर को नकारना महज कुतर्क होगा, क्योंकि यह सिर्फ गरीबी को थोड़ा सहनीय बनाता है, लेकिन कमाई के स्तर को बढ़ाकर गरीबी को खत्म नहीं करता है। यह सिर्फ मुफ्तखोरी और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उपभोग स्तर को बढ़ाने की राजनीति है, केवल यह दावा करने के लिए कि गरीबी कम हो गई है, जो वास्तव में बेकारी और कम कमाई के स्तर के कारण बदतर होती जा रही है। नेशन सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) द्वारा घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस 2022-23) के प्रकाशन के ठीक बाद, पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 की पूर्व संध्या पर गरीबी पर राजनीति शुरू कर दी गई है। सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने दावा किया है कि देश में गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गई है, खुदरा मुद्रास्फीति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है, तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के कमजोर होने और भारत का कुछ लोगों तक ही सीमित होने की बात गलत है।

जो लोग एचसीईएस के विवरण के बारे में नहीं जानते, उन्हें कभी पता नहीं चलेगा कि बीवीआर सुब्रमण्यम आखिर कह क्या रहे हैं। वह कह रहे हैं कि गरीब लोग वे हैं जो प्रति दिन 32 रुपये से कम कमाते हैं, और ऐसे लोगों का प्रतिशत 5 से भी कम होने की उम्मीद है। गरीबी रेखा के इस बेतुकी स्तर आलोचना पहले ही 2011-12 में हो चुकी है, और उस समय अधिकांश लोगों ने इसे खारिज कर दिया था, जब तत्कालीन योजना आयोग 32 रुपये प्रति दिन की कमाई पर गरीबी रेखा का विचार लेकर आया था। अब एक दशक बाद एक शीर्ष सरकारी अधिकारी का 32 रुपये की गरीबी रेखा पर आधारित तर्क दोगुना बेतुका है। यह तर्क देने के लिए उन्होंने हाल के 2022-23 सर्वेक्षण को आधार बनाया।

इस दावे का उद्देश्य आगामी लोक सभा आम चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मदद करना है, जब वह और भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयास कर रहे होंगे, और वे मोदी राज में वृद्धि और विकास की कथा को आगे बढ़ा रहे होंगे। अधिकारी ने आगे कहा, अगर हम प्रतिदिन 32 रुपये पर जायें, जो कि 2011-12 की अंतिम स्वीकृत गरीबी रेखा थी, और तब से मुद्रास्फीति के रुझान को ध्यान में रखते हुए उस स्तर को दोगुना कर लगभग 60 रुपये प्रतिदिन कर दिया जाए, तो आप देखेंगे गरीबी 10 प्रतिशत से कम है। इसका मतलब है कि शीर्ष अधिकारी अपने पहले के दावे का खंडन करते हैं कि गरीबी रेखा 5 प्रतिशत से नीचे चली गई है, जो 2011-12 की कीमतों पर थी, लेकिन मौजूदा कीमतों पर यह 10 प्रतिशत से नीचे होगी।

अब आइए एचसीईएस के अनुसार 2022-23 में विभिन्न वर्गों में मासिक प्रति व्यक्ति व्यय (एमपीसीई) औसत पर आते हैं। श्री सुब्रमण्यम ने स्वयं नोट किया कि निचले 5 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के लिए औसत उपभोग स्तर 1373 रुपये था, जबकि अगले 5 प्रतिशत के लिए यह 1782 रुपये था। कोई कल्पना ही कर सकता है कि यदि कोई व्यक्ति 1373 रुपये या 1782 रुपये प्रति माह पर भी जीवनयापन करता है तो वह गरीब कैसे नहीं है। हाल ही में नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक ने 11 फीसदी लोगों को गरीबी रेखा के नीचे रखा था, पीएम मोदी ने दावा किया था कि उनके शासन में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि पीएमजीकेएवाई के तहत 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है, जबकि सरकार को खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत अनुमानित 81.4 करोड़ गरीबों में से 1.4 करोड़ गरीबों की पहचान करना बाकी है। इसमें प्रवेश करने वाले और बाहर जाने वाले गरीबों की संख्या एक पहेली बनी हुई है। अब हम एचसीईएस 2022-23 परिणाम पर आते हैं। सर्वेक्षण पद्धति में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया। एचसीईएस 2011-12 में 347 आइटम थे, जबकि 2022-23 में कई नए आइटम जोड़े और कई हटा दिए गये।

वर्तमान सर्वेक्षण में कुल मिलाकर 405 आइटम थे। एक प्रश्नावली के स्थान पर तीन प्रश्नावली का प्रयोग किया गया - 1. खाद्य पदार्थों पर 2. उपभोग्य सामग्रियों एवं सेवाओं की वस्तुओं पर, और 3. टिकाऊ वस्तुओं पर। इसके अतिरिक्त, घरेलू विशेषताओं के साथ-साथ घरों के सदस्यों के जनसांख्यिकीय विवरण पर जानकारी एकत्र करने के लिए एक और प्रश्नावली थी। डेटा संग्रह का तरीका पेन-एंड-पेपर पर्सनल इंटरव्यू (पीएपीआई) से बदलकर कंप्यूटर-असिस्टेडपर्सनल इंटरव्यू (सीएपीआई) कर दिया गया। सर्वेक्षण स्वयं चेतावनी देता है कि पिछले सर्वेक्षणों के साथ एचसीईएस 2022-23 के परिणामों की तुलना करते समय इन परिवर्तनों पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। एमपीसीई के अनुमान, जिसके आधार पर श्री सुब्रमण्यम ने तर्क दिया है, में विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से परिवारों द्वारा मुफ्त में प्राप्त और उपभोग की जाने वाली कई वस्तुओं की खपत की मात्रा पर जानकारी एकत्र करने के लिए एक अलग अतिरिक्त प्रावधान भी है। नतीजतन, मुफ्त खाद्य पदार्थों और मुफ्त गैर-खाद्य वस्तुओं जैसे लैपटॉप, पीसी, टैबलेट, मोबाइल हैंडसेट, साइकिल, कपड़े, जूते (स्कूल जूते) आदि के मूल्य आंकड़े उचित विधि का उपयोग करके जोड़ दिये गये हैं इसलिए यह स्पष्ट है कि एचसीईएस 2022-23 डेटा पहले के डेटा से अलग है जिसे स्पष्ट रूप से समझने की आवश्यकता है अन्यथा यह हमें लोगों की वास्तविक कमाई और उनकी गरीबी के बारे में गलत निष्कर्ष पर पहुंचा देगा।

2022-23 में औसत अनुमानित एमपीसीई ग्रामीण भारत में 3,773 रुपए शहरी भारत में 6,459 रुपये है। ग्रामीण लोग भोजन पर 46 प्रतिशत और गैर-खाद्य पर 54 प्रतिशत खर्च करते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह क्रमशः 39 प्रतिशत और 61 प्रतिशत है। एमपीसीई द्वारा रैंक किये गये भारत की ग्रामीण आबादी के निचले 5 प्रतिशत का औसत एमपीसीई 1,373 रुपये है, जबकि यह शहरी क्षेत्रों में समान श्रेणी की जनसंख्या के लिए 2,001 रुपये। एमपीसीई द्वारा रैंक किए गए भारत की ग्रामीण और शहरी आबादी के शीर्ष 5 प्रतिशत का औसत एमपीसीई क्रमशः 10,501 रुपए और 20,824 रुपये है। यह अंतर बहुत गहरा है जो मोदी शासन में असमानता को दर्शाता है। 2022-23 के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की खपत का स्तर 3773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6459 रुपये है।

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# हरियाणा की लोकसभा सीटों के लिए भाजपा के टिकटों का ऐलान छह या सात को

## प्रदेश की राजनीति में प्रवेश के कयासों के बीच तीन नेताओं को बाहर के टिकट

एजेंसी। चंडीगढ़



**हरियाणा** की 10 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा छह या सात मार्च को संभव है। अलबत्ता हरियाणा की राजनीति में प्रवेश के कयासों के बीच केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को राजस्थान की अलवर लोकसभा सीट से प्रत्याशी तय कर दिया गया है।

अलवर से बाबा बालकनाथ सांसद रह चुके हैं, जो अब अलवर जिले की तिजारा विधानसभा सीट से विधायक हैं। बाबा बालकनाथ का नाम रोहतक लोकसभा सीट के लिए भी चल रहा है। भाजपा के पैनल में हरियाणा से बाबा बालकनाथ का नाम केंद्रीय चुनाव समिति के पास गया है। रोहतक से मौजूदा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा के साथ भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ का नाम भी पैनल में शामिल है।

भाजपा की प्रदेश चुनाव समिति ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का नाम गुरुग्राम और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीटों से प्रस्तावित किया था, लेकिन पार्टी द्वारा करवाए गए आंतरिक सर्वे में भूपेंद्र यादव को हरियाणा में स्वीकार्यता नहीं मिली है। भाजपा ने भूपेंद्र यादव को हरियाणा के चुनावी रण में उतारने का जोखिम नहीं लिया और उन्हें अलवर से लोकसभा टिकट दे दिया है।

दूसरी ओर भाजपा के हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब वेस्ट त्रिपुरा सीट से लोकसभा प्रत्याशी बनाए गए हैं।भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने हर राज्य में एक-एक लोकसभा सीट का आंतरिक सर्वे करा रखा है। इस सर्वे रिपोर्ट का राज्यों की ओर से आने वाले पैनल से मिलान किया जा रहा है। यदि पैनल में शामिल नाम और भाजपा के सर्वे में सामने आए नाम एक समान है तो टिकट तय है अन्यथा भाजपा का शीर्ष नेतृत्व टिकट काटने में किसी तरह का परहेज नहीं कर रहा है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब वेस्ट त्रिपुरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। देब त्रिपुरा के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं और हाल ही में राज्यसभा चुनाव जीते थे।

पार्टी ने देब को हरियाणा भाजपा का लोकसभा चुनाव प्रभारी भी बना रखा है। भाजपा द्वारा जिन 195 उम्मीदवारों की घोषणा की गई, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज का नाम भी शामिल है। सुषमा स्वराज मूल रूप से हरियाणा के अंबाला जिले की रहने वाली थी। वह अक्सर अपने भाई के पास यहां राखी बांधने या भैयादूज के त्योहार पर आती रहती थी। सुषमा स्वराज ने हरियाणा से चुनाव भी लड़े हैं। उनकी बेटी बांसुरी स्वराज को भाजपा ने नई दिल्ली से चुनाव मैदान में उतारा है।

### अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सुनाई 20 साल की सजा, 20 हजार जुर्माना

**कैथल।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायालय पोक्सो डॉ. गगनदीप कौर सिंह की अदालत ने एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल की कैद और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 4 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने डीएलएसए के माध्यम से भी पीड़ित लड़की को 4 लाख रुपए मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। इस बारे में लड़की के पिता ने 9 जून 2022 को थाना चीका में आईपीसी की धाराओं 363, 366-ए, 376 (2)(एन), 376-3 तथा पोक्सो एक्ट की धारा 4 (2) और 6 के तहत मुकदमा नंबर 239 दर्ज करवाया था। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से बहस उप जिला न्यायवादी जय भगवान गोयल ने की। पुलिस रिपोर्ट के हवाले से गोयल ने बताया कि शिकायतकर्ता की लड़की 8 जून 2022 को बिना बताए घर से चली गई।

# रोहतक जिला प्रशासन का अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा

### प्रशासन की हिदायत के बाद काटी जा रही थी कॉलोनी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



रोहतक के नजदीक काटी जा रही अवैध कालोनी पर चलता पीला पंजा

**प्रशासन** की बिना अनुमति के शहर के नजदीक नई कॉलोनी बनाने वाले भूमाफियों के मंसूबों पर प्रशासन के पीला पंजा चला। बता दें कि प्रशासन किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनियों को लेकर सक्रिय हो रहा है। प्रशासन की सक्रियता के बाद भी कुछ लोगों ने रोहतक के नजदीक मकड़ौली खुर्द के पास एक अवैध कालोनी का निर्माण किया जा रहा था। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करवा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान विकसित की गई दो अवैध कॉलोनियों को तोड़ने का काम किया।

रोहतक जिले में प्रशासन की बड़ी अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। जहां प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाने का काम किया। इस दौरान विकसित की गई दो अवैध कॉलोनियों को तोड़ने का काम किया। वहीं प्रशासन ने एक अवैध ढाबे को भी ढहाया। इस दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

डीसी अजय कुमार ने कहा कि प्रशासन द्वारा तोड़-फोड़ अभियान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने आमजन से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी को अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अनधिकृत कॉलोनियों में निवेश न करें, क्योंकि अनधिकृत कॉलोनियों में निर्माण को गिराने की विभागीय कार्रवाई प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाती है।

# अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं: घनश्याम दास अरोड़ा



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**पोलियो** की रोकथाम के लिए देशभर में पल्स पोलियो अभियान का आरम्भ आज 03 मार्च से किया गया है तथा इसी के साथ प्रति वर्ष आज ही के दिन विश्व श्रवण दिवस अर्थात वर्ल्ड हियरिंग डे भी मनाया जाता है। इसी के चलते आज मुकंद लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक यमुनानगर घनश्याम दास अरोड़ा तथा विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा उपस्थित रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा द्वारा 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर जिले में पोलियो अभियान का आरम्भ कराया गया तथा इसके साथ ही विश्व श्रवण दिवस के चलते बुजुर्गों में कान की मशीन व व्हीलचेयर भी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला, पोलियो नॉडल अधिकारी डॉ. कपिल कम्बोज, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. शशी, डॉ पुनित कालड़ा, डॉ. रीमा बैरी, माधव चंद, गौरव, मोहित व संदीप सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

विधायक घनश्याम दास ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त हो गया है तथा काफी समय से भारत में कोई नया पोलियो का केस दर्ज नहीं हुआ है, परन्तु हमें फिर भी अपने 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों को हर बार पोलियो की दो बूंद पिलानी चाहिये। उन्होंने कहा कि केवल दो बूंद पोलियो की दवा पिलाने से बच्चे में उम्रदराज बीमारी होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा की एक उम्र होने के पश्चात बुजुर्ग व्यक्तियों में श्रवण शक्ति कम होने लगती है, अतः सरकार इस प्रकार के मरीजों के लिये जांच व मशीनें उपलब्ध कराने का प्रयास रत है ताकि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि सरकार जिला वासियों तक हर सरकारी सेवा व स्वास्थ्य सेवा को समय-समय पर पहुंचती रहती है ताकि आमजन तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे तथा जिला वासियों का जीवन स्तर बहतर होता रहे। मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला ने बताया कि पोलियो अभियान के तहत तीन दिनों तक 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक अर्थात दो बूंद पिलाई जाएंगी जिसके चलते आज रविवार को फिक्स बूथ पर स्वास्थ्यकर्मी दवा पिलाएंगे तथा बाकी के दो दिन घर-घर जा कर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाये। उन्होंने कहा की पॉलियों का स्लोगन भी है "एक भी बच्चा छूट गया, सुरक्षा चक्र टूट गया।" अर्थात सभी बच्चों को पोलियो पिलाना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष में कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिसके तहत पहले से पंजीकृत मरीजों को हियरिंग एड अर्थात कान की मशीन प्रदान की गई हैं। बहरेपन की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाया जाता है।

# श्री बालाजी एवं श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन नौ मार्च को, सुबह निशान यात्रा निकाली जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**श्री** श्याम परिवार करनाल की ओर से श्री बालाजी एवं श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन 9 और 10 मार्च को किया जाएगा। हर वर्ष की भांति भव्य और विशाल आयोजन के लिए श्याम प्रेमी तैयारियों में जुटे हैं। रविवार को कार्यक्रम स्थल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 14 में विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। श्री बाला जी महाराज और श्याम बाबा का आह्वान किया गया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री श्याम परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि नौ मार्च को सुबह निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होगी और शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए संकीर्तन स्थल पर विश्राम लिया जाएगा। इसी दिन शाम को चार बजे से श्री अनुरुद्धाचार्य जी (वृंदावन धाम) के पावन मुखारवृंद से प्रवचन सुनने को मिलेंगे। प्रिया प्राची ठाकुर श्री बाला जी महाराज का गुणगान करेंगी। इसी प्रकार 10 मार्च को शाम छह बजे से श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नंद किशोर शर्मा नंदू भैया और रीतू पांचाल श्री श्याम की महिमा का बखान करेंगे। श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाने के लिए विशेष फूल मंगवाए गए हैं और अनुभवी कलाकार श्याम बाबा का दरबार सजाएंगे। ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी के आशीर्वाद से संकीर्तन के दोनों दिन भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं को गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। स्वामी मुक्तानंद जी महाराज, स्वामी प्रेममूर्ती व स्वामी श्री रामदास जी महाराज सहित सम्मानित साधु संतों को श्री श्याम वंदना महोत्सव में आमंत्रित किया गया है।

### पहाड़ों में हुई बारिश के बाद मारकंडा नदी में आया 2.9 हजार क्यूसिक पानी

**शाहाबाद मारकंडा।** शनिवार रात हिमाचल में हुई लगातार बारिश के बाद रविवार दोपहर करीब 1 बजे मारकंडा नदी में 2.9 हजार क्यूसिक पानी ने दस्तक दे दी है। कालाअम्ब में मारकंडा नदी पर तैनात गेज रीडर कश्मीरा लाल ने बताया कि रविवार को पहाड़ों में फिलहाल बारिश नहीं है, लेकिन लगातार मौसम ने करवट ली हुई है और कभी भी बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि फिलहाल काला अम्ब में मारकंडा नदी में मात्र 604 क्यूसिक पानी बह रहा है। शाहाबाद में मारकंडा नदी पर तैनात गेज रीडर रविंदर ने बताया कि स्थिति बिलकुल सामान्य है और पहाड़ों में हुई बारिश के बाद केवल 2.9 हजार क्यूसिक पानी ने ही शाहाबाद में दस्तक दी है। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि शाहाबाद में 25 हजार क्यूसिक पानी तक कोई खतरा नहीं है और फिलहाल हिमाचल के पहाड़ों में भी बारिश नहीं है।

# बैंक व डाकघर जन-जन तक पहुंचाएंगे मतदान है जरूरी का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



### आईबीए व भारतीय डाक विभाग के बीच हुआ एमओयू: जिला निर्वाचन अधिकारी

**जिला** निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारतीय चुनाव आयोग ने बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने भारतीय बैंक संघ(आईबीए) व डाक विभाग के साथ दो एमओयू साइन किये हैं। चुनाव का उद्देश्य लोगों को मतदान को लेकर अधिक से अधिक जागरूक करना है। इसके साथ ही डाक विभाग की मदद से आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग पंजीकृत मतदाताओं को सौ फीसद वोटिंग के लिए जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रहा है। चुनाव आयोग की तरफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईबीए द्वारा बैंकों में आने वाले उपभोक्ताओं को मतदान के लिए अवेयर किया जाएगा व भारतीय डाक विभाग देशभर के डाकघरों में मतदान के महत्व को दर्शाते हुए जानकारी को प्रदर्शित करेंगे। भारत में करीब 1.55 लाख पोस्ट ऑफिस हैं व 1.6 लाख बैंक शाखा हैं।

# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

### परिजनों ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप

एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने कुरुक्षेत्र-पिपली मार्ग पर नया बस अड्डा के समीप निजी अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी सतविंद्र कौर को हर्निया थी। वे 21 फरवरी को डॉक्टर को अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट दिखा कर घर चले गए। 22 फरवरी को उसकी पत्नी को एडमिट कर दिया गया। 22 फरवरी को उसकी पत्नी का आप्रेशन किया गया। आप्रेशन के 24-25 घंटे तक उसकी पत्नी को होश नही आया। वह अस्पताल में खुद चल कर आई थी। उसकी पत्नी को 10-12 दिन अस्पताल में रखा। कभी वेंटिलेटर पर रखते रहे, तो कभी उतारते रहे। 2 मार्च को इन्होंने उसकी पत्नी को फोर्टिज अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां पर डॉक्टरों ने यह कहते हुए इलाज करने से मना कर दिया कि इसमें कुछ नहीं है। इसके बाद वह अपनी पत्नी को अंबाला के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां अलसुबह 3 बजे उसकी पत्नी की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सतविंद्र कौर की मौत हो गई है। जब वे मौके पर आए तो पता चला कि अस्पताल में सतविंद्र कौर का हर्नियां का आप्रेशन हुआ था, जिसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया था, जहां उसकी मौत हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा कि महिला की मौत किन कारणों से हुई है।

# भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार : शमशेर खरक

## भाजपा के पक्ष में चल रही देशभर में लहर, केवल देश के जागरूक मतदाताओं का ईवीएम मशीन तक पहुंचाना शेष

### भाजपा की लहर पूरे देश में चल रही है, पार्टी चुनाव के लिए तैयार है

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



महम में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते शमशेर सिंह खरक

**भाजपा** ने प्रदेशभर की 90 विधानसभा सीटों पर अपने चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने गुरुग्राम से कार्यालयों का उद्घाटन किया और लोगों को संबोधित किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पुंडरी से लाखों कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने महम विधानसभा क्षेत्र में उद्घाटन समारोह में शिरकत की। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शमशेर खरक ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में लहर चल रही है। पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। चुनाव का दिन लोकतंत्र में एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है। भाजपा लोकसभा चुनाव में जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

खरक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र में मोदी व हरियाणा में मनोहर सरकार के द्वारा किए गए जनहितैषी कार्यों के प्रचार और प्रसार में जुट जाएं। जो सुविधाएं देश व प्रदेश में हमारी भाजपा सरकारों ने दी हैं और जरूरतमंद लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, उनका लाभ हर वंचित व्यक्ति को मिल रहा है या नहीं, वह भी देखने की जरूरत है। खरक ने कहा कि हमारी मनोहर लाल के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार व पार्टी संगठन ने तीन कड़ियों में लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलने में आ रही कठनाइयों को दूर करने का प्रयास किया। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री के द्वारा जनता से सीधा जनसंवाद के कार्यक्रम माध्यम से, फिर मंत्रियों एवं विधायकों ने गांव-गांव जाकर इन कठनाइयों को दूर किया। इसके बाद तीसरे चरण में हर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा नेतृत्व के द्वारा हर वरिष्ठ कार्यकर्ता को प्रदेश भर के सभी बूथों पर जा कर एक दिन-रात बिताने के लिए भेजा ताकि लोगों की समस्याओं को सुनकर और उनका समाधान किया जा सके। अब भारतीय जनता पार्टी से आम आदमी पूर्ण रूप से संतुष्ट है। अब मतदाताओं को जागरूप कर ईवीएम मशीन पर जाकर भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे अपने मत का सही प्रयोग कर सकें।

# अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज के साथ एक से सात मार्च के बीच मनाएं महिला दिवस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अगर आप हर साल बूमंस डे के मौके पर एक जैसा उपहार देकर बोर हो गए हैं। तो इस साल पारंपरिक उत्सवों से कुछ हटकर सोचें और अपने जीवन की सबसे खास महिला को कुछ इनोवेटिव तरीके से सरप्राइज दीजिए। आप उसके टेस्ट और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए, स्वादिष्ट विकल्पों की पूरी रेंज में से उनके लिए बेहतरीन प्रोडक्ट चुन सकते हैं और उनकी भरपूर प्रशंसा और प्यार पा सकते हैं। चाहें आप उनके लिए चमचमाता साफ-सुथरा घर पेश करें, या फिर एक बेहद खास सेल्फ-केयर डे के लिए पर्सनल केयर प्रोडक्ट की बास्केट उपहार में दें या फिर फ्रेश गॉसरीज के साथ उनका पसंदीदा खाना तैयार करना हो। आपके लिए 1 से 7 मार्च 2024 तक अमेजन फ्रेश लेकर आया है सुपर वैल्यू डेज। आप यहां से साफ सफाई से जुड़े उत्पाद, किराने का सामान, पैकेज्ड फूड, लजीज व्यंजन, पेय पदार्थ, रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं, पर्सनल केयर सहित क्वालिटी प्रोडक्ट का विस्तृत रेंज को 45 प्रतिशत तक की छूट जैसी शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ खरीद सकते हैं। यहां पर आप अमूल, डाबर, लैक्मे, एरियल, डेटॉल और अन्य जैसे कई लोकप्रिय ब्रांडों के प्रोडक्ट में से खरीदारी कर सकते हैं। आप इस बुमंस डे पर उनके खास टेस्ट और पसंद को पूरा करने वाले बेहतरीन क्वालिटी वाले उत्पादों को खरीद सकते हैं और उनके लिए इस खास दिन को यादगार बना सकते हैं। अमेजन फ्रेश द्वारा एक ही ऑनलाइन गंतव्य से सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ क्वालिटी प्रोडक्ट एक बेहद ही किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इसके अलावा ग्राहक एक से चार मार्च तक न्यूनतम 2,500 रुपये के लेनदेन पर बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके 10 प्रतिशत के इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। नए ग्राहक अपने पहले चार ऑर्डर पर 400 रुपये के कैशबैक ऑफर का आनंद ले सकते हैं। प्राइम रिपीट ग्राहक 150 रुपये तक के कैशबैक रिवॉर्ड के साथ मेगा बचत का आनंद ले सकते हैं।

इस बूमंस डे के मौके पर शानदार डील्स के साथ इन बेहतरीन उपहारों की खरीदारी करें। ये प्रोडक्ट आपके जीवन की सबसे खास महिलाओं के साथ इस दिन का जश्न मनाने के लिए हैं। यह स्टोर उपहारों और खास उत्पादों की एक शानदार श्रृंखला पेश करता है। यहां मौजूद हर शानदार प्रोडक्ट रेंज आपको उनकी भरपूर सराहना और प्रशंसा प्रदान करेगी।

# फ्लिपकार्ट ने लॉन्च किया अपना यूपीआई हैंडल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / करनाल

भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपना यूपीआई हैंडल लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके तहत फ्लिपकार्ट अपने 50 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों के अनुभव को खास बनाने के लिए यूपीआई लॉन्चिंग के बाद सुपरकॉइन्स, कैशबैक, माइलस्टोन बेनिफिट और ब्रांड वाउचर्स जैसे लॉयल्टी फीचर्स भी प्रदान किए जाएंगे। इंडिया का मोस्ट रिवार्डिंग यूपीआई की टैगलाइन के साथ यह इनोवेटिव एवं सुरक्षित समाधान पूरे भारत में ग्राहकों के पेमेंट अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। एक्सिस बैंक द्वारा समर्थित फ्लिपकार्ट यूपीआई शुरुआत में एंड्रॉयड ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। ग्राहक एफकेएक्सिस हैंडल के साथ अपना यूपीआई पंजीकरण कर सकेंगे। इसकी मदद से फ्लिपकार्ट ऐप का प्रयोग करते हुए फंड ट्रांसफर करना और चेकआउट पेमेंट करना संभव होगा। यूपीआई आज के दौर में भुगतान का प्राथमिक विकल्प बनकर उभर रहा है। ऐसे में फ्लिपकार्ट यूपीआई की लॉन्चिंग से लोगों को सुविधा मिलेगी और जीरो-कॉस्ट सॉल्यूशन का लाभ उठा सकेंगे।

फ्लिपकार्ट के फिनटेक एंड पेमेंट्स ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट धीरज अनेजा ने कहा, गतिशील डिजिटल परिदृश्य को देखते हुए, फ्लिपकार्ट की ओर से यूपीआई को लॉन्च करना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह यूपीआई की सुविधा और किफायती व्यवस्था को फ्लिपकार्ट की विश्वसनीयता के साथ जोड़ता है, जो ग्राहकों को लाभ प्रदान करता है। फ्लिपकार्ट में हम अपने ग्राहकों को सुपरकॉइन, ब्रांड वाउचर्स व अन्य इनाम एवं लाभ के साथ-साथ सुरक्षित एवं सुविधाजनक पेमेंट विकल्प प्रदान करते हुए बेहतरीन कॉमर्स अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, फ्लिपकार्ट डिजिटल रूप से सशक्त समाज को आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है तथा भारत की डिजिटल क्रांति में अग्रणी के तौर पर हमारी भूमिका को मजबूती देता है।

इस साझेदारी को लेकर एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट एंड हेड ह्न कार्ड्स एंड पेमेंट्स संजीव मोघे ने कहा, अपने ग्राहकों को यूपीआई के माध्यम से व्यापक पेमेंट विकल्प देने की दिशा में एक्सिस बैंक हमेशा अग्रणी रहा है। साझेदारी एवं इनोवेशन के माध्यम से हम यूपीआई में लगातार विस्तार कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट के साथ हमारी साझेदारी ने भारत के सबसे सफल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्डों में से एक को लॉन्च करने से लेकर अब फ्लिपकार्ट यूपीआई सेवा लॉन्च करने तक एक लंबा सफर तय किया है। ग्राहक अब एफकेएक्सिस हैंडल के साथ यूपीआई पंजीकरण कर सकेंगे और फ्लिपकार्ट ऐप की मदद से फंड ट्रांसफर एवं चेकआउट पेमेंट्स समेत सभी प्रकार के लेनदेन कर सकेंगे। यह सुविधा क्लाउड होस्टेड है और इसीलिए यह ग्राहकों को स्थायी एवं व्यापक यूपीआई प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। जिससे ग्राहक को लाभ मिले।

# एनआईटी त्रिची को हराकर सेमी फाइनल में पहुंची एनआईटी कुरुक्षेत्र की टीम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

**राष्ट्रीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय अंतर एनआईटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का तीसरा दिन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। प्रतियोगिता के तीनों दिनों में, टीमों ने प्रतिस्पर्धा करते हुए उच्च स्तरीय खेल प्रदर्शित किया और दरअसल, वॉलीबॉल के इस महत्वपूर्ण इवेंट को एक यादगार अनुभव बना दिया। जानकारी के अनुसार पुरुष वर्ग में एनआईटी कुरुक्षेत्र ने एनआईटी त्रिची को हरा कर सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की की। वहीं दूसरे कड़े मुकाबलों में एनआईटी जमशेदपुर, एनआईटी कालिकट, एनआईटी सूरत की पुरुष वर्ग टीमों ने सेमिनल में अपनी जगह पक्की की। पहला सेमिफिनल मैच एनआईटी कुरुक्षेत्र व एनआईटी कालिकट के बीच खेला गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच एनआईटी सूरत व एनआईटी जमशेदपुर के बीच खेला गया। दूसरी और महिला वर्ग में खेले जा रहे मुकाबलों में एनआईटी कुरुक्षेत्र ने एनआईटी पांडुचेरी को हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया व इसके अलावा एनआईटी सुरतकल, एनआईटी भोपाल व एनआईटी नागपुर की महिला वर्ग की टीम सेमी फाइनल तक पहुचने में सफल रही। पहला सेमी फाइनल मैच एनआईटी सुरतकल व एनआईटी भोपाल के बीच खेला गया व दूसरा सेमीफाइनल मैच एनआईटी कुरुक्षेत्र व एनआईटी नागपुर के बीच खेला गया। शारीरिक शिक्षा और खेल के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. पीसी. तिवारी ने इस इवेंट में भाग लेने वाले सभी टीमों और खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर एनआईटी संस्थान के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर दीक्षित गर्ग, शारीरिक शिक्षा और खेल के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. पीसी तिवारी आदि मौजूद थे।

# राखीगढ़ी की तर्ज पर विकसित होगा अग्रोहा धामः मनोहर लाल

## अग्रोहा धाम की खुदाई व विकसित करने को लेकर एएसआई और पुरातत्व विभाग के बीच हुआ एमओयू

### हिसार हवाई अड्डे में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा की जाएगी स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अग्रोहा स्थित महाराजा अग्रसेन मैडिकल कॉलेज में शोध के लिए महाराजा अग्रसेन के नाम पर पीठ और हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की।

ये घोषणाएं उन्होंने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हिसार के अग्रोहा स्थित पुरातत्व स्थल को विकसित करने को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा पुरातत्व एवं सग्रहालय विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर अवसर पर की। इस समझौता ज्ञापन पर एएसआई की ओर से महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत और हरियाणा पर्यटन एवं विरासत विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं अग्रोहा विकास परियोजना के को-चेयरमैन डॉ कमल गुप्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




### सीएम ने महाराजा अग्रसेन को बताया भामाशाह

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि दानवीर के रूप में दो ही नाम सामने आते हैं-दानवीर कर्ण और महाराजा अग्रसेन। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन समाज के भामाशाह रहे हैं। यहीं गुण अग्रवाल व वैश्य समाज में आज भी है। वैश्य समाज के लोग दान देने की प्रवृति रखते है जो कि अच्छी बात है।इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचन्द गुप्ता, जिन्हें अग्रोहा विकास परियोजना का चेयरमैन मनोनीत किया गया है, ने अग्रोहा धाम को पुरातत्व की दृष्टि से विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समाज की यह वर्षो से इच्छा थी कि हजारों वर्ष पुराने इस अग्रोहा स्थल और महाराजा अग्रसेन जैसे महापुरूष के बारे में लोग जानकारी प्राप्त कर सकें, इसके लिए कुछ होना चाहिए। आज इस दिशा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एमओयू किया गया है। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना (एडीपी) के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री और एडीपी के को-चेयरमैन डॉ कमल गुप्ता, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं एडीपी के वाईस चेयरमैन दीपक सिंघल, हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एवं एडीपी के वाईस चेयरमैन एमडी सिन्हा, एएसआई के महानिदेशक एवं एडीपी के सदस्य यदुबीर सिंह रावत, पुरातत्व एवं सग्रहालय विभाग हरियाणा के निदेशक और एडीपी के सदस्य सचिव अमित खत्री, अग्रसेन फाउंडेशन के अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और यह प्रतिमा समाज के सहयोग से निर्मित होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि किसी के अनुरोध किए बिना भी उन्होंने हिसार में बनाए गए विश्व के सबसे बड़े हवाई अड्डे का नामकरण महाराजा अग्रसेन के नाम पर किया है।

उन्होंने कहा कि मानव सभ्यताएं मुख्य रूप से नदियों के किनारे विकसित हुई और ऐसे प्रमाण मिले है कि सरस्वती नदी जो आदिबदरी (यमुनानगर) से निकलती है उसका प्रवाह हरियाणा से गुजरता था। पहाड़ों में उत्खनन होने की वजह से नदी का प्रवाह दूसरी नदियों में चला गया होगा, लेकिन सैटेलाइट से ऐसे प्रमाण मिले है कि सरस्वती नदी हरियाणा के आदिबदरी से शुरू होकर राजस्थान, गुजरात होते हुए समुद्र में जाती है। इसी नदी के किनारे कई शहर बसे हुए थे, जिनमे से एक अग्रोहा शहर भी था। वह शहर आज दब गया है । यह शहर व्यापार का केन्द्र होता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि फतेहाबाद का कुनाल, भिरढाना, बनावाली तथा हिसार के राखीगढ़ी भी सरस्वती के किनारे बसे स्थल है। अग्रोहा पुरातत्व की दृष्टि से हमारे लिए महत्वपूर्ण स्थल है, जो दर्शाता है कि हमारी संस्कृति समृद्ध रही है और समाज को ऊंचा उठाने का काम तब भी हुआ है। मनोहर लाल ने कहा कि यह माना जाता है कि पुरातत्व महत्व के स्थल सबसे ज्यादा भारत में है और देश में हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है जहां पर एक हजार से अधिक पुरातत्व से संबंधित स्थल हैं।



मुख्यमंत्री ने अग्रोहा से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन के कार्य के लिए अग्रोहा में लगभग डेढ़ महीने तक प्रवास किया था। लोगों ने बताया कि पुराना अग्रोहा दबा हुआ है, जो कि महाराजा अग्रसेन की राजधानी थी।

# पिछड़ा वर्ग को लोस चुनाव में एक सीट अवश्य दें भाजपा : जांगड़ा

### हरियाणा पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बैठक कर उठाई मांग

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

जांगड़ा धर्मशाला में हरियाणा पिछड़ा वर्ग से संबंधित समस्त धर्मशालााओं से प्रधान व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पिछड़ा वर्ग बैठक की अध्यक्षता जांगड़ा महासभा के पूर्व प्रधान सतपाल जांगड़ा ने की। इसके अलावा बैठक में कश्यप समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल कश्यप, प्रजापति कुम्हार धर्मशाला सभा के प्रधान दर्शन लाल, जांगड़ा ब्राह्मण सभा के प्रधान राजपाल, धीमान ब्राह्मण सभा कुरुक्षेत्र से राजीव धीमान, हरियाणा पाल गडरिया समाज के प्रधान शमशेर सिंह, सुनार सभा के प्रधान राजकुमार, सचिव राम कुमार, जरनैल सिंह मैनेजर, धीमान समाज से राजीव धीमान ने बैठक को संबोधित किया। सभी ने सरकार से मांग की कि लोकसभा चुनावों में हरियाणा से कम से कम एक प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग-ए का अवश्य बनाया जाए। सतपाल जांगड़ा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज केंद्र व प्रदेश में सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन पिछड़ा वर्ग ए को लोकसभा में भागीदारी नहीं हुई।

जांगड़ा समाज के पूर्व प्रधान सतपाल जांगड़ा व कश्यप राजपूत समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने कहा कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग ए वर्ग की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री रामचन्द्र के अनुयायी है। पिछड़ा वर्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग को लोकसभा चुनाव में भागीदारी की भी मांग की। ओमपाल कश्यप ने कहा कि हरियाणा गठन के बाद पिछड़े वर्ग ए और 72 जातियों यानी 35 प्रतिशत आबादी को कभी भी लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम को लागू करने के लिए राजनीतिक पार्टियों को बाध्य करना पिछड़ा वर्ग आयोग और चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। पार्टियों से यह स्पष्टीकरण भी मांगा जाना चाहिए कि उक्त वर्गों को लोकतंत्र में उचित प्रतिनिधित्व क्यों नहीं दिया गया।इस कारण अति पिछड़ा वर्ग (बीसी) को घोर अपमान और तिरस्कार का सामना करना पड़ा है। हरियाणा प्रदेश की राजनीति में पिछले 70 वर्षों में क्या हुआ, यह पाप कांग्रेस सहित सभी पार्टियां भुगत रही हैं। सुनार सभा से रामकुमार ने कहा कि हमें आशा है कि मोदी-मनोहर हमें लोकसभा तक अवश्य लेकर जाएंगे। इससे पहले बैठक में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण व लोकसभा व विधानसभा के अलावा अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।



बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते जांगड़ा महासभा के पूर्व प्रधान सतपाल जांगड़ा, ओमपाल कश्यप व अन्य।

### ग्राम एवं नगर इकाइयों में बीसी ए वर्ग को भाजपा ने दिया आरक्षण : जांगड़ा

सतपाल जांगड़ा ने कहा कि 1966 के बाद मनोहर लाल ने ग्राम एवं नगर इकाइयों में बीसी ए वर्ग को 8 प्रतिशत आरक्षण दिया है, अन्यथा पिछड़ा वर्ग ए को राजनीति में अछूत माना जाता था। पिछड़ा वर्ग ने कहा कि यदि हरियाणा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटें नरेंद्र मोदी को देना चाहते हैं और इस लक्ष्य को सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा की कम से कम एक सीट पिछड़ा वर्ग ए पार्टी को दिया जाए। इससे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना पूरा होगा, लोकतंत्र भी मजबूत होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सशक्त होंगे। सतपाल जांगड़ा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग का प्रयास 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने का है।

# पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक 9, 10 को निकालेगी मतदाता जागरुकता रैली

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**पीपल्स** पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की बैठक लघु सचिवालय में हुई जिसकी अध्यक्षता सुभाष चंद्र जांगड़ा ने की। जांगड़ा ने बताया कि पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक पूरे देश में 9-10 मार्च को लोकसभा स्तर पर बाइक रैली के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान शुरू करेगी। अंबाला, हिसार, गुरुग्राम, रोहतक, करनाल लोकसभा में बाइक रैली 9 मार्च को निकली जाएगी। कुरुक्षेत्र, सिरसा, फरीदाबाद, भिवानी, सोनीपत में 10 मार्च को निकाली जाएगी।

इन बाइक रैली के माध्यम से जनता को लोकतंत्र, सविधान में दिये गए जनता के अधिकार के प्रति जागरूक करना, वोट का लोकतंत्र में महत्व बताया जागए। सरदार हरदेव सिंह चट्ठा ने कहा कि जनता के अधिकार संविधान में निहित हैं और संविधान को ईमानदारी से लागू करना यह राजनीतिक सरकारों के नियंत्रण में है। आज तक जो भी सरकारें सत्ता में आई उन्होंने जनता के संवैधानिक अधिकार न तो हमें दिए ना ही वह देना चाहते हैं। अधिकारों की प्राप्ति तभी संभव है जब मूल निवासी समाज सत्ता में आएगा। यह काम पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक ने अपने हाथ में लिया है। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है क्योंकि यही मूल निवासी समाज का शासन स्थापित करने के लिए उचित मार्ग है। उन्होंने अपील की कि सभी अपने भारत देश और अपने मूल निवासी समाज की खातिर अभियान में बढ़-चढ़कर के भाग लें ।



बैठक में विचार करते हुए संगठन के प्रतिनिधि।

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने लगाया विशाल रक्तदान शिविर, 70 लोगों ने किया रक्तदान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

ज्ञान ज्योति सीनियर सैकंडरी स्कूल तंगोर मे रविवार को सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर मे जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व जसबीर राणा ने की। जसबीर राणा ने कहा कि आज सेवा ट्रस्ट यूके भारत की तरफ से गांव तंगोर में विशाल रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन नेक कार्य है। रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर, बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। पवन मित्तल ने कहा कि ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं।


साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने युवाओं को आह्वान किया कि उन्हें नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।




# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में एक विशेष कृपा की बरसात होती : शक्तिदेव

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर में स्वामी शक्ति देव महाराज एवं स्वामी सन्तोष ओंकार कुरड़ी वालों ने प्रेरणा दी कि हर जीवात्मा को आने वाली निराकार परब्रह्म ओंकार परमात्मा के साकार रूप आदि देव महादेव जी की महाशिवरात्रि महापर्व पर उनके चरणों नतमस्तक होना चाहिए। आदि देव, भोलेनाथ आदि गुरु है। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में एक विशेष कृपा की बरसात होती है। इसीलिए प्रत्येक जीव को गुरु कृपा से जाना चाहिए ओर जीवन में कभी भी अकाल कष्ट नहीं आता।



स्वामी शक्तिदेव।

संघ संचालक पं शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि प्रति वर्ष शिवरात्रि महोत्सव सदगुरु जन्मोत्सव के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर सामूहिक ओंकार महायज्ञ एवं विशाल भंडारा वितरण किया जाएगा।

# पूर्व सैनिक जंतर मंतर दिल्ली रैली के लिए रवाना

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**पूर्व** सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने बताया कि पूर्व सैनिकों के जत्थे कैथल, कलायत व गुहला से रवाना हुए हैं। ये सभी जंतर मंतर दिल्ली पर होने वाली रैली में शामिल होंगे।

इस रैली में पूर्व सैनिकों के मान सम्मान और वन रैंक वन पेंशन में हुई विसंगतियां के बारे में आवाज उठाई जाएगी क्योंकि पूर्व सैनिकों, ऑन सर्विस सैनिकों, वीरांगनाओं विधवा व डिसएबल साथियों की आवाज को लेकर ये पूर्व सैनिक जंतर मंतर पर लगातार 20 फरवरी 2023 से धरने पर बैठे हुए हैं। इन्होंने देश के सभी जिलों में उपायुक्त, सांसदों के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री को बार-बार भूख हड़ताल, रोष प्रदर्शन, रोष मार्च, रैलियां करके व रेल रोक कर भी मांग पत्र दिए हैं लेकिन सरकार ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। इस रोष की वजह से आज देश का पूर्व सैनिक जंतर मंतर दिल्ली पर रैली में इकट्ठे होकर केंद्र सरकार को फिर से अपना संदेश देकर चेताने का काम करेगा। इसमें पूरे देश से हजारों की तादाद में पूर्व सैनिक पहुंचेंगे। इसमें मुख्य रूप से संगठन के महासचिव जेडब्ल्यूओ दलबीर सिंह, पुंडरी ब्लॉक के प्रधान रिशालदार मेजर गोपी चंद बनवाला, सूबेदार रणबीर सिंह ढुल, पूर्व प्रधान जाट शिक्षण संस्था कैथल कैप्टन नरेंद्र सिंह तवर, रिशालदार कर्मवीर भाल, सूबेदार मेजर खजान सिंह, सूबेदार मेजर मुदगिल, कैप्टन गुरमेल सिंह, दफेदार राजाराम कसान, दावेदार सूरजभान, सार्जेंट अर्जुन सिंह ढुल, सार्जेंट शमशेर सिंह रेढू, रिसालदार प्रताप सिंह, सूबेदार मियां सिंह, सूबेदार प्रेम चंद शर्मा, दफेदार बलदेव सिंह, हवलदार शीश पाल माजरा, सूबेदार सुरजीत सिंह, हवलदार अभे सिंह, दफेदार जयपाल, सूबेदार चांदीराम, हवलदार इंदर सिंह आदि शामिल रहे।




दिल्ली के लिए रवाना होते हुए पूर्व सैनिक।



बच्चों को पोलिया की दवा पिलाते हुए आंगनवाड़ी कर्मी।

# बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**कैथल** । नानकपुरी कॉलोनी स्थित महाशय क्लीनिक के पास आज जीरो से पांच साल के छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। यह पोलियो दवा 5 वर्ष में सात बार पिलाई जाती है। मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कर्मी पूनम, किरण, भजन कौर, पिंकी ने बताया कि सभी को बच्चों को पोलियो की दवा पिलानी चाहिए। यह दवा जीवन भर के लिए बच्चों को अपंगता से दूर रखती है। उन्होंने बताया कि यदि बच्चा बीमार हो तब भी पोलियो की दवा पिलाई जा सकती है, इसका कोई नुकसान नहीं है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में कारीगरों को दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**भारत** सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई के विकास कार्यालय, करनाल द्वारा रविवार को आरकेएसडी कॉलेज में पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम के दौरान सीएससी केंद्र की तरफ से 5 स्टाल लगाए गए थे और पीएम विश्वकर्मा योजना में बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, नाई, धोबी, दर्जी इत्यादि 18 विभिन्न श्रेणियों के कारीगर का मौके पर ही पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम में एमएसएमई डीएफओ करनाल के सहायक निदेशक मुकेश वर्मा ने कहा कि इस योजना का 17 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया गया था और कार्यक्रम का उद्देश्य हाथ से कार्य करने वाले परम्परागत दस्तकारों के संपूर्ण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना में कारीगरों को 15 हजार रुपये तक की टूल किट और 3 लाख रुपये तक की राशि 5 प्रतिशत ब्याज पर बिना जमानत के लोन, मुफ्त प्रशिक्षण, एवं प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये दैनिक भत्ता, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र और कारीगर पहचान पत्र प्रदान कए जाएंगे। इस मौके पर जिला एमएसएमई सेंटर कैथल के संयुक्त निदेशक कपिल मित्तल, एलडीएम सुरेंद्र नंदा, परवीन प्रजापति तथा लगभग 400 कारीगर उपस्थित रहे।

# हार्पिक ने लॉन्च किया लूकेटर एप इससे महिलाओं को मिलेगी उपयोग के लायक सार्वजनिक शौचालयों की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शौचालय** की स्वच्छता से जुड़े उत्पाद बनाने वाले भारत के अग्रणी ब्रांड, हार्पिक ने सभी लोगों और सबसे खासतौर पर महिलाओं तक सार्वजनिक शौचालयों की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक इनोवेटिव ऐप-आधारित समाधान हार्पिक लूकेटर हार्पिक लूकेटर ऐप लॉन्च करने की घोषणा की है। इस अनसुने से मुद्दे पर चर्चा की शुरुआत करने के लिए कैम्पेन भी लॉन्च किया है। सार्वजनिक शौचालयों की जानकारी और पहुंच की कमी के कारण यात्रा के दौरान महिलाओं को जीवन शैली से जुड़े कई समझौते करने पड़ते हैं, इस कैम्पेन में इन्हीं समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है। यह लॉन्च भारत में सार्वजनिक शौचालय को खोजने से जुड़ी समस्या को हल करने की दिशा में एक समाधान प्रस्तुत करता है।

दिल्ली के एक सर्वेक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है। सर्वे में पता चला कि 70 प्रतिशत महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय की खोज करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। वे साफ सुथरे शौचालय की खोज करने में औसतन 60 मिनट खर्च करती हैं। कई महिलाएं यात्रा करते समय या बाहर जाते समय कम पानी पीती हैं, जिसके चलते उन्हें डीहाइड्रेशन या यूटीआई जैसी स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सर्वेक्षण में 78 प्रतिशत महिलाएं सार्वजनिक शौचालयों से बचने के लिए फील्ड जॉब या लंबी यात्राओं से बचते हैं। इसके अतिरिक्त, 81 फीसदी महिलाओं ने सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग से बचने के लिए पानी पीने से परहेज करने की बात मानी है।

इस गंभीर समस्या को समझते हुए, हार्पिक लोकेटर ऐप सार्वजनिक शौचालयों की खोज कर वे ऐप पर अधिक से अधिक शौचालयों को रेट कर सकेंगें।इस अवसर पर लॉन्च के बारे में बात करते हुए, सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया - हाइजीन, रेकिट ने कहा, स्वच्छ सार्वजनिक शौचालयों के समस्या के चलते कई बार महिलाओं को स्कूल और कॉलेज छोड़ना पड़ता है।

# बारिश और तेज हवा से जमीन पर बिछी गेहूं की फसल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**इस** समय गेहूं की फसल अपने पूरे यौवन पर है। इसको लेकर किसानों में भी काफी खुशी थी, लेकिन शनिवार रात को तेज हवा ने किसानों की चिता बढ़ा दी। क्योंकि हवा के साथ आयी बरसात ने गेहूं की फसल हो जमीन पर बिछा दिया। अब गेहूं जमीन पर गिरने के कारण पूरी तरह पक नहीं पाएगी। जमीन पर गिरने से दाना तक खराब हो जाएगा, यदि कोई दाना तैयार हो गया तो उसकी कटाई करनी आसान नहीं होगी। मौसम विभाग की माने तो अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि 30 एमएम बरसात दर्ज की गई। शनिवार रात को हवा के साथ बरसात होने लगी। जबकि गेहूं की फसल तैयार होने को है। गेहूं की फसल की कटाई अप्रैल माह में होने लगती है। लेकिन अब गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है। जिस कारण गेहूं की फसल खराब तो होगी ही और उसकी कटाई के लिए भी अधिक खर्च करना पड़ेगा। किसान इंद्रजीत सिंह ने बताया कि हवा के कारण गेहूं की फसल गिर गई है। जिससे किसानों को काफी नुकसान है। जबकि इस साल अच्छी फसल खड़ी थी और अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद थी। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण ही मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन और रात के तापमान में अंतर दिखता है। आने वाले कुछ दिनों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है तो कहीं बादलवाई छा सकता है। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि गेहूं गिरने से दाना पतला रहने के साथ ही बदरंग भी हो जाता है। ऐसे में उन्होंने भी किसानों का नुकसान होने की आशंका जताई है।



खेत में बिछी पड़ी गेहूं की फसल।

### आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने मुआवजा देने की सरकार से की मांग

**आल** इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने ओलावृष्टि, तेज हवा व बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा देने की सरकार से मांग की। उन्होंने बताया कि तेज हवा तथा बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि से जिले के दर्जनों गांवो में गेंहू, सरसों तथा सब्जियों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इससे किसान पूरी तरह से तबाह हो गए है क्योंकि कहीं-कहीं शत-प्रतिशत फसलें नष्ट हो गई हैं। बहुत से खेतों में जल भराव ज्यादा होने से फसल पूरी तरह से जमीन पर बिछ गई है जिससे उसका दाना भी कमजोर व काला पड़ जायेगा। इससे उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। पहले ही कर्ज में दबे किसानों पर मौसम की मार ने और मारने का काम किया है। सरकार और मौसम दोनों किसानों के दुश्मन बने हुए हैं। संगठन के जिला अध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने बताया कि सरकार को ड्रोन से स्पेशल गिरदावरी करवानी चाहिए तथा पीड़ित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाना चाहिए क्योंकि फसल तैयार करने में किसानों का 20-25 हजार रुपए प्रति एकड़ तो पहले ही खर्च हो चुका है। उन्होंने बताया कि हमारे संगठन की मांग है कि मेरी फसल मेरा ब्योरा तथा फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को तुरंत खोला जाए ताकि किसान चौपट हो गई फसलों के फोटो और नुकसान की जानकारी दर्ज करवा सकें।

# पूर्व सांसद को सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर आज होगी सुनवाई

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है। आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था। इससे पहले, बिहार जेल नियमावली में राज्य सरकार ने संशोधन कर, ड्यूटी पर मौजूद लोक सेवक की हत्या में संलिप्तता रखने वालों की समय पूर्व रिहाई पर लगी पाबंदी हटा दी गई थी।

आलोचकों का दावा है कि सरकार ने राजपूत समुदाय से आने वाले आनंद मोहन की रिहाई का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बिहार



जेल नियमावली में संशोधन किया। पूर्व सांसद को निचली अदालत ने 5 अक्टूबर, 2007 को मौत की सजा सुनाई थी, जिसे पटना उच्च न्यायालय ने 10 दिसंबर, 2008 को सश्रम आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया था और उच्चतम न्यायालय ने 10 जुलाई, 2012 को इसकी पुष्टि की थी। तेलंगाना के रहने वाले कृष्णैया की 1994 में भीड़ ने पीटकर हत्या कर दी थी। यह घटना उस वक्त हुई थी, जब उनके वाहन ने मुजफ्फरपुर जिले में गैंगस्टर छोटन शुक्ला की शव यात्रा से आगे निकलने की कोशिश की थी। आनंद मोहन, जो उस समय विधायक थे, शव यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे और उनपर भीड़ को कृष्णैया की हत्या के लिए उकसाने का आरोप था।

शीर्ष अदालत ने 6 फरवरी को आनंद मोहन की सजा माफी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व सांसद को अपना पासपोर्ट जमा करने और हर पखवाड़े स्थानीय पुलिस थाने में हाजिरी देने को कहा था।

पिछले साल 11 अगस्त को शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार से पूछा था कि पूर्व सांसद के साथ ऐसे कितने दोषियों को सजा में छूट दी गई है, जिन्हें ड्यूटी पर मौजूद लोक सेवकों की हत्या के मामलों में दोषी ठहराया गया था। बिहार सरकार ने अदालत को बताया था कि आनंद मोहन समेत कुल 97 दोषियों को एक साथ समय से पहले रिहा किया गया। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि आनंद मोहन को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा का मतलब मृत्यु होने तक कारावास है और इसकी व्याख्या केवल 14 वर्षों की जेल के रूप में नहीं की जा सकती है। कृष्णैया की पत्नी ने अपनी याचिका में कहा है, मौत की सजा के विकल्प के रूप में जब आजीवन कारावास की सजा दी जाती है, तो उसे अदालत के निर्देशानुसार सख्ती से लागू किया जाना होता है और यह सजा माफी दिए जाने से परे होगी।

# दिल्ली पुलिस के उप-निरीक्षक ने खुद को गोली मारकर जान दी

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** पुलिस के एक उप-निरीक्षक ने पूर्वी दिल्ली में अपने फ्लैट में कथित तौर पर पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. गणेश के रूप में हुई है, जो वर्तमान में यहां मधुर विहार पुलिस थाने में तैनात थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि में लगभग दो बजे एसआई के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को फोन किया और कहा कि अधिकारी उनकी कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि इससे संदेह पैदा हुआ और स्थानीय पुलिस मधुर विहार स्थित गणेश के फ्लैट पर पहुंची। उन्होंने कहा कि अपार्टमेंट अंदर से बंद पाया गया, जिसके बाद पुलिस टीम इमारत की पहली मंजिल पर स्थित फ्लैट की बालकनी पर चढ़ी। अधिकारी ने बताया कि शीशे से झांकने पर पुलिसकर्मियों ने देखा कि गणेश अंदर मृत अवस्था में पड़े हुए हैं और उनके नजदीक पिस्तौल पड़ी है। उन्होंने कहा, फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। प्रथम दृष्टया, ऐसा लगता है कि एसआई ने आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# लोस चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित करेगी कांग्रेस : जितेंद्र सिंह

मध्य प्रदेश की कुल 29 सीटों में से 24 सीटों के लिए नामों की शनिवार को घोषणा की।

एजेंसी। ग्वालियर




**कांग्रेस** महासचिव जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि पार्टी चार-पांच दिनों में होने वाली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के तुरंत बाद मध्य प्रदेश में लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मध्य प्रदेश की कुल 29 सीटों में से 24 सीटों के लिए नामों की शनिवार को घोषणा की। मध्य प्रदेश में पार्टी मामलों के प्रभारी कांग्रेस महासचिव सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस (उम्मीदवारों) की सूची जल्द ही तैयार की जाएगी। हम राज्य विधानसभा चुनाव में खड़े हुए उम्मीदवारों के अलावा ब्लॉक और जिला स्तर पर समितियों के साथ परामर्श के बाद लोकतांत्रिक तरीके से निर्णय लेते हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की अगले चार-पांच दिनों में बैठक होगी। सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा, सीईसी की बैठक के तुरंत बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची घोषित की जाएगी। रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मौजूद नहीं रहने पर सिंह ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उज्जैन में यात्रा में शामिल होंगे क्योंकि उन्हें अपनी बहन की दिल की सर्जरी के लिए जाना था। कमलनाथ शनिवार को राज्य में राहुल गांधी की यात्रा के प्रवेश के स्वागत के लिए मुरैना में आयोजित एक समारोह में उपस्थित थे।कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं। यह एकमात्र सीट है जिसे कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में 2019 के आम चुनावों में जीता था। मध्य प्रदेश की 29 में से 28 सीटों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। छिंदवाड़ा को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। भाजपा की ओर से अभी तक कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ और उनके बेटे के पाला बदलने की चर्चाओं के बीच, कमलनाथ ने हाल ही में इसका खंडन किया। भाजपा ने शनिवार को मध्य प्रदेश की 24 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिसमें विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को मैदान में उतारा गया है। भाजपा ने 11 सीटों पर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारते हुए 13 पुराने चेहरों को फिर से मैदान में उतारा है।

# समुद्री निगरानी में ड्रोन को तैनात किए जाने की संभावना : अधिकारी

एजेंसी। मुंबई



**सुरक्षा** एजेंसियां समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मुंबई और गोवा के तटीय क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी प्रणाली लगाने की योजना पर काम कर रही हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुवैत के तीन नागरिकों के गेटवे ऑफ इंडिया पहुंचने की एक हालिया घटना के मद्देनजर यह कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना वर्तमान तटीय सुरक्षा व्यवस्था में कमजोरियों को रेखांकित करती है। अपने नियोक्ता पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाते हुए वे तीनों-नीत्सो दिट्टो (31), विजय विनय एंथनी (29) और जे एस अनीश (29)-एक नौका से भारतीय समुद्री क्षेत्र में घुसे थे। अधिकारियों के समक्ष उनके आत्मसमर्पण करने के बाद, उन्हें पासपोर्ट (भारत में प्रवेश करने के) नियमों का उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह चिंता जताई कि ए लोग स्थानीय आबादी में आसानी से घुल-मिल सकते थे।

अधिकारियों ने कहा कि उनके ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) के फोरेंसिक विश्लेषण में कई त्रुटियां पाई गईं। उन तीनों ने दावा किया कि उन्होंने बैटरी बचाने के लिए जीपीएस उपकरण को बंद किया था। अधिकारियों का मानना है कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा इनका दुरुपयोग किया जा सकता है और उन्होंने देश की समुद्री सीमाओं पर निगरानी बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रोन का उपयोग किए जाने की हिमायत की है। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमलों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने तटीय निगरानी उपायों को बढ़ाने की तात्कालिकता को रेखांकित किया। आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के मुंबई हमले में 166 लोग मारे गए थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के श्रीनगर दौरे के मद्देनजर सुरक्षाबल सतर्क

एजेंसी। श्रीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के बृहस्पतिवार को यहां बख्शी स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करने के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षाबलों को चौकन्ना रहने को कहा गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि बख्शी स्टेडियम के आसपास सुरक्षाकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी की रैली के आयोजन स्थल से गुजरने वाले वाहनों की तलाशी के लिए अवरोधक लगाए गए हैं। बख्शी स्टेडियम की मरम्मत की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस और अर्द्धसैन्य बल शहर में कई स्थानों तथा अन्य जगहों पर वाहनों की तलाशी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर में एहतियातन कदम के तौर पर विभिन्न स्थानों पर विशेष जांच चौकियां बनाई गई है, जिसमें प्रवेश और निकासी बिन्दू भी शामिल हैं।

सुरक्षाबलों ने प्रधानमंत्री की यात्रा को सुचारू बनाने के लिए रैली के आयोजन स्थल के आसपास गश्त बढ़ा दी है। यह अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद प्रधानमंत्री का कश्मीर घाटी का पहला दौरा होगा। यह कई महीनों में उनका जम्मू कश्मीर का दूसरा दौरा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए पिछले महीने जम्मू क्षेत्र का दौरा किया था। उन्होंने जम्मू में एक जनसभा को भी संबोधित किया था।

# एनडीआरएफ ने बचावकर्मियों को मृतकों की गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया



एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का काम आपदाओं के समय लोगों की जान बचाना है, लेकिन अब उसने अपने बचावकर्मियों और श्वानदल को मृतकों की सही पहचान करने और उनकी गरिमा बनाकर रखने का प्रशिक्षण देने का बीड़ा भी उठाया है। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने को बताया कि बल मृतकों की पहचान, फॉरेंसिक और कुत्तों के प्रशिक्षण पर काम कर रहा है। महानिदेशक ने कहा कि मृतक प्रबंधन पर एनडीआरएफ के मौजूदा मॉड्यूल में एक नया मृतक पहचान कैप्सूल जोड़ा गया है जो कर्मियों को बुनियादी प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में प्रदान किया जाता है।

इस मॉड्यूल के हिस्से के रूप में, एनडीआरएफ के बचावकर्मियों को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि दुर्घटनाओं और आपदाओं के दौरान शवों को कैसे निकाला जाए और उन्हें सम्मानजनक तरीके से रखा जाए, सड़ गए या टुकड़े हो गए मानवीय अवशेषों का सम्मान कैसे सुनिश्चित किया जाए, उन्हें एक साथ और बॉडी बैग में कैसे रखा जाए। उन्हें यह भी सिखाया जाता है कि सावधानियां किस तरह बरती जाएं ताकि महामारी न फैले। करवाल ने कहा, बालासोर रेल दुर्घटना के दौरान हमने जो सीखा उससे हम जल्द ही मृतक पहचान पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं। यह फॉरेंसिक विज्ञान है। जब हमने बालासोर में शव बरामद किए, तो हमें बाद में पता चला कि बरामदगी का सटीक स्थान चिह्नित नहीं था।

# बिहार के निवर्तमान मुख्य सचिव राज्य बिजली आयोग के अध्यक्ष होंगे

**पटना।** बिहार के निवर्तमान मुख्य सचिव आमिर सुबहानी बिहार विद्युत नियामक आयोग (बीईआरसी) के अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। एक आधिकारिक अधिसूचना में रविवार को यह जानकारी दी गई। यह अधिसूचना सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा के चार मार्च को नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालने की घोषणा के एक दिन बाद जारी की गई है। अधिसूचना में कहा गया है, एक महीने में सेवानिवृत्त होने वाले सुबहानी विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से पांच साल तक या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, आयोग का नेतृत्व करेंगे।

# केंद्र सरकार समाज के वंचित वर्गों की 73 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा कर रही है : राहुल गांधी

एजेंसी। पटना



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार समाज के वंचित वर्गों की 73 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा कर रही है। बिहार की राजधानी पटना में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की जनविश्वास रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि देश में किसानों, युवाओं और वंचितों के साथ अन्याय हो रहा है। कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना को देश के युवाओं के खिलाफ बताते हुए कहा कि इसके तहत नौकरी पाने वालों की शहादत पर उन्हें अन्य शहीदों की तर्ज पर सरकारी सहायता नहीं मिल पाएगी।

उन्होंने कहा, देश में जब भी कोई (राजनीतिक) बदलाव आता है तो उसकी आंधी बिहार से शुरू होती है और यह तूफान देश के अन्य हिस्सों में भी फैल गया है। बिहार देश का राजनीतिक केंद्र है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि आज देश में विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है और एक तरफ नफरत, हिंसा, अहंकार है, तो दूसरी तरफ लोगों में प्यार, भाईचारा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान है। राहुल गांधी ने कहा कि एक पार्टी नफरत पैदा करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सजा रहे हैं।

# उप्र में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में चार लोगों की मौत

एजेंसी। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि के बाद बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को चार लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि बिजली गिरने से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की खबर है। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि हुई। आयुक्त के अनुसार अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं ,बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बरेली, देवरिया, एटा, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, कानपुर नगर, रामपुर, संभल, संत कबीर नगर, भदोही, श्रावस्ती, सीतापुर, सोनभद्र, सुलतानपुर, उन्नाव, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, लखनऊ मैनपुरी, मथुरा, मऊऔर रायबरेली जिलों में भी बारिश की खबर है। उन्होंने बताया कि मथुरा में अत्यधिक बारिश के कारण एक मकान गिरने की सूचना है, जहां जांच के लिए तहसीलदार को भेजा गया है। सहारनपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है।

# न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय मंगलवार को इस्तीफा देंगे

एजेंसी। कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में



प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा, मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे, जिसकी प्रतियां भारत के प्रधान न्यायाधीश और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजी जाएंगी। उन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के आरोपों की जांच करने का निर्देश देते हुए कई निर्देश जारी किए हैं।

# सेना के जवान ने खुद को गोली मारकर जान दी



**केन्द्रपाडा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में डीआरडीओ की रडार वेधशाला हवाई निगरानी इकाई में 35 वर्षीय सेना के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिपाही के पद पर कार्यरत जवान की पहचान तमिलनाडु के मूल निवासी राज शेखरन के रूप में की गई। घटना शनिवार देर रात लगभग दो बजे की है, जब जवान महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबांका गांव में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक केन्द्र पर तैनात था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जवान को रक्त रंजित अवस्था में पाया गया और उसे तत्काल पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस थाने के निरीक्षक बिमल कुमार मलिक ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लगता है। राइफल को जब्त कर लिया गया है और जांच के लिए भेजा गया है।

# अनंत-राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के समारोहों में फिल्मी सितारों की धूम













एजेंसी। जामनगर

**अरबपति** उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के आयोजनों में दूसरे दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान ने अपनी प्रस्तुति दी। तीनों खान इस मौके पर फिल्म आरआरआर के ऑस्कर विजेता तेलुगू गीत नाटू नाटू की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर शहर के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की पेट्रोलियम रिफाइनरी के पास स्थित एक आवासीय टाउनशिप में मंच पर उतरी।इस दौरान तीनों ने नाटू नाटू के मशहूर हुक स्टेप पर थिरकने की कोशिश की, लेकिन जब सबकुछ योजना के अनुसार होता नहीं दिखा तो सलमान ने अपनी फिल्म मुझसे शादी करोगी के मशहूर गीत जीने के हैं चार दिन पर टॉवेल डांस किया तथा आमिर और शाहरुख ने भी उनकी नकल करने की कोशिश की। इसके बाद आमिर ने अपने मशहूर गीतों मस्ती की पाठशाला (रंग दे बसंती) और छैया छैया (दिल से) पर डांस किया और तीनों अभिनेता इनमें शामिल रहे। इसके बाद तीनों ने नाटू नाटू के हिंदी संस्करण नाचो नाचो पर भी प्रस्तुति दी। मंच पर, शाहरुख ने जय श्रीराम का नारा भी लगाया। इस दौरान उन्होंने अंबानी परिवार की तीन देवियों के तौर पर मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी, पूर्णिमा दलाल (नीता अंबानी की मां), और देवयानी खिमजी (राधिका मर्चेंट की दादी) का परिचय कराया। समारोह में शाहरुख और सलमान ने अपनी-अपनी एकल प्रस्तुतियां भी दीं। पार्टी के दूसरे दिन दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह, दिलजीत दोसांझ, करीना कपूर खान-सैफ अली खान, सारा अली खान, जान्हवी कपूर, खुशी कपूर और अनन्या पांडे ने भी मंच पर आकर लोगों का मनोरंजन किया।

# मॉल में ग्रिल टूटकर गिरी, दो लोगों की मौत

## ग्रेटर नोएडा के गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल में हादसा, प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के ब्लू सफायर मॉल में बड़ा हादसा हो गया है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। ग्रिल के मलबे की चपेट में आने से दोनों की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि ब्लू सफायर मॉल के वॉकिंग कॉमन एरिया में अचानक छत से ग्रिल गिर गई। इसी से हादसा हो गया। घटना ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की है।

दरअसल, पूरा हादसा बिसरख थाना क्षेत्र की गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल का है। जहां पर रविवार को अचानक से एक ग्रिल टूट कर नीचे गिर गई। यह ग्रिल पांच भी मंजिल से टूटकर नीचे गिरी। ग्रिल टूटकर मॉल के वॉकिंग कॉमन एरिया में गिरी। ग्रिल सीधा जाकर मॉल में घूम रहे दो युवकों के ऊपर गिरी, यह इतनी तेजी से गिरी की उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

यह दोनों एक्सलेटर के पास खड़े थे। यह हादसा होते ही पूरे मॉल में अफरा तफरी का माहौल हो गया। आनन फानन में दोनों युवकों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह दोनों युवक गाजियाबाद के विजयनगर के रहने वाले थे। युवकों के नाम हरेंद्र भाटी (35) व शकील (35) थे। बताया जा रहा है कि दोनों युवक घूमने के लिए मॉल में आए हुए थे।


ग्रेटर नोएडा के गैलेक्सी ब्लू सफायर मॉल में युवकों पर गिरी ग्रिल।

इस दौरान उनके साथ यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही सेंट्रल नोएडा पुलिस की आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए और मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। शकील के रिश्तेदार सब्बू ने बताया कि हरेंद्र की मॉल में होम डेकोर की शॉप है, उनका इंटीरियर का काम है, उन्हीं के साथ में शकील पेंटर का काम करता है।

वह दोनों लोग मॉल में खड़े हुए थे और अचानक ऊपर से ग्रिल आकर उन लोगों के ऊपर गिर गई, उन्होंने बताया कि लोगों ने मॉल प्रबंधन से शिकायत की थी कि आंधी की वजह से ऊपर ग्रिल हिल रही है, लेकिन किसी ने किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं की। ऊपर एडजस्ट फैन लगा हुआ था, उसकी वजह से प्रेशर बना और वह ग्रिल अचानक गिर गई।

मॉल में मौजूद लोगों ने बताया कि हम कुछ ही दूरी पर खड़े हुए थे, अचानक से बहुत तेजी के साथ आवाज हुई, जैसे कोई धमाका हुआ हो और चीखने की बहुत तेज आवाज आई। जब हमने देखा तो पाया कि दो लोग लहूलुहान अवस्था में एक लोहे की बड़ी ग्रिल के नीचे पड़े हुए थे। दोनों के बहुत ही गंभीर चोट आई हुई थी और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कुमार ने बताया कि अचानक से पांचवी मंजिल से मॉल में एक ग्रिल गिर गई। इसकी चपेट में दो युवक आ गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उच्चाधिकारीगण और पुलिस बल मौजूद हैं, अन्य जरूरी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## पिटाई से आहत होकर युवक ने की आत्महत्या

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के भोजपुर के गांव मुकीमपुर मेंनदीम की मौत के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुदकुशी की पुष्टि हुई है। गांव मुकीमपुर निवासी नदीम फेरी आदि लगाता था।

नदीम और उसकी पत्नी रुखसार में मनमुटाव चल रहा था। नदीम व रुखसार में विवाद हो गया था। रुखसार अपनी दोनों पुत्रियों इनाया व जोया के साथ पड़ोस में चल गई थी। नदीम घर के बाहर खड़ा था। वहां से गुजरे पड़ोसी मगन शर्मा ने नदीम के घरेलू विवाद को लेकर टिप्पणी कर दी। इस बात को लेकर विवाद हो गया था। इस बीच मगन के अन्य साथी चंद्राश, पुनीत और नवनीत मौके पर पहुंच गए और उन्होंने नदीम की पिटाई कर दी थी। मौके पर पहुंची रुखसार ने किसी तरह नदीम को बचाया। आहत नदीम कमरे में जाकर फांसी पर लटक गया था। उपचार के लिए पिलखुवा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दौड़ की तैयारी में महिलाएं।

### महिलाओं ने दिया स्वस्थ रहने का संदेश

**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 पर रविवार को एक्टिव नोएडा विमंस डे रन का आयोजन किया गया। डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया के संयोजन और गौतमबुद्ध नगर के कमिश्नरेट के सहयोग से आयोजित दौड़ में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने दौड़ लगाकर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का जश्न रविवार सुबह 6 बजे डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया सेक्टर-18 से एक्टिव नोएडा विमेंस डे रन के साथ शुरू हुआ। 10 मार्च तक मॉल में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 7 मार्च को नोएडा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा पर आईपीएस प्रीति यादव द्वारा पीवीआर सिनेमा में अपने मॉल और रिटेल महिला कर्मचारियों के लिए महिला सुरक्षा पर आईपीएस प्रीति यादव द्वारा एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया जाएगा।

### आध्यात्मिक कार रैली को हरी झंडी देकर किया रवाना

**नोएडा।** नोएडा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमरीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा एक आध्यात्मिक कार रैली यात्रा निकाली गई। जिसका शुभआरम्भ ब्रह्माकुमरीज के स्थानीय शाखा एनआरआई रेजीडेंसी, सेक्टर.45 से नॉएडा एम्प्लाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार सिँह द्वारा शिव ध्वज दिखा कर किया गया। नोएडा में सुबह प्रजापिता ब्रह्माकुमरीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा यह यात्रा सुबह 7 बजे निकाली गई। आपको बता दें कि प्रजापिता ब्रह्माकुमरीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की इस में यात्रा नोएडा के अलग अलग सेक्टरों में स्थित ब्रह्माकुमरीज के इंचार्ज बीके कृति, बीके सविता, बीके सोनिया, बीके यशोधा, बीके संगीता समेत ब्रह्माकुमरीज के लगभग 150 सदस्य मौजूद रहे। यह शांति यात्रा नोएडा के सेक्टर. 46, सेक्टर. 50, सेक्टर. 51, सेक्टर. 52 और सेक्टर. 75 से होते हुए सेक्टर 122 ब्रह्माकुमरीज सेंटर पर इस यात्रा का समापन हुआ। इस आध्यात्मिक शांति यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रहे मतभेद, मन के तनाव को समाप्त कर परमात्मा शिव द्वारा सिखाए राजयोग द्वारा दुख अशांति को समाप्त कर सुख शांति स्थापन करना है। वर्तमान समय संगमयुग, कलियुग का अंत और सतयुग की आदि में परमात्मा शिव अवतरण का सन्देश दीया गया।

### दंबगों से परेशान होकर लगाए पलायन के पोस्टर

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव सीकरी खुर्द में दंबगों से परेशान होकर एक परिवार ने अपने घर पर पलायन के पोस्टर लगा दिए हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि दबंग विशेष समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और आए दिन मारपीट करते रहते हैं। पुलिस कार्रवाई ना होने पर पलायन के पोस्टर लगाए गए हैं। पुलिस जांच करने की बात कह रही है। गांव सीकरी खुर्द निवासी विजेन्द्र कुमार अपनी पत्नी राजबाला, पुत्र राहुल, अंकुर और पुत्री के साथ रहते हैं। उनका आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले विशेष समुदाय का परिवार करीब 15 साल से रंजिश रखता है। इतना ही नहीं रास्ते पर आते जाते समय अभद्र टिप्पणी करते हैं और अक्सर मारपीट भी करते रहते हैं। 22 फरवरी को पड़ोसियों ने मेरे पुत्र राहुल के साथ मारपीट कर पैर तोड़ दिया। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बात से परेशान होकर पीड़ित परिवार ने अपने घर पर पलायन करने का पोस्टर लगा दिया। पलायन करने का पोस्टर वायरल होने के चलते हिंदू संगठन के कार्यकर्ता गांव सीकरी खुर्द पहुंचे और जमकर हंगामा किया। परिवार का कहना है कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। पलायन के पोस्टर लगने की सूचना पुलिस गांव सीकरी खुर्द पहुंची और जांच की। एसीपी मोदीनगर का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मेट्रो की मांग को लेकर ग्रेनो वेस्ट में लोगों का प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट एक मूर्ति चौक पर रविवार को मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन को लेकर स्थानीय निवासियों ने प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। चुनाव नजदीक आने पर भी, आचार संहिता लागू होने से पहले मेट्रो को लेकर कोई ठोस नतीजा निकलने की आशा धूमिल होते देख उनका आक्रोश कई गुना बढ़ गया है। नेफोवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं स्थानीय निवासी दीपांकर कुमार ने कहा कि सरकारी संवेदनहीनता और एक दशक से ज्यादा समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों की इस क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन के लिए उदासीनता से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। बहुत दुख का विषय है कि इतनी बड़ी संख्या में वोटरों के प्रभावित होने के बावजूद जनप्रतिनिधियों का इस और कोई ध्यान नहीं है। प्रदर्शन में लगातार शामिल होने वाले यहां के निवासी रवीन्द्र सिन्हा काफ़ी आक्रोशित और बेहद नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी देकर कहा कि अगर सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में कोई गंभीर प्रयास और सकारात्मक परिणाम नहीं दिखा तो निश्चित रूप से इसका खामियाजा आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ेगा और जन समर्थन में निश्चित रूप से कमी आयेगी। प्रदर्शन में सुधांशु किशोर, बिपिन प्रसाद, गंगेश कुमार, रोहित मिश्रा, महेश यादव, आरसी भट्ट, शैलेश सिंह, रंजना सिंह और अन्य सदस्य का कहना है कि मेट्रो स्वीकृत होने तक ये प्रदर्शन न केवल जारी रहेगा बल्कि और भी बड़े स्तर पर इसका विस्तार होगा।

# शिप्रा मॉल पार्किंग में कार ने बच्ची को रौंदा

- गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी चालक को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में शिप्रा मॉल की पार्किंग में शनिवार देर शाम हादसा हो गया। यहां होंडा सिटी ने मासूम बच्ची को कुचल दिया। हादसे के बाद घरवाले बच्ची को अस्पताल ले जाने के लिए आरोपी के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाए। मगर उसने मना कर दिया। इसके बाद घरवाले बच्ची को बाइक से लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फिलहाल, पुलिस ने आरोपी कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। वैशाली सेक्टर-3 के रहने वाले विवेक पांडेय दिल्ली में तीस हजारी कोर्ट के पास एक पेट्रोल पंप के मैनेजर हैं। वे पत्नी गरिमा और साढ़े 3 साल की बेटी रिद्धि के साथ शनिवार यानी 2 मार्च को शिप्रा मॉल में आए थे। शाम करीब पौने 7 बजे शिप्रा मॉल गेट नंबर.2 से घर जा रहे थे, तभी मॉल की पार्किंग में बैरियर के पास तेज रफ्तार आई होंडा सिटी ने बच्ची को कुचल दिया। पहिए के नीचे आने से बच्ची लहूलुहान हो गई। इसके बाद बच्ची के घरवालों ने होंडा सिटी ड्राइवर से गुजारिश की कि वो बच्ची को अस्पताल तक लेकर चले। मगर उसने साफमना कर दिया।


बच्ची का फाइल फोटो

इसके बाद भी घरवाले ड्राइवर के सामने जोड़कर गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन उसका दिल नहीं पसीजा। इसके बाद घरवाले बाइक से बच्ची को पारस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बच्ची के चाचा अशोक दुबे ने बताया, न तो आरोपी कार ड्राइवर ने हमारी हेल्प की और न ही मॉल मैनेजमेंट ने किसी तरह का सहयोग दिया। बच्ची को अस्पताल पहुंचने में काफी देरी हो चुकी थी, इस वजह से उसकी मौत हुई। शिप्रा मॉल के अमित नैन ने कहा, हादसा काफी दुखद है। मैनेजमेंट इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। बच्ची एकदम से कार के सामने आ गई और हादसा हो गया।

हादसे का पता चलते ही मॉल के सुपरवाइजर और अन्य स्टाफमदद के लिए पहुंचे। तब तक पीड़ित परिवार बच्ची को लेकर वहां से निकल चुका था। इस हादसे के बाद पार्किंग स्टाफ को अवेयर किया जा रहा है। साथ ही छोटे बच्चों के साथ आए पैरेंट्स से अनुरोध किया जा रहा है कि वे उनका इस तरह से हाथ न छोड़े। इंदिरापुरम थाने के जीतेंद्र दीक्षित ने बताया इस मामले में विनीत सेट्टी को गिरफ्तार किया गया है।

वो रानी गार्डन दिल्ली का रहने वाला है और शिप्रा मॉल पर वैले ड्राइवर है। होंडा सिटी कार गाजियाबाद के अमरेंद्र नारायण सिंह की है। वो शिप्रा मॉल में मूवी देखने के लिए आए थे और पर्ची कटवाकर अपनी कार वैले ड्राइवर को देकर चले गए।

# ग्रेटर नोएडा में एम्स की तर्ज पर बनेगा 700 बेड का अस्पताल

- जिम्स को मिली 56 एकड़ जमीन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लोगों के लिए एक खुशी की खबर आई है। नोएडा में भी अब एम्स की तर्ज पर एक 700 बेड का एक अस्पताल बनाया जाएगा। नोएडा में बनने वाले इस अस्पताल के लिए सरकार 800 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि नोएडा प्रसाशन को इस अस्पताल के लिए जमीन भी मिल गई है। दरअसल गौतम बुद्ध नगर जिले के नोएडा में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स के परिसर में 700 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य इस महीने के आखिर तक शुरू हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इस अस्पातल के लिए नोएडा प्रशासन को 56 एकड़ जमीन भी मिल गई है। नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 700 बेड का अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से 56 एकड़ जमीन का आधिपत्य उन्हें मिल गया है। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स के निदेशक


फाइल फोटो

ब्रिगेडियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हॉस्पिटल की बिल्डिंग का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जमीन मिलने के बाद जिम्स में एक पुस्तकालय, हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, संकाय सदस्यों के लिए रहने की व्यवस्था और गहन चिकित्सा इकाई, पैरामेडिकल कॉलेज आदि की सुविधा मिलेगी। जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से 56 एकड़ जमीन का आधिपत्य उन्हें मिल गया है। इसके निर्माण के पहले चरण में गहन चिकित्सा इकाई और नर्सिंग कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। यह हॉस्पिटल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स की तर्ज पर बनाया जा रहा है।

## डे केयर के बच्चों ने मनाया स्पोर्ट्स डे

**नई दिल्ली।** दिलशाद गार्डन ए ब्लॉक में मदर्सपिक्सीज प्ले स्कूल एवं डे केयर के बच्चों और उनके माता-पिता द्वारा स्पोर्ट्स डे मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा से सभी आकर्षित किया। छोटे-छोटे बच्चों ने गीत, कविता, और विभिन्न खेलों में भाग लिया।

स्कूल द्वारा बच्चों को इनामों से सम्मानित किया गया, और लकी ड्रॉ भी आयोजित किया गया। इस मौके पर जयप्रकाश राय सिंघानी, अध्यक्ष - रेज़ीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, स्कूल के संचालक अतुल सहगल, और अभिभावकों को संबोधित किया। इस अवसर पर विजय कुमार पवार, प्रदीप जैन, डॉ आशुतोष, अरविंद, लक्ष्मी एवं जग्गा ने पने विचारों को साझा किया।

# पत्नी की हत्या कर लाश के साथ रहा 3 दिन

- घरेलू विवाद के चलते गला घोंटा, पड़ोसियों द्वारा सूचना देने पर धरा

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के मसूरी इलाके में एक शख्स ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को घर में 3 दिन तक छिपाए रखा और घर में शव के साथ रहा। रोजाना की तरह अपने काम भी निपटाए। पड़ोसियों को जब घर से बदबू आनी शुरू हुई तो शक हुआ और पुलिस को खबर दी। तब जाकर ये पूरा केस खुल पाया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। उसने घरेलू क्लेश में हत्या करने की बात कबूल की है।

मामला मसूरी थाना क्षेत्र की अंबेडकर कॉलोनी का है। यहां रहने वाला 55 वर्षीय भरत सिंह लालकुआं स्थित शराब ठेके पर सेल्समैन का काम करता है। पड़ोसियों ने शनिवार शाम को मसूरी थाना पुलिस को सूचना दी कि भरत सिंह के घर से बदबू आ रही है और उसकी पत्नी को भी पिछले कई दिन से देखा नहीं गया है। इस सूचना पर पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर का नजारा देखा तो सन्न रह गई। घर में अंदर सुनीता की लाश पड़ी हुई थी। गले पर निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और कुछ देर बार उसके पति भरत सिंह को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में भरत सिंह ने कुबूला कि तीन.चार दिन पहले उसने घरेलू विवाद में पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बारे में उसने किसी को कुछ नहीं बताया। वो रोजाना सुबह ही मकान का ताला लगाकर ड्यूटी पर चला जाता और देर शाम को वापस घर आता। रात को लाश के पास में ही सोता और रोजाना की तरह खाता.पीता था। भरत सिंह शराब भी पीता था।

पत्नी सुनीता घर के पास गली में ही एक छोटी सी दुकान चलाती थी। आसपास के लोगों ने बताया दोनों में अक्सर किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता था। पुलिस जांच में ये भी पता चला कि भरत सिंह और सुनीता की ये दूसरी शादी थी। पहली शादी से जो बच्चे हुए उनकी पहले शादियां हो चुकी हैं। इसलिए फिलहाल दंपती अकेले रहते थे। मसूरी क्षेत्र के नरेश कुमार ने बताया तीन मार्च को थाना मसूरी पर सूचना प्राप्त हुई कि मोहल्ला अम्बेडकरनगर में भरत ने अपनी पत्नी सुनीता की गला घोंटकर हत्या कर दी है। इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा शव को बरामद किया गया। शव को देखने से प्रतीत होता है कि शव तीन-चार दिन पुराना है। आरोपी भरत द्वारा बताया गया कि उसने घरेलू विवाद मे अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। महिला के मायके वालों को पुलिस ने सूचना दे दी है।

# कबाड़ माफिया रवि काना और उसके साथी पर इनाम घोषित

- नोएडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा भी किया दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले में फरार कुख्यात कबाड़ माफिया रवि काना और उसके एक अन्य साथी महकी नागर की गिरफ्तारी पर रविवार को 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

उनके खिलाफ बीटा-दो थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने अदालत में उनके खिलाफ घर कुर्क करने की कार्रवाई के लिए भी अर्जी दी है। पुलिस ने काना और उसके साथियों की करीब 200 करोड़ रुपए की संपत्ति भी कुर्क की है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर-39 में रवि काना और उसके साथियों खिलाफ एक युवती से सामूहिक बलात्कार करने का मुकदमा दर्ज है।



उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि दादूपुर गांव निवासी रवि काना उर्फ़ रवि नागर तथा महकी नागर उर्फ़ महकर फरार हैं। उन्होंने बताया कि इनकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त (प्रथम जोन) विद्या शंकर मिश्रा ने रविवार को 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

# बांसुरी स्वराज का आप के आरोपों पर पलटवार

- आतिशी ने भाजपा उम्मीदवार पर राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रतिनिधित्व करने का किया था दावा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाने को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए रविवार को दावा किया कि स्वराज ने एक वकील के रूप में अदालत में राष्ट्र-विरोधी ताकतों का प्रतिनिधित्व किया है। बांसुरी स्वराज ने इन आरोपों को लेकर दिल्ली की सत्तारूढ़ आप पर पलटवार करते हुए उसके उम्मीदवार पर सवाल खड़े किए।

दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा की दिवंगत नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को अदालत में राष्ट्र-विरोधी ताकतों का पक्ष लेने के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। आतिशी ने यह भी मांग की कि भाजपा बांसुरी की जगह किसी और को नई दिल्ली सीट से उम्मीदवार बनाए।

आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा, बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मीनाक्षी लेखी की जगह ली है। उन्होंने अदालतों में राष्ट्र-विरोधी शक्तियों का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने चंडीगढ़ के महापौर का प्रतिनिधित्व किया, जो हाल के चुनाव में धोखाधड़ी से चुने गए थे। स्वराज ने 2012 से 2014 तक अदालतों में भगोड़े कारोबारी ललित मोदी का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने यह भी मांग की कि भाजपा निर्वाचन क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बदले। बांसुरी स्वराज ने आतिशी के इन आरोपों पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार पर भी सवाल उठाया, जिन्हें शनिवार को राजेंद्र नगर में उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ता ने कथित तौर पर पीटा था।

## नोएडा में दो जगह लगी आग, कार और कई झुग्गी जलकर राख

**नोएडा।** नोएडा में दो अलग.अलग कोतवाली क्षेत्र में आग लगने की घटना सामने आई है। एक घटना में आग लगने से एक कार जलकर खाक हो गई। जबकि दूसरी घटना एक झुग्गी बस्ती में आग लगने से कई झुग्गी जल कर राख हो गई।

आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने दोनों ही घटना में तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। फिलहाल इन दोनों अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। आग लगने की पहली घटना नोएडा के फेज 3 कोतवाली क्षेत्र में स्थित सेक्टर 69 के रोड पर उस समय हुई जब तेज गति चलती हुई एक हुंडई एक्सेंट गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी के ड्राइवर ने गाड़ी को सड़क पर रोक कर अपनी जान बचाई। लेकिन आग लगने से कार आग के गोले तब्दील हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पहुंची फायर सर्विस यूनिट की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन आग लगने से कार पूरी तरह से जल कर खाक हो गई।

# सरस मेले में अंतिम रविवार को लोगों ने की बंपर खरीदारी

- सोमवार को होगा संपन्न, असम के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की रही धूम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में अंतिम रविवार को भारी संख्या में खरीदारों का जनसैलाब उमड़ा जहां एक ओर लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की।

एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि इस बार के नोएडा हाट में आयोजित मेले ने पिछले 25 वर्षों के देशभर के सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं। सेल के मामले में इस बार का मेला सबसे ऊंचे पायदान पर



पहुंचा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज सँसथान का सटीक प्रबंधन, चौकस निगाहें पल-पल पर सख्त मॉनिटरिंग और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान की तजुर्बेकार टीम की बदौलत यह संभव हो पाया है।

इसमें नोएडावासियों का भरपूर सहयोग मिला हे। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से ग्रामीण विकास मंत्रालय व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान सरस मेलों का आयोजन करते आये हैं और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। इस बार का नोएडा हाट में आयोजित सरस मेला बंपर सेल के मामले में सरस के अब तक के इतिहास की बेहतरीन मिसाल बना है।

मेले में सेल 12 करोड़ के आंकड़े छू चुकी है, जबकि सोमवार के आंकड़े आने हैं। ज्ञात हो कि सरस मेला-2024 का शुभारंभ इस बार 16 फरवरी को हुआ था। सोमवार 04 मार्च तक आयोजित मेले का 3 मार्च को अंतिम रविवार रहा है। जिसके मद्देनजर रविवार को यहां भारी संख्या में खरादारों की भीड़ उमड़ी। रविवार को यहां सभी राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों की लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में इस बार उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, केरल, असम, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तराखंड, झारखंड, लद्दाख, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मणिपुर तथा राजस्थान समेत 29 राज्यों की हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जबकि देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों के समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं, जिनमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त हो रहा है।

सरस मेले रविवार के दिन यहां ओडिशा के कलाकारों ने क्लासिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। इसके साथ ही अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मेले में रविवार को विभिन्न राज्यों के आकर्षक उत्पादों, खासकर हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट्स की जमकर खरीददारी की गई।

आंध्र प्रदेश के फूड प्रोडक्ट्स की लोगों ने जमकर खरीददारी की। आंध्रा के ही हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसे वुड कार्विंग लोगों की खसी पसंद बने। असम के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की खासी धूम रही। असम के बम्बू प्रोडक्ट्स की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। उधर बिहार के सत्तू लोगों की पसंद बने।

# राहतकारी है दर्द से ध्यान हटाना

**मोनिका भिड़े लिखती हैं कि कभी-कभी ध्यान हटाना ही वह क्रिया होती है जो आपके ठीक होने के लिए आवश्यक होती है, लेखिका सांझा करती हैं कि कैसे क्लूनी उनके उद्धारक बन गए थे**



ऐसा लगा था कि सौवीं बार मैं उसी डॉक्टर के कार्यालय में मौजूद हूं। जैसा कि मैंने झक सफेद दीवारों और व्यापक-बाजार कला को देखा, मुझे पता था कि मेरा डॉक्टर, अपनी बात शुरू करते ही, मेरे गंभीर पुराने दर्द के बारे में क्या कहेगा। उसने कहा, ''मुझे माफ करें। मैं और अधिक कुछ नहीं कर सकता।'' जैसे ही मैंने दर्द से फुसफुसाते हुए और कुर्सी पर थिरकते हुए कहा। ''आप अपने दिमाग को कहीं और लगाने की कोशिश क्यों नहीं करते? यह मदद कर सकता है '' फिर, उन्होंने मुझे दर्द निवारक दवाओं का एक और नुस्खा लिखा।

मैं चिढ़ और निराश होकर उनके कार्यालय से निकल आई। मैंने सोचा कि बस अपने दिमाग को इससे बाहर निकालूं। जरूर। मानो इसके साथ आए दर्द और तनाव को नजरअंदाज करना इतना आसान था। मैं अपनी कार में बैठी और अपने फोन की तरफ देखा। मैंने एक ट्वीट देखा कि जॉर्ज क्लूनी वाशिंगटन, डीसी में शरणार्थियों की मदद के लिए काम कर रहे थे। मेरे पसंदीदा अभिनेताओं में से एक व्यावहारिक रूप से मेरे पड़ोस में था। यह पहली बार था जब मैं पूरे दिन मुस्कुराई थी।

तब, मेरा पाककला-लेखन व्यक्तित्व हावी होता दिख रहा था। मैंने ट्वीट किया, ''मैं जॉर्ज क्लूनी के लिए दोपहर का भोजन बना सकती हूं या नहीं।'' प्रतिक्रिया त्वरित और आनंदमय थी। मेरे दोस्त सवालों व चुटकुलों से झूम उठे। कुछ ही मिनटों में, मुझे एक प्रमुख प्रकाशन से एक ईमेल प्राप्त हुआ। ''यदि आप जॉर्ज के लिए खाना बना रही हैं, तो क्या हम अंदर आ सकते हैं और इसके बारे में एक कहानी कर सकते हैं?'' उस प्रतिक्रिया ने मुझे हंसा दिया। कौन सोचने के लिए इतना पागल था कि मैं, एक अधपकी पकवान लेखिका, कभी जॉर्ज जैसे करिश्माई व्यक्तित्व के लिए भोजन पकाऊंगी! फिर भी ट्वीट ने वही किया जो डॉक्टर ने सुझाया था: इसने मेरे ध्यान को मेरे पुराने दर्द से दूर हटा दिया। कुछ मिनटों के लिए, मैं वास्तव में (दर्द रहित)खुद को पुनः दर्द रहित महसूस कर रही थी।

तब से, हर बार जब मैं दर्द से जूझती थी, मैं फेसबुक की ओर जाती थी। मैं अपने जॉर्ज क्लूनी भ्रम के बारे में एक अपडेट पोस्ट करूंगी। मेरे ऑनलाइन मित्र केवल साथ खेलने को लेकर बहुत खुश थे। ''मैंने क्लूनी से संपर्क करने की कोशिश की। मुझे अपने लोगों को उस विषय पर रखने के लिए कहा गया था। मैंने कहा हां, बिल्कुल। अब मुझे लोगों की जरूरत है। अंदर कौन है? '' मैंने लिखा।

''मुझे सूचित किया गया कि उम्मीद है कि क्लूनी बेतरतीब ढंग से मेरी नावेल को चुन लेगा और इसे पसंद करेगा और सभी को इसे खरीदने के लिए कहेगा, यह एक यथार्थवादी पुस्तक विपणन योजना नहीं है। लानत है। अब क्या?!''

अपने क्लूनी जुनून से पहले, मैंने ज्यादातर व्यंजन, अपने बच्चों व एक माँ और लेखक के रूप में अपने जीवन के बारे में पोस्ट किया था। इन ऑफ-ब्रांड पोस्ट ने मेरे दोस्तों को अश्चर्यचकित और प्रसन्न किया और जल्द ही उनका अनुसरण किया जाने लगा। अन्य महिला लेखकों व पाठकों ने मेरे द्वारा पोस्ट की गई बातों का मजाक में जवाब देना शुरू कर दिया। अपने तरीके से, मेरे दोस्तों के माध्यम से, जॉर्ज मुझे वही ध्यानभंग दे रहा था जो डॉक्टर ने निर्धारित किया था।

तब मेरी पूरी दुनिया दुर्घटनाग्रस्त हो गई, और जीवन वो बन गया जिसे केवल एक देशी संगीत गीत के रूप में वर्णित किया जा सकता है : मेरे पति के लिए एक बड़ा चिकित्सा संकट आया और वह कुछ महीनों के लिए कोमा में था। मैंने चौबीसों घंटे उसकी देखभाल की, किसी और चीज पर ध्यान केंद्रित नहीं किया, आईसीयू में भयानक रातें बिताईं। भगवान की कृपा से, जब वह उठा तो उसे लकवा नहीं हुआ था, और उसे ठीक होने की लंबी प्रक्रिया शुरू करने के लिए एक पुनर्वसन सुविधा में स्थानांतरित कर दिया गया था।

लेकिन सृष्टि ने मेरे साथ अभी तक पूरी तरह बस नहीं की थी। एक रात जब मैं अस्पताल से लौट रही थी, मेरी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एक बार जब मुझे एहसास हुआ कि मैं ठीक हूं, तो मैं फुटपाथ पर बैठ गयी और रोने लगी। मैंने अपने लिए कभी इसकी कल्पना नहीं की थी। कौन करता है? लेकिन दुर्घटना ने मुझे एहसास दिलाया कि जीवन कितना नाजुक है और मैं अपनी कहानी को इस तरह समाप्त नहीं करना चाहती थी। मेरे पास जो कुछ था, उसके लिए पर्याप्त आभारी महसूस नहीं करने के लिए मैंने रोया, और फिर भी मैं जो जीवन चाहती थी उसे पाने के लिए पर्याप्त बहादुर नहीं थी।

मेरा पति ठीक हो गया, लेकिन मेरा जीवन, जैसा कि मैं जानती थी, बिखर गया। चौबीस साल की मेरी शादी दिल तोड़ने वाली थी जो परस्पर तलाक में तब्दील हो गयी। अंतहीन बिलों के दबाव में मेरा वित्तीय ढांचा चरमरा गया, और एक खाली बैंक खाते ने मुझे तेजी से घूरा था। मेरा 15 साल का फ्रीलांस व्यवसाय बैठ गया क्योंकि मैं इस पर कोई ध्यान नहीं दे सकी, जबकि मैं अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता: अपने परिवार की ओर बढ़ रही थी। मैं सचमुच वो सब कुछ महसूस कर सकती थी, जिसे मैंने जाना था और जिसने मेरे विश्वास प्रणाली की नींव को तोड़ दिया था। कुछ दिनों में बस हर सुबह उठने की भारी थकावट अपना असर दिखा रही थी।

मेरी फेसबुक जाति ने जान लिया। कैसे, मुझे इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि जो चीज मजाक के रूप में शुरू हुई थी वह जीवन रेखा बन जाएगी। मैंने कहीं भी तलाक का जिक्र नहीं किया था, लेकिन वे मेरी पोस्ट से समझ सकते थे कि कुछ गड़बड़ है। और वे ठीक-ठीक जानते थे कि मुझे फिर से बेहतर महसूस करने के लिए क्या चाहिए। ''अरे, क्या आपने जॉर्ज को डैड बनते देखा है?'', ''अरे, मैं कोमो झील गया और आपके लिए इस संभावित विला की तस्वीरें लीं, जिसमें शायद जॉर्ज रहते थे।''

अब, रोने और चिंता करने के बजाय, जब कभी भी यह सब बहुत अधिक लगा, मैं जॉर्ज की ओर रुख कर लेती थी। एक फिल्म स्टार पर फिदा होने की यह खूबसूरत फंतासी - जिसमें मेरे आस-पास के सभी लोग शामिल होने के लिए तैयार थे - न केवल एक ध्यानभंग थी, बल्कि मेरा अपने दोस्तों के साथ निरंतर चलने वाला एक मजाक थी। यह उनके लिए मुझे हंसाने और मुझे यह बताने का एक तरीका था कि वे मेरे बारे में सोच रहे थे और वो भी उस दर्द की गंभीरता की परवाह किए बिना जिसे मैं शारीरिक और भावनात्मक रूप में महसूस कर रही थी। प्रत्येक 'जॉर्ज प्रहसन' एक छोटी सी जीवन रेखा थी जिसने मुझे दिखाया कि लोगों ने मेरी परवाह की और मुझे ताकत दी।

> एक रात जब मैं अस्पताल से लौट रही थी, मेरी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एक बार जब मुझे एहसास हुआ कि मैं ठीक हूं, तो मैं फुटपाथ पर बैठ गयी और रोने लगी। मैंने अपने लिए कभी इसकी कल्पना नहीं की थी। कौन करता है? लेकिन दुर्घटना ने मुझे एहसास दिलाया कि जीवन कितना नाजुक है और मैं अपनी कहानी को इस तरह समाप्त नहीं करना चाहती थी। मेरे पास जो कुछ था, उसके लिए पर्याप्त आभारी महसूस नहीं करने के लिए मैंने रोया, और फिर भी मैं जो जीवन चाहती थी उसे पाने के लिए पर्याप्त बहादुर नहीं थी।

वास्तविक जीवन में, मैंने नौकरी तलाशने लगी, और एक महान टेक कंपनी के साथ काम करने का मौका पाया। मैंने सोचा शायद, बस अब शायद, हम सब ठीक हो जाएंग। फिर महामारी ने दस्तक दी। अचानक, एक बिल्कुल नई कॉर्पोरेट नौकरी, और एक टूटा हुआ दिल, टाउनहाउस में अलग-थलग, पास में करीबी दोस्तों या परिवार के बिना, मैं दो बच्चों वाली एक तलाकशुदा 50 वर्षीय एकल मां थी।

सबसे पहले, मैंने अपने घबराए हुए दिमाग से तर्क करने की कोशिश की। लेकिन सच कहूं तो मैं पहले से भी ज्यादा डरी हुई थी। मैं एक नया अकेला व्यक्ति थी जो भविष्य के बारे में चिंतित था। अंत में, मैंने फेसबुक पर पोस्ट किया: ''मुझे डर और अकेला महसूस होता है।'' और अचानक बाढ़ के द्वार खुल गए। अब यह सिर्फ दोस्त नहीं थे, बल्कि कई बार जिन लोगों को मैं नहीं जानती थी-मेरी किताबों के पाठक-मेरी दीवार पर जॉर्ज क्लूनी के बारे में चित्र और कहानियां पोस्ट करते थे। ''अरे, क्या आपने देखा कि आपका प्रेमी एएआरपी पत्रिका के कवर पर है? '' / ''एंडी बोरोविट्ज ने अपनी तस्वीर सिर्फ आपके लिए पोस्ट की होगी।'' / '' मैं आपके बारे में सोचे बिना जॉर्ज क्लूनी की फिल्म नहीं देख सकता।''

लोगों ने मेरी और जॉर्ज की फोटोशॉप्ड तस्वीरें लीं। फिल्म के पोस्टर सितारों को जॉर्ज और मेरे साथ बदल दिया गया था। क्लूनी के बारे में एक पाठक ने मीया बुक भेजी। अपने उपन्यास को लिए हुए और एक पुरुष सहकर्मी के बगल में खड़ी मुद्रा में मेरी एक नेशनल प्रेस क्लब की तस्वीर - मेरी और मेरे सेलिब्रिटी क्रश की नकली छवि बन गई।

मुझे उनके जुड़वां बच्चों, उनकी पत्नी, जीक्यू में उनके साक्षात्कार, उनके नेस्प्रेस्सो विज्ञापनों, उनकी टकीला, उनकी सर्जरी, उनके कुएं के बारे में दैनिक संदेश मिलते थे, कि आप इसे नाम दें। हर बार जब उसने कोई कदम उठाया, तो मेरी फेसबुक जाति को मुझे सूचित करना पड़ा। '' जॉर्ज यहां बोस्टन में शूटिंग कर रहे हैं। आओ घूम जाओ!''

बेशक, मुझे संदेश भेजने वाला कोई भी असलियत में विश्वास नहीं करता था कि जॉर्ज और मैं कभी मिलेंगे। तो, यह गहन 'जॉर्ज इज योर बैक' भावना क्या थी जो इंटरनेट की गति से मुझ पर बरस रही थी? फिर यह मुझ पर छा गयी : यह कोविड-19 के काल में प्यार था। मेरी जमात मुझ पर उसी तरह से प्यार बरसा रही थी जिस तरह से वे जानते थे : मुझे उनके पोस्ट, उनके ट्वीट्स, उनके ईमेल, नकली छवियों, किताबों, ग्रंथों के माध्यम से मुझे परिकथाओं में विश्वास रखना सिखाकर। मैंने अपनी शारीरिक पीड़ा को दूर करने के लिए जो कल्पना की थी, वह अब मेरे मस्तिष्क को अकेले महसूस करने की मानसिक थकान से ध्यान हटा रही थी। और यह सिर्फ मुझे प्यार और सांत्वना देने के बारे में नहीं था, मुझे पता है कि पोस्ट पोस्टकर्ताओं की भी मदद कर रहे थे। यह मेरे लिए जितना विचलित करने वाला था, उनके लिए भी यह एक ध्यानभंग था। उन्होंने प्रत्येक पोस्ट में प्यार और विचार डाला - मेरे जन्मदिन की पोस्ट में क्लूनी था, मेरी सुखद पोस्ट में क्लूनी इमोजी प्रतिक्रियाएं थीं।

तब मेरे बड़े बेटे ने जॉर्ज के बारे में सारी पोस्ट पढ़ीं और कहा, ''मां, हमें जॉर्ज क्लूनी की इस सारी सामग्री के बारे में बात करने की जरूरत है।'' सबसे पहले, मुझे बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई, और मैंने एक अप्रिय बातचीत के लिए खुद को तैयार किया। शायद उसे उस मूर्खता पर शर्म आ रही थी जिसमें उसकी मां लिप्त थी। ''मां, आपको वास्तव में किसी और को चुनना होगा। जॉर्ज क्लूनी आपके लिए बहुत बड़े हैं।'' मुझे बहुत जोर से हंसी आई! जॉर्ज सिर्फ वो ध्यानभंग था, जिसकी मुझे दर्द से निपटने के लिए आवश्यकता थी। उन्होंने मुझे और मेरे समुदाय के साथ इस ''भाषा'' को रचकर मुझे ताकत दी। एक तरह से, जॉर्ज वही थे जो डॉक्टर ने आदेश दिया था - यानी ध्यान भंग।

लेखिका अमेरिका स्थित पुरस्कार विजेता है जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के साथ 10 पुस्तकों लिखी हैंऔर न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट के लिए संस्कृति पर आधारित लेख लिखती हैं।

# स्वप्न जैसा अस्तित्व

**अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है कि सपने जैसा अस्तित्व पाने के लिए आवश्यक अवस्था की प्राप्ति हेतु बहुत कुछ करना पड़ता है**



क्या हम सभी एक स्वप्न-समान अस्तित्व का सपना नहीं देखते हैं? मैं भी करता हूँ। लेकिन, फिर, इसे दिवास्वप्न कहा जाएगा, यदि यह उस स्वप्न अवस्था को प्राप्त करने के लिए आवश्यक चीजों से समर्थित नहीं है।

पहला प्रश्न जो हमें स्वयं से पूछना चाहिए, वो यह है कि हम स्वप्न-समान अस्तित्व को क्या मानते हैं और फिर, इस स्वप्न जैसी अवस्था को प्राप्त करने में क्या कठिनाइयां हैं? सबसे पहले, मुझे बहुत दृढ़ निश्चयी होना होगा, मेरी इच्छाशक्ति में कोई भी कमी नहीं होनी चाहिए। इन इच्छाओं को पूरा करना बहुत मुश्किल है, अगर बिल्कुल भी। उनमें से एक भी लंबा क्रम होगा। और मुख्य कठिनाइयों में से एक 'अहंकार' (अहंकार) को छोड़ना होगा। ऐसा करने में शायद ही कोई सफल हो पाता है, क्योंकि 'अहंकार' ही हममें से अधिकांश को परिभाषित करता है।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भगवान कृष्ण ने भगवद गीता में कई बार अहंकार छोड़ने की बात कही है, जिसमें आखिरी बार का 18.58 श्लोक भी शामिल है, जब उन्होंने अर्जुन को नष्ट होने की चेतावनी दी थी, अगर वह इसके प्रभाव में कार्य करना जारी रखता है। भगवान को मदद करनी होती है। ऐसा कोई उपाय नहीं है कि ऐसी इच्छाएं स्वयं पूरी हो सकें। और निश्चित रूप से, हमें उनके योग्य होना होगा।

तो, इस लगभग असंभव लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कोई कैसे आगे बढ़ता है? पहली आवश्यकता परिवर्तन की इच्छा होनी चाहिए। अगर हम जिस तरह से जा रहे हैं, वैसे ही चलते रहते हैं तो हम कभी भी स्वप्न जैसी स्थिति में नहीं जा सकते। बदलना स्वयं को अस्वीकार करना नहीं है, यह स्वयं में सुधार करना है। मेरा विश्वास करें, हम सभी को बेहतर स्थिति में आने के लिए बहुत से बदलाव करने/स्वीकार करने की आवश्यकता है। हमारा दृढ़ संकल्प/इच्छाशक्ति मदद करेगी। अच्छा स्वास्थ्य एक और शर्त है, क्योंकि खराब स्वास्थ्य में आवश्यक 'तपस्या' अकल्पनीय है। इस दिशा में सारे बलिदान किए जाने की आवश्यकता है। हमें कर्तव्यपरायण होना चाहिए, क्योंकि हम सभी कर्तव्यपरायण होने के लिए बनाए गए हैं। ये समय, स्थान और परिस्थितियों से निर्धारित होते हैं और हमेशा हमारी क्षमताओं/योग्यताओं के भीतर रहेंगे। वास्तव में, हम, मनुष्य, केवल कर्तव्यों को करने तक ही सीमित हैं। कुछ भी अधिक नहीं किया जा सकता है

या हमसे अधिक की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

> **भगवान कृष्ण ने भगवद गीता में कई बार अहंकार छोड़ने की बात कही है, जिसमें आखिरी बार का 18.58 श्लोक भी शामिल है, जब उन्होंने अर्जुन को नष्ट होने की चेतावनी दी थी, अगर वह इसके प्रभाव में कार्य करना जारी रखता है। भगवान को मदद करनी होती है। ऐसा कोई उपाय नहीं है कि ऐसी इच्छाएं स्वयं पूरी हो सकें। और निश्चित रूप से, हमें उनके योग्य होना होगा।**

भगवान उन्हें प्यार करता है जो सही ढंग से कर्तव्यपरायण होते हैं। जो कि : मुझे वही करना होगा जो मुझे करना चाहिए। यह रवैया उस हानिकारक अहंकार को भी दूर कर देता है, जो हमें अपने बारे में गलत धारणा देता है। भगवान उनसे भी ज्यादा प्यार करते हैं जो 'धर्म' का पालन करते हैं, जो हम सभी के लिए निर्धारित सीमा का पालन करने के लिए सहमत हैं, अर्थात हमेशा 'मर्यादा' द्वारा निर्देशित होने के लिए।

हमें हर तरह से अच्छा बनना चाहिए, जिसमें अच्छे लोगों की संगति भी शामिल है, और हम जानते हैं कि अच्छा होने का क्या मतलब है। निश्चित रूप से, परिवार के सदस्यों के साथ हमारे संबंध अच्छे हो जाएंगे, क्योंकि हम जो बोते हैं वही काटते हैं। दूसरों को समझना, उनकी सराहना करना, छोटे-मोटे अपराधों को क्षमा करना, दूसरों को अद्वितीय पैकेज के रूप में स्वीकार करना जैसे हम सभी बहुत मदद करेंगे। हमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बहुत सहायता की आवश्यकता है क्योंकि हम जो जानते हैं या जान सकते हैं उसमें हम सीमित हैं। और आध्यात्मिकता के मामले में, हमें भगवद गीता जैसे एक प्रामाणिक ग्रंथ का उल्लेख करना चाहिए ताकि भगवान से दूर न हो, जो कि नितांत आवश्यक है, अगर हमें स्वप्न जैसी स्थिति प्राप्त करनी है। क्यों? क्योंकि वह नियंता है।

आपको लगता है कि आप चुनौती के लिए तैयार हैं? मैं हूं। इसलिए कोशिश कर रहा हूं। मुझे पता है कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मुझे कई जीवन लगेंगे, लेकिन जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ूंगा, मुझे इसकी झलक मिलती रहेगी। क्या आप विश्वास करेंगे कि मेरा डर कम हो गया है? मैं डर को कम किए बिना बहुत बेहतर महसूस करता हूं।

**- बिश्नोई आध्यात्मिक लेखक हैं।**



# राज्य का पुनर्निर्माण



प्रमोद पाठक


शास्त्रीय राजनीतिक सिद्धांत में राज्य शब्द की कई परिभाषाएं हैं। लेकिन मूल अवधारणा यह है कि यह एक समुदाय या समाज है जो किसी दिए गए क्षेत्र के भीतर एक स्वतंत्र सरकार के तहत राजनीतिक रूप से संगठित होता है और उस क्षेत्र पर अपना नियंत्रण रखता है। देश भी एक राज्य के विचार के अंतर्गत आता है और इसे एक वैध प्राधिकरण द्वारा शासित माना जाता है। हालांकि, वैधता कुछ तर्कसंगत कानूनी साधनों के माध्यम से हासिल की जाती है। राज्य को अपने मामलों के व्यवस्थित व उचित प्रबंधन के लिए बनाई गई मशीनरी खरीदने के लिए शासित किया जाता है। सुव्यवस्थित कामकाज की बुनियादी शर्तें कानूनी, सामाजिक और नैतिक संहिताएं हैं, जिन्हें शासन के ढांचे में निहित किया गया है जिसे संविधान कहा जाता है। इस प्रकार राज्य एक स्वतंत्र, उद्देश्यपूर्ण व उत्तरदायी मशीनरी द्वारा संचालित सत्ताधारी इकाई है जिसमें मनुष्य शामिल हैं। मूल दो शब्दों में है - उत्तरदायी और मानव। संवेदनशील होना और इंसान होना एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यदि राज्य तंत्र उत्तरदायी है तो वह स्वाभाविक रूप से दिल, दिमाग और आत्मा वाला मानव होगा। दिमाग वस्तुनिष्ठता, हृदय भाव और आत्मा को नैतिकता देता है।

तीनों का संयोजन मशीनरी को उत्तरदायी बनाता है। यह मशीनरी एक नौकरशाही द्वारा चलाई जाती है जो राज्य का मुख्य तंत्र है। यह उपकरण बाहरी प्रभावों व पूर्वाग्रहों से मुक्त, स्वतंत्र और तटस्थ माना जाता है। प्रबंधन सिद्धांत में, नौकरशाही तंत्र की स्वतंत्रता और तटस्थता के बारे में संदेह उठाया गया है और नौकरशाही का वर्णन करने के लिए नौकरशाही शब्द दिया गया है जो तटस्थ और स्वतंत्र नहीं है। यह मैक्स वेबर थे जिन्होंने सबसे पहले नौकरशाही के विचार को एक राज्य की सरकार चलाने के लिए एक उपकरण के रूप में देखा था। लेकिन वह इस बात से बेखबर थे कि नौकरशाही नियत समय में ब्यूरोपैथिक प्रवृत्तियों को प्राप्त कर सकती है। इस पृष्ठभूमि में यह जांच करने की जरूरत है कि इस तंत्र की स्थिति क्या है। सिर्फ भारत में ही नहीं, कहीं और भी। कई गंभीर पर्यवेक्षकों के लिए राज्य को अनुचित और पक्षपातपूर्ण बनाने के लिए ब्यूरोपैथिक प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। हालांकि राज्य को निष्पक्ष व उत्तरदायी बनाने के लिए ई-गवर्नेंस की शुरुआत की गई थी, लेकिन चीजों में ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। बल्कि, इसने और अधिक कठोर होने का कारण दिया है।

जवाबदेही मानवता का एक गुण है और तकनीक तभी मदद कर सकती है जब मानवीय तत्व निष्पक्ष हो। लेकिन यदि तकनीक इंसानों को चलाती है, तो फ्रेंकस्टीन जैसा राक्षस बनने वाला है। फेसलेस का मतलब हेडलेस और हार्टलेस होना नहीं है। यह वही है जो अत्यधिक तकनीकी हस्तक्षेप बन गया है। मानवीय हस्तक्षेप को प्राथमिक भूमिका दी जानी चाहिए। लेकिन डिजिटलीकरण की हड़बड़ी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अत्यधिक हस्तक्षेप ने व्यवस्था को अलग व उदासीन बना दिया है। यह समय स्थिति का जायजा लेने और प्रौद्योगिकी को वही रहने देने का है, जो वह है। यानी एक सहायता, मनुष्यों का विकल्प नहीं। लेकिन हो क्या रहा है कि तकनीक इंसानों की जगह लेती जा रही है। डिजिटलीकरण का उद्देश्य जवाबदेही होना चाहिए। विश्वास और सशक्तिकरण दो प्रमुख अवधारणाएं हैं जो डिजिटलीकरण को अपने उद्देश्य हासिल करने में मदद कर सकती हैं। भारत जैसे देश के लिए, जहां भौतिक और मनो-सामाजिक पारिस्थितिकी तंत्र अभी भी प्रारंभिक चरण में है, डिजिटलीकरण को धीरे-धीरे तेज करना होगा। और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि डिजिटलीकरण डेटा, सोशल मीडिया और नेटफ्लिक्स के बारे में नहीं है। यह बिल्कुल अलग चीज है। एक उत्तरदायी राज्य निर्मित करने के लिए, जो लाभ प्रदान करता है, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि डिजिटल इंटरफेस, सिस्टम में एल्गोरिथम के आदेशों का आंख मूंद करके पालन करने के बजाय उसे अधिक सुनने का अवसर देता है। मनुष्य को मशीन चलाने दें, न कि मशीन मनुष्य को।

**- पाठक प्रबंधन-प्रोफेसर, लेखक और एक प्रशंसित सार्वजनिक वक्ता हैं।**

## संक्षिप्त समाचार



### गोल्फ: हनाह ने जीता खिताब, अदिति 21वें स्थान पर रहीं

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को यहां अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैम्पियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की। लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। आस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

### विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स में हिमाचल के छह एथलीट हिस्सा लेंगे

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के छह अनुभवी एथलीट 13 से 25 अगस्त तक स्वीडन के गोथेनबर्ग में होने वाली विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शिरकत करेंगे, जिसमें लंबी दूरी के धावक हमीरपुर के सुरिंदर सिंह देहल भी शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष रिपुदमन कौशिक ने रविवार को कहा, यह राज्य के लिए खुशी की बात है। हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने 13 से 17 फरवरी तक पुणे में आयोजित 44वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ने अच्छा प्रदर्शन किया और आठ पदक जीते। देहल (10,000 मीटर) और अश्विनी कुमार शर्मा (1500 मीटर और 2000 मीटर स्टीपलचेस, 800 मीटर) 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हरीश कुमार (त्रिकूद), द्वारिका ठाकुर (1500 मीटर और 5000 मीटर), बृजलाल ठाकुर (100 मीटर और 300 मीटर बाधा दौड़) का चयन 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए किया गया है। चक्का फेंक, भाला फेंक और गोला फेंक में हिस्सा लेने वाले भीषण सिंह चौहान 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी चीन में सातवें स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी प्रियंका गोस्वामी ने रविवार को चीन के ताईकांग में चाइनीज रेस वाकिंग ग्रां प्री की 20 किमी स्पर्धा में विदेश में अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर सातवां स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में गोल्ड स्तर की इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्तर की एथलीट हिस्सा ले रही थीं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी गोस्वामी ने एक घंटे 29 मिनट और 48 सेकेंड का समय निकाला। यह देश के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ समय है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2021 में 1:28:45 सेकेंड रहा था। ताइकांग में पैदल चाल स्पर्धा की कुछ शीर्ष एथलीट हिस्सा ले रही थी। शीर्ष छह में चीन की पांच एथलीट शामिल रहीं। हांगझोउ एशियाड की रजत पदक विजेता झेनजिया एमए ने 1:26:07 सेकेंड के समय से खिताब जीता।

# हिमांशु के शतक से मप्र मजबूत

## विदर्भ के खिलाफ हासिल की 82 रन की अहम लीड

एजेंसी। नागपुर

**हिमांशु** मंत्री ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन विदर्भ के खिलाफ धैर्य और तकनीक का शानदार सामंजस्य दिखाते हुए शतक जड़ा जिससे मध्यप्रदेश ने अपनी पहली पारी में 252 रन बनाए।

हिमांशु ने 265 गेंद की पारी में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 126 रन बनाए। मौजूदा सत्र में उनके तीसरे शतक से मध्यप्रदेश ने पहली पारी में 82 रन की अहम बढ़त हासिल की। पहली पारी में 170 रन बनाने वाले विदर्भ ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में अथर्व तायडे का विकेट गंवाकर 13 रन बना लिए हैं। विदर्भ की टीम अब



भी 69 रन से पीछे है।

हिमांशु की पारी के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम में उनके बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर 30 रन सारांश जैन के नाम था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 47 रन से आगे से की। कल के नाबाद बल्लेबाज हिमांशु और हर्ष गवली ने दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को एक विकेट पर 81 रन तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज यश ठाकुर (51 रन पर तीन विकेट) ने गवली की 25 रन की पारी को खत्म कर इस साझेदारी को तोड़ा। मध्यप्रदेश ने इसके बाद 12 रन के अंदर दो और विकेट गंवा दिए। अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव (40 रन पर तीन विकेट) ने कप्तान शुभम शर्मा को यॉर्कर पर बोल्ड किया जबकि ठाकुर ने वेंकटेश अय्यर (शून्य) को पगबाधा किया।

हिमांशु को इसके बाद सागर सोलंकी (25) और जैन का अच्छा साथ मिला। हिमांशु ने सोलंकी के साथ 42 जबकि जैन के साथ 73 रन की साझेदारी कर मैच में मध्यप्रदेश की वापसी कराई।

# शार्दुल का शतक, मुंबई ने ली बड़ी बढ़त

### 106 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद तमिलनाडु के खिलाफ चैंपियन टीम ने की वापसी

एजेंसी। मुंबई

**शार्दुल** ठाकुर की 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आर साई किशोर के छह विकेट के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई जिससे मुंबई ने रविवार को यहां रणजी ट्राफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली।

मुंबई ने एक समय 106 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद ठाकुर ने महज 104 गेंद में 13 चौके और चार छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने नौ विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे जिसमें



साई किशोर ने उसके छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह दो विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। इसके बाद श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर छह विकेट) ने मुंबई के पांच विकेट झटके दिए। अय्यर (03) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी। लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के प्रत्एक गेंदबाज पर दबाव बनाया और महत्वपूर्ण साझेदारी की बदौलत मुंबई को बढ़त दिलाई। ठाकुर ने हार्दिक तमोर (35 रन) के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी के बाद कोटियान के साथ नौवें विकेट के लिए 79 रन की भागीदारी की।

ठाकुर ने इच्छानुसार रन जुटाए और गेंद को सीमारेखा पार कराने का एक भी मौका नहीं छोड़ा जिससे इस दौरान उन्होंने छक्के से सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक भी जड़ दिया। हालांकि वह इस दौरान टखने संबंधित समस्या से परेशान रहे और अंत में तीसरे सत्र में कुलदीप सेन (65 रन देकर दो विकेट) का शिकार हुए। इससे पिछले मैच में शानदार उपलब्धि अपने नाम कर चुकी कोटियान और तुषार देशपांडे की जोड़ी फिर से एक साथ क्रीज पर मौजूद थी। पिछले मैच में 10वें विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी निभाने वाले कोटियान और देशपांडे ने फिर 10वें विकेट के लिए नाबाद 63 रन जोड़ लिए हैं।

# पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत

## लियोन ने कीवी टीम को अपनी फिरकी में फंसाया, चटकाए दस विकेट

### 369 रन के लक्ष्य के आगे 196 रन पर ढेर हुई न्यूजीलैंड

एजेंसी। वेलिंगटन

**ऑफ** स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और उसकी पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट हासिल किए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली थी।



न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके अपनी उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और इसतरह से उसकी कुल बढ़त 368 रन की हो गई थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का अपना पहला विकेट लिया। रविंद्र ने अतिरिक्त उछाल लेती गेंद पर कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने इसके बाद अपने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (01) को पगबाधा आउट किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके अपने करियर में एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (07) भी लंच से पहले पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दूसरा टेस्ट मैच 8 मार्च से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

**आस्ट्रेलिया से टेस्ट हारने के बाद न्यूजीलैंड को लगा झटका**

# डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा भारत

एजेंसी। दुबई

**दो** बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत,




तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है। ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।



### टाइगर वुड्स को बॉब जोंस पुरस्कार

**फार हिल्स (अमेरिका)।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है। वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने बयान में कहा, बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज विल के सिर में फिर चोट लगी

एजेंसी। होबार्ट

**ऑस्ट्रेलियाई** बल्लेबाज विल पुकोवस्की को रविवार को यहां तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में विक्टोरिया की तरफ से खेलते हुए सिर में चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पुकोवस्की ने तब खाता भी नहीं खोला था जब रिले मेरडिथ का बाउंसर उनके हेलमेट पर लगा। यह केवल दूसरी गेंद थी जिसका वह सामना कर रहे थे। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले भी कई बार सिर में चोट लगने के कारण कनकसन (हल्की बेहोशी की स्थिति) का शिकार बन चुका है। मेरडिथ की उठती हुई गेंद उनके हेलमेट के बाएं हिस्से में लगी। पुकोवस्की चोट लगने के बाद घुटनों के बल बैठ गए। उन्हें तुरंत ही चिकित्सा मदद मुहैया कराई



गई। इसके बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। उनकी जगह टीम में कैंपबेल कलावे को स्थानापन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया।

क्रिकेट विक्टोरिया के प्रवक्ता ने कहा, पुकोवस्की अभी चिकित्सकों की निगरानी में है। हम उचित समय पर उनकी स्थिति की जानकारी देने का प्रयास करेंगे। इस साल जनवरी में भी पुकोवस्की के सिर में चोट लगी थी। इससे उबरने के बाद उन्होंने पिछले महीने सिडनी में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ मैच में 131 रन बनाए थे।

### प्रवीण चित्रावेल का निराशाजनक प्रदर्शन

**ग्लास्गो।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण चित्रावेल अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाए और यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.45 मीटर की छलांग लगाकर 11वें स्थान पर रहे। इस 22 वर्षीय एथलीट के नाम पर 17.37 मीटर के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है लेकिन वह उसे दोहराने में नाकाम रहे। प्रवीण ने पहले प्रयास में 15.76 मीटर कूद लगाई। इसके बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन में कुछ सुधार किया तथा दूसरे और दूसरे प्रयास में क्रमश: 16.29 और 16.45 मीटर कूद लगाई।

दिलचस्प बात यह है कि चित्रावेल का यह सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बुर्किनाबे के ह्यूजेस फैब्रिस जैंगो (17.53 मीटर), अल्जीरिया के यासर मोहम्मद त्रिकी (17.35 मीटर) और पुर्तगाल के टियागो परेरा (17.08 मीटर) पहले तीन स्थान पर रहे।

# फॉरेस्ट को हराकर लिवरपूल ने बढ़त बनाई

### इंग्लिश प्रीमियर फुटबॉल लीग में नुनेज ने इंजरी टाइम में किया हेडर गोल

एजेंसी। लंदन

**लिवरपूल** ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज के इंजरी टाइम के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली।

लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर चार अंक की बढ़त बना ली है।



मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

# मिनौर ने लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन का खिताब जीता

## फाइनल में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने कैस्पर रूड को दी शिकस्त

एजेंसी। अकापुल्को (मैक्सिको)

**ऑस्ट्रेलिया** के एलेक्स डी मिनौर ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने यहां अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया



का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के खिताबी मुकाबले में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

### सैन डिएगो ओपन: कोस्ट्युक और बौल्टर के बीच होगी खिताबी जंग



**सैन डिएगो।** यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

# क्राइस्ट चर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

एजेंसी। वेलिंगटन

**तेज** गेंदबाज विल ओ रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है।

मेजबान टीम को रविवार को यहां दो मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में 172 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था।

दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। साउथी ने कहा, हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अभी तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि



अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा, अगर विल चोटिल रहता है तो हमें स्पष्ट रूप से आगे बढ़ना होगा और निर्णय लेना होगा कि टीम में कौन आएगा।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने वैगनर को संन्यास से वापस आने का समर्थन किया। उन्होंने कहा, अगर ऐसा हुआ तो यह दुनिया का सबसे छोटा संन्यास होगा। मेरा मतलब है, क्यों नहीं? यदि वह आपका अगला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है और आपको लगता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा, तो ऐसा कर सकते है।